ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● वैशाख कृष्ण पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 07 अप्रैल 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-171 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

दीया मिर्जा ने यूएन की डॉक्यूमेंट्री ... पेज 10 पर



# शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो नहीं रहे

## जगरनाथ महतो का राजनीतिक सफर



हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में शिक्षा मंत्री रहे जगरनाथ महतो डुमरी सीट से विधायक थे। जगरनाथ महतो ने 2019 के चुनाव में भी डुमरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। उन्होंने भाजपा के लालचंद महतो को 32481 मतों से पराजित किया था। डुमरी विधानसभा क्षेत्र झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का गढ़ माना जाता है। झामुमो के जगरनाथ महतो ने यहां से 2005, 2009, 2014 और 2019 में जीत हासिल की थी। इस सीट से लगातार तीन बार विधायक बनने वाले वे एकमात्र नेता थे। नावाडीह प्रखंड के अलारगो के सिमराकुल्ही गांव के रहनेवाले जगरनाथ महतो मैट्रिक तक शिक्षा हासिल की थी। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1990 में की थी। उन्होंने यहां के विधायक रहे शिवा महतो के सहयोगी के रूप में काम किया था। उन्होंने पहली बार 2000 में समता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था लेकिन हार गये थे।

## महतो का पार्थिव शरीर आज पहुंचेगा रांची

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर सात अप्रैल को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंचेगा। वहां से महतो के पार्थिव शरीर को झारखंड विधानसभा ले जाया जाएगा। इसके बाद हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय (कैम्प) में जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर, अंतिम दर्शन एवं श्रद्धांजलि के लिए लाया जाएगा। यह जानकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने दी।

## मुख्यमंत्री समेत माननीयों ने जताया शोक

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा है कि हमारे टाइगर जगरनाथ दा नहीं रहे। आज झारखंड ने महान आंदोलनकारी, जुझारू, कर्मठ व जनप्रिय नेता खो दिया। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुख की यह घड़ी सहन करने की शक्ति दे। विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने जगरनाथ महतो के निधन पर दुख प्रकट किया है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर दुख जताया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा है कि ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जगरनाथ दा का जाना उनकी निजी क्षति है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जगरनाथ महतो के निधन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि आज हम सभी ने अपना अभिभावक, झारखंड ने एक आंदोलनकारी और राज्य की जनता ने एक लोकप्रिय नेता खो दिया। उन्होंने एक अभिभावक के रूप में हमेशा हमें मार्गदर्शन दिया। कोरोना काल में उनके कार्य कुशलता ने हम सभी को प्रोत्साहित किया। खुद कोरोना पॉजिटिव होने के बाद भी उन्होंने कभी भी हार नहीं मानी और लड़ते रहे। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहाः झारखंड सरकार के मंत्री जगरनाथ महतो के चेन्नई के अस्पताल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का गुरुवार सुबह 6:30 बजे चेन्नई के अस्पताल में निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे। उनकी तबीयत बिगड़ने पर 14 मार्च को दोबारा एयरलिफ्ट कर उन्हें इलाज के लिए रांची से चेन्नई ले जाया गया था। पहले कोरोना काल में वह कोरोना की चपेट में आ गए थे। तब उनका लंग्स ट्रांसप्लांट किया गया था। करीब एक साल ठीक रहने के बाद फिर से उनकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद 14 मार्च को एयरलिफ्ट कर उन्हें चेन्नई ले जाया गया था। जगरनाथ महतो के असामयिक निधन से झारखंड के राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, निर्दलीय विधायक सरयू राय समेत विभिन्न राजनीतिज्ञों ने जगरनाथ महतो के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

**पिछली बार चार महीने तक चला था इलाज :** पिछले साल सितंबर 2022 में भी शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की तबीयत बिगड़ी थी। इसके बाद उनकी कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आयी थी। करीब एक महीने तक रांची में उनका इलाज चला था। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर 19 अक्टूबर 2022 को उन्हें एयर एंबुलेंस से चेन्नई ले जाया गया था। चेन्नई में उन्हें एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 28 अक्टूबर को अस्पताल की तरफ से एक मेडिकल बुलेटिन जारी किया गया था, जिसमें उनके फेफड़ों में कोई सुधार नहीं दिखा। तब डॉक्टरों ने लंग्स ट्रांसप्लांट करने का निर्णय लिया। 10 नवंबर को जगरनाथ महतो का लंग्स ट्रांसप्लांट किया गया। 11 जनवरी को उन्हें आईसीयू से जनरल वॉर्ड में शिफ्ट किया गया था।

**कैबिनेट की बैठक स्थगित :** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त किया है। जगरनाथ महतो के निधन की खबर के बाद आज होने वाली कैबिनेट की बैठक स्थगित कर दी गयी है। इस बाबत मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने सूचना जारी कर दी है।

**दो दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा :** राज्य सरकार ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग व उत्पाद विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर दो दिनों (गुरुवार और शुक्रवार) का राजकीय शोक रहेगा। इस दौरान सभी भवनों, जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, वहां राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार का राजकीय समारोह नहीं होगा। इसके साथ राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि छह अप्रैल को राज्य के सभी कार्यालय बंद रहेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग की ओर से यह अधिसूचना ज्वाइंट सेक्रेटरी अखिलेश कुमार सिन्हा के हस्ताक्षर से जारी की गयी है।

## शिक्षा मंत्री के निधन का समाचार अत्यन्त दुःखद : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक जताया है। राज्यपाल ने कहा कि मंत्री के निधन का समाचार अत्यन्त दुखद और पीड़ादायक है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनके परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



जगरनाथ महतो का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। महतो झारखंड आंदोलन के समय हमारे सहयोगी थे। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, कार्यशैली, दूरदर्शिता तथा कुशल नेतृत्व प्रत्येक अवसर पर परिलक्षित होती थी। अपने संघर्ष , कर्तव्य निष्ठा, सादगी और विचारों की स्पष्टता के कारण उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। उनके निधन से झारखंड की राजनीति का एक अध्याय समाप्त हो गया। आने वाली राजनैतिक पीढ़ी को उनके लंबे राजनैतिक जीवन से सीख प्राप्त होगी। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्मा को चिरशांति प्रदान करें तथा उनके परिवार एवं शुभचिंतकों को इस दुःख में खुद को संभालने की शक्ति प्रदान करें।

**– शिबू सोरेन, अध्यक्ष, झारखंड मुक्ति मोर्चा**



शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन का बहुत ही दुःखद समाचार मिला। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिजनों और चाहने वालों को यह पीड़ा सहन करने की शक्ति दें।

**– अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री**

## नियति को भी टाइगर होने का एहसास कराया : हेमंत सोरेन



आज सुबह जब राजनीतिक योद्धा और संघर्ष के प्रतीक जगरनाथ दा के निधन की खबर मिली तो मैं निः शब्द होने के साथ मर्माहत हो उठा। जगरनाथ दा इस सरकार में मंत्री के साथ-साथ मेरे बड़े भाई और एक ऐसे अभिभावक की भूमिका में थे, जो गलतियां होने पर डांट भी लगा देते थे और कभी पीठ भी थपथपा देते थे। टाइगर के नाम से मशहूर जगरनाथ दा ने अपने संघर्ष, कर्तव्य निष्ठा, सादगी और विचारों की स्पष्टता के कारण अपनी खास और अलग पहचान बनाई। निर्धारित लक्ष्य हर हाल में हासिल करने की उनकी जिद से मैने बहुत कुछ सीखा। कई बार विषम परिस्थितियों में उनके सलाह, विचार और हौसला आफजाई ने हिम्मत दी और लड़ने का जज्बा दिया। जगरनाथ दा को यूं ही टाइगर नही कहा जाता था। कोरोना काल में गंभीर रूप से ग्रसित होने के बावजूद उन्होंने नियति से लंबी लड़ाई लड़ी और जीत कर अपने टाइगर होने को चरितार्थ कर दिखाया। लेकिन, आखिरकार हुआ वही जो नियति को मंजूर था। जगरनाथ दा जैसे व्यक्तित्व की कमी की भरपाई करना संभव नहीं है। उनकी कमी जीवन भर खलेगी। उनकी शिक्षा, उनका ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



जगरनाथ महतो एक बहुत ही सुलझे हुए और सम्माननीय नेता थे। कोरोना काल के समय से ही उनकी तबीयत खराब रहने लगी थी। इसके बावजूद वह अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते रहे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। साथ ही इस दुख की घड़ी में ईश्वर उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

**– संजय सेठ, सांसद, रांची**



जगरनाथ महतो एक कुशल आंदोलनकर्ता, समाजसेवी और राजनेता थे। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति एवं परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

**– तेजस्वी यादव, डिप्टी सीएम, बिहार सरकार**

## NEWS इन ब्रीफ

### कनीय अभियंता घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के पसंदा स्थित ग्राम प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित कनीय अभियंता सुजीत कुमार राणा को एसीबी ने 15000 घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गांव के तालाब में स्नान घाट निर्माण योजना के बिल भुगतान के एवज में परेस सोरेन से ?40000 घूस मांगी जा रही थी। सुजीत कुमार राणा ने पहली किस्त में ?15000 मांगा। इसकी शिकायत परेस सोरेन ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को लिखित आवेदन देकर किया था। जांच में मामला सही पाया गया। एसीबी ने जाल बिछाया और अभियंता सुजीत कुमार राणा को गिरफ्तार कर लिया है।

### राज्यपाल ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में भेंट कर राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, आवास इत्यादि योजनाओं की स्थिति के संदर्भ में अवगत कराया। उन्होंने राज्य में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में विकासात्मक गतिविधियों एवं सुरक्षा के सन्दर्भ में भी जानकारी दी। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राज्य में उच्च शिक्षा के विकास के लिए निर्मित रोडमैप से अवगत कराया। साथ ही राज्य के हवाई और रेल नेटवर्क-कनेक्टिविटी के विस्तार पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने राज्य के समग्र विकास के लिए सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया।

### 27 राज्यों में 260 से ज्यादा जिले कर रहे पोषणयुक्त चावल का वितरण : सरकार

**नई दिल्ली।** खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने गुरुवार को कहा कि 27 राज्यों के कुल 269 जिलों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पोषणयुक्त चावल का वितरण शुरू कर दिया है और मार्च 2023 तक दूसरे चरण का निर्धारित लक्ष्य 100 प्रतिशत हासिल कर लिया है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चोपड़ा ने कहा कि दूसरे चरण में लगभग 105 लाख मीट्रिक टन पोषणयुक्त चावल उठाया गया, जिसमें पीडीएस चावल वितरण के लिए 27 राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा, इसके अलावा राज्यों द्वारा लगभग 29 लाख मीट्रिक टन पोषणयुक्त चावल उठाया गया, साथ ही दूसरे चरण में एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) और पीएम पोशन कार्यक्रम के लिए इस प्रकार 2022-23 में उठाए गए पोषणयुक्त चावल की कुल मात्रा 134 लाख मीट्रिक टन है। अब, तीसरे चरण के तहत विभाग मार्च 2024 की लक्षित तिथि से पहले गेहूं की खपत वाले जिलों को छोड़कर शेष सभी जिलों के कवरेज को पूरा करने के लिए तैयार है।

### रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 07 अप्रैल को संध्या 6:14 और सेहरी का समय 08 अप्रैल को सुबह 4:25 मिनट में

## आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस के मिश्रण की हो सकती है सिफारिश

# साल में दो बार हो सकती हैं बोर्ड परीक्षाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**



स्कूली शिक्षा और उसमें भी खासतौर पर बोर्ड परीक्षा में बड़ा बदलाव हो सकता है। केंद्र सरकार द्वारा गठित नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ) का विशेषज्ञ पैनल साल में दो बार बोर्ड परीक्षा और 12वीं कक्षा के लिए एक सेमेस्टर प्रणाली का पक्षधर है। एनसीएफ के अनुसार बोर्ड परीक्षाओं का एक नहीं बल्कि वर्ष में कम से कम दो बार आयोजन किया जाना चाहिए। एनसीएफ यह भी सिफारिश कर सकता है कि छात्रों को इस बात की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए कि वे किस विषय की परीक्षा पहले और किस विषय की परीक्षा दूसरी बार होने वाले एग्जाम में देना चाहते हैं। यानी छात्र अपनी सुविधा अनुसार उन परीक्षाओं में पहले शामिल हो सकेंगे जिनकी तैयारी उनके द्वारा की जा चुकी है। यह पैनल विभिन्न स्कूल बोडरें में कक्षा 11 और 12 में आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस को अलग करने वाली प्रक्रिया की बजाए साइंस और ह्यूमैनिटीज के मिश्रण की भी सिफारिश कर सकता है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन की अगुआई में 12 सदस्यीय संचालन समिति द्वारा तैयार की जा रही सिफारिशों को अपनाने के बाद परीक्षाओं की संरचना में एक बड़ा बदलाव होगा। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के चार स्टेज हैं। इनमें फाउंडेशन, प्रीप्रेट्री, मिडिल और सेकेंड्री स्टेज शामिल हैं। सेकेंड्री स्टेज यानी कक्षा 9 से कक्षा 12 के लिए एनसीएफ को लागू किए जाने पर फिलहाल कोई आधिकारिक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# जमशेदपुर में पत्नी, दो बच्चियों व लेडी टीचर के हत्यारे को फांसी की सजा

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर की जिला अदालत ने पत्नी, दो बच्चियों और ट्यूशन टीचर की हत्या के आरोपी शहर के कदमा निवासी दीपक कुमार को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई है। यह वारदात 12 अप्रैल 2021 को कदमा थाना अंतर्गत तीस्ता रोड स्थित क्वार्टर नंबर 97-99 में हुई थी। घटना के दिन दीपक ने अपनी पत्नी पत्नी वीणा देवी के सिर पर हथौड़ी से कई जोरदार प्रहार किए। वह बेहोश हो गई। इसके बाद तकिया से मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। 15 वर्षीय बेटी श्रावणी कुमारी उर्फ दीया और सात वर्षीय छोटी बेटी शानवीकी भी पत्नी की तरह हत्या कर दी थी। छोटी बेटी को ट्यूशन पढ़ाने के लिए 11 बजे जब शिक्षिका रिंकी घोष घर पर आ गई थी तो दीपक ने चाकू का भय दिखा कर शिक्षिका से कहा कि शाम छह बजे तक उसकी स्कूटी उसे चाहिए तब तक कमरे में रहने की धमकी दी। चाकू देखते ही शिक्षिका शोर मचाने लगी थी। इधर-उधर भागने लगी। वह उस कमरे की ओर चली गई जहां पत्नी और बच्चों का शव पड़ा था। शिक्षिका यह देख हतप्रभ रह गई। दीपक को लगा कि अब वह फंस जाएगा। टेप से शिक्षिका के हाथ बांध दिए। मुंह में टेप सटा दिया और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव के साथ दुष्कर्म किया। मृतका वीणा कुमारी के भाई विनोद कुमार ने बताया कि शाम करीब 4 बजे वह अपनी बहन के घर आया तो दरवाजे पर ताला लगा हुआ था, जबकि अंदर एसी चल रहा था। ताला तोड़कर वह घर में घुसा तो बिस्तर पर अपनी बहन और दोनों भांजी की लाश पड़ी देखी। बगल के कमरे में शिक्षिका रिंकी घोष की लाश पड़ी मिली। घटना को अंजाम देने के बाद वह अपनी बुलेट से राउरकेला गया था, जहां से कैब बुक कर वह धनबाद भाग गया। पुलिस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## हनुमान जयंती

## 2024 में भाजपा को कोई हरा नहीं सकता : मोदी

# पीएम बोले : हनुमान जी की प्रेरणा से कर रहा हूं काम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा स्थापना दिवस पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हनुमान जयंती के अवसर पर बजरंग बली को याद करते हुए कहा कि हनुमान जी का जीवन आज भी भारत की विकास यात्रा में प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा भी हनुमान जी की प्रेरणा से काम कर रही है और लोगों ने अभी से यह कहना शुरू कर दिया है कि 2024 में भाजपा को कोई नहीं हरा सकता, यह बात सही भी है। हनुमान जयंती का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने विरोधी दलों पर भी जमकर निशाना साधते हुए कहा कि, जब हनुमान जी को राक्षसों का सामना करना पड़ा था तो वो उतने ही कठोर भी हो गए थे। इसी प्रकार से जब भ्रष्टाचार की बात आती है, जब परिवारवाद की बात आती है, कानून व्यवस्था की बात आती है तो भाजपा उतनी ही संकल्पबद्ध हो जाती है।



भारतीय जनता पार्टी के 44वें 'स्थापना दिवस' पर देश के 10 लाख 72 हजार 945 स्थानों पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओ को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हम देश के कोने-कोने में भगवान हनुमान जी की जयंती मना रहे हैं। हनुमान जी का जीवन और उनके जीवन के प्रमुख प्रसंग आज भी हमें पुरषार्थ के लिए प्रेरित करते हैं। भारत की विकास यात्रा के लिए प्रेरणा देते हैं। कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो नहीं होय तात तुम्ह पाही' यानी ऐसा कोई भी काम नहीं है जो पवन पुत्र हनुमान कर नहीं सकते। जब लक्ष्मण जी पर संकट आया तो पूरा पर्वत ही उठा लाए। भाजपा भी इसी प्रेरणा से परिणाम लाने में लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करती रही है, करते रहना है, करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हनुमान जी के पास असीम शक्ति है लेकिन इस शक्ति का इस्तेमाल वो तभी कर पाते हैं जब स्वयं पर से उनका संदेह समाप्त हो जाता है। 2014 से पहले भारत की भी यही स्थिति थी, लेकिन आज भारत बजरंगबली जी की तरह अपने भीतर सूक्त शक्तियों का आभास कर चुका है। आज भारत समंदर जैसी विशाल चुनौतियों को पार करने और उनका मुकाबला करने में पहले से ज्यादा सक्षम है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस समेत तमाम विरोधी दलों पर निशाना साधते हुए पार्टी कार्यकताओं से दो अहम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# चीन भारतीय पत्रकारों की उपस्थिति को सुविधाजनक बनाएगा : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चीन द्वारा दो भारतीय पत्रकारों का वीजा 'फ्रीज' करने के फैसले के बाद पैदा हुए ताजा विवाद में नई दिल्ली ने गुरुवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि बीजिंग के अधिकारी एशियाई देश में उसके पत्रकारों की उपस्थिति जारी रखने में मदद करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, ऐसे चीनी पत्रकार हैं जिनके पास पत्रकारिता गतिविधियों को करने के लिए वैध भारतीय वीजा है। इसलिए उस धष्टिकोण से, मुझे रिपोर्टिंग या मीडिया कवरेज करने में कोई सीमा या कठिनाई नहीं दिखती है। यह कहते हुए कि भारत इस संबंध में चीनी अधिकारियों के संपर्क में है, बागची ने कहाः जहां तक चीन में काम करने वाले भारतीय पत्रकारों का संबंध है, हम आशा करते हैं कि चीनी अधिकारी चीन से उनकी निरंतर उपस्थिति और रिपोर्टिंग की सुविधा प्रदान करेंगे। द हिंदू अखबार के संवाददाताओं और राज्य प्रसारक प्रसार भारती को मंगलवार को बताया गया कि उनके वीजा फ्रीज कर दिए गए हैं। इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन के पत्रकारों के साथ लंबे समय से भारत में गलत व्यवहार किया गया है, यह कहते हुए कि शिन्हुआ पत्रकार को हाल ही में 31 मार्च तक भारत ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

## लाभुकों पर सर्टिफिकेट केश दर्ज : बीडीओ

**विश्रामपुर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत हेंब्रम ने गुरूवार को प्रखंड अंतर्गत सभी दस पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को निर्देश देते हुए कहा कि वैसे लाभुक जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना कि राशि निकाल कर अब तक आवास निर्माण नहीं कराया है। उन पर सर्टिफिकेट केश दर्ज करते हुए थाने ने एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। साथ ही उनसे राशि रिकवरी भी की जायेगी। इसलिए जिन लाभुकों को आवास का पैसा दिया गया है वे लाभुक तथा शीघ्र अपना आवास पूर्व करायें।

## उंटारी रोड मंडल में स्थापना दिवस मनाया गया

**उंटारी रोड।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर उंटारी रोड मंडल में स्थापना दिवस मनाया गया। पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया जिसमें संकल्प लिया गया कि मेरा परिवार भाजपा परिवार के स्लोगन के साथ हर घर में भाजपा का झंडा लगाना है और अपने अपने घर पर कमल फूल का चित्र बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर ने की।

## दो बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति घायल

**विश्रामपुर।** पांडू मुख्य पथ पर खुंटी सोत नदी तट पर दो बाइक की आमने सामने टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। जिनकी पहचान ओडिहा निवासी 59 वर्षीय त्रिपुरारी पाण्डेय के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिपुरारी पाण्डेय विश्रामपुर में स्थापित डाकघर में असिस्टेंट पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत हैं। इन्हें स्थानीय लोगों ने विश्रामपुर सीएचसी ने लाकर भर्ती कराया। जहां चित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतू 108एंबुलेन्स की मदद से एमएमसीएच मेदिनीनगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## कला जत्था टीम ने कई कार्यक्रम पेश किये

**सतबरवा ।** प्रखंड के कसियाडीह राजकीयकृत मध्य विद्यालय के कैंपस में ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के कला जत्था टीम के द्वारा गुरुवार को विद्यालय के बच्चों, शिक्षक एवं उनके अभिभावकों के बीच कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कलाकारों के द्वारा सबसे पहले 3 गीत प्रस्तुत करने के बाद कलाकारों के द्वारा ,कई जादू का खेल दिखाया गया । छात्रों ने जादू का मजा खूब उठाया । इस मौके पर ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने बताया कि जादू में, कोई मंत्र या जादू का प्रभाव नहीं रहता है, बल्कि जादू एक कला है और कोई भी व्यक्ति इस कला को सीख कर जादू दिखा सकता है। इसमें कोई जादू टोना नहीं होता है, साथ ही इन्होंने अंधविश्वास मिटाने पर जोर दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद प्रसाद ने, सभी कलाकारों को स्वागत करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से उपहार स्वरूप डायरी एवं पेन देकर सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यालय के बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करेगा ।

## बीआरसी में शोक सभा

**सतबरवा ।** बीआरसी भवन के प्रांगण में गुरुवार को झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की निधन की खबर सुनकर सहायक शिक्षकों के साथ बीपीओ मनोज तिवारी ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए ने शोक सभा का आयोजन किया। जहां दिगंवत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बीपीओ मनोज तिवारी ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड के शिक्षा मंत्री के रूप में उनका बहुत ही सुन्दर कार्य रहा।

# भगवान श्री राम का छठी महोत्सव धूमधाम से मना, सोहर गाकर मनाई खुशी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर भगवान श्री राम का छठी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना आरंभ हो गया। भारी संख्या में महिलाओं ने पहुंच कर कई पारंपरिक सोहर, बधाई गीत व भजन गाये। हे रानी जुग जुग जियो तेरो ललनवा हे रानी जुग जुग जीवे तेरे ललनवा व ललन अयोध्या में जन्मेला कई बड़ा निक लगे ला जैसे गीत गाए गए। भगवान श्री राम जी की विधि विधान से पूजन मंदिर के पंडित जयप्रकाश स्वामी ने किया। उसके बाद भगवान को कढ़ी चावल का भोग लगाया गया।श्री राम भगवान का महाआरती ठीक 12 बजे प्रारंभ हुआ।सभी भक्तों को पुजारी जयप्रकाश स्वामी ने श्री राम छठी की बधाई दी।श्रद्धालुओं ने अपने व अपने परिवार





की कुशलता सुख समृद्धि की कामना के लिए प्रार्थना की। इसके बाद भंडारे का दौर चला। सबसे पहले ब्राह्मणों को महाप्रसाद खिलाया गया।इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर डॉ अजय जायसवाल, रामप्रवेश मेहता, धनन्जय सिंह, सन्तन चौधरी, मंटू मेहता, कृष्णा लाल, अभिराज गुप्ता आदि मौजूद थे।

# भाजपा एक लोकतांत्रिक मूल्यों वाली पार्टी है : रविंद्र सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर व ग्रामीण मंडल भाजपा की और से गुरुवार को शहर के विश्वकर्मा भवन मे पार्टी का 43 वीं स्थापना दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता ने की।इस दौरान लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्या अर्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। और पार्टी का ध्वज फहरा कर किया। मुख्य अथिति प्रदेश कार्य समिति सदस्य व भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार सिंह ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980




मे आज के दिन ही हुई थी। उन्होंने कहा की 1977 के आपात काल की घोषणा के बाद जनसंघ का अन्य दलों से विलय हुआ और जनता पार्टी का उदय हुआ। पार्टी ने 1977 के आम चुनाव मे कांग्रेस से सत्ता छीन ली और 1980 मे जनता पार्टी को भंग करके भारतीय जनता पार्टी का नीवं रखी गई. हम सभी राष्टभक्ति से ओतप्रोत है। इसलिए आज लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं. अन्य कई ऐसे दल हैं जो परिवार वाद से जुड़े हैं। आज उनकी पहचान वंशवाद और परिवार वाद उनकी पहचान बन गई है। जबकि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों वाली पार्टी है. उन्होंने भाजपा के लोगों से एकजुटता के साथ रहकर 2024 मे फिर से केंद्र मे मोदी सरकार बनाने की अपील की. इस मौके पर भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह, रामेश्वर राम, गुड्डू सिंह, राजेश करण, सचिन आनंद, अविनास कुमार, अभिषेक कुमार, संजय विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

# बिजली की समस्या को लेकर शीघ्र आंदोलन होगा : राजीव

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** बिजली की आंख मिचौली लचर व्यवस्था के कारण हरिहरगंज प्रखंड के बिजली उपभोक्ता सहित व्यवसायी परेशान हैं। उक्त बातें सब्जी मंडी स्थित नयन होटल में गुरुवार को युवा समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कही। उन्होंने कहा कि गर्मी शुरू होते ही पावर कट होने से स्थानीय लोगों में गुस्सा है। शहरों में बार-बार बिजली कटने के चलते लोगों को परेशान हैं। गर्मी के चलते पंखे, कूलर ऐसी का उपयोग बढ़ गया है। लेकिन पिछले कई दिनों से बार-बार अचानक बिजली गुल होने से परेशानी हो रही है। इसे लेकर लोगों में गुस्सा है। उन्होंने कहा कि



बिजली की लचर आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो शीघ्र आंदोलन चलाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, विनोद पासवान, दिनेश पासवान, विजय प्रजापति, अशोक मेहता, रंजीत कुमार, मनीष कुमार, जयप्रकाश कुमार, अजय कुमार, राहुल विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## जीसीपीए डिग्री कॉलेज में शोक सभा का आयोजन

**छतरपुर।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सड़मा, छतरपुर में गुरुवार को झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार शोकसभा में जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री कई दिनों से बीमार चल रहे थे। इलाज के दौरान आज उनका चेनई के एमजीएम अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनकी कमी झारखंड वासियों को हमेशा खलेगी। शोक सभा व्यक्त करने के बाद सरकार के आदेशानुसार कॉलेज में छुटी कर दी गई। मौके पर प्रो. इंदु कुमारी, प्रो. अपराजिता प्रकाश, प्रो. अकलेश कुमार सिंह, प्रो. राजकिशोर लाल, प्रो. सुनीता कुजूर, प्रो. रानी कुमारी, पंचम कुमार, आदि मौजूद थे।

# मुस्लिम समाज के लोगों ने थामा भाजपा का दामन



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नगर मंडल के पंचमुखी मंदिर के समीप गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस के मौके पर दर्जनों मुस्लिम समाज के लोगो ने पार्टी से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा है। जिन्हें भाजपा कार्य समिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर संगठन ने शामिल हुए सभी सदस्य को अंग वस्त्र व फूल माला से स्वागत किया। शामिल होने वाले में रईस अंसारी शाहिद अंसारी समीम अंसारी इसरार हमारी शकील अंसारी इनामुल हक अंसारी कुदुश अंसारी असगर अंसारी कौसर अंसारी सगीर अंसारी मुस्लिम अंसारी मदन राम आदि नाम शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम से किया गया। डॉक्टर चंद्रवंशी ने कहा भारतीय जनता पार्टी का संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बहुत कड़ी मेहनत से पार्टी को सीचते हुए यहां तक पहुंचाया है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा आने वाले लोकसभा चुनाव में 2024 मे चार सौ से उपर सीट जरूर लाएगी। किसी भी सफलता के लिए एक ही मूल मंत्र है कड़ी मेहनत और ईमानदारी।

## डीएवी स्कूल में विद्यार्थी हुए सम्मानित

**हरिहरगंज।** कौआखोह पिरोजी स्थित डीएवी मनोज पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से अष्टम वर्ग तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले नर्सरी में नंदिनी कुमारी, एलकेजी में शिवान्या कुमारी, यूकेजी में रीना सिन्हा, वर्ग पहला में अंश राज, दूसरा में श्वेता कुमारी, तीसरा में दिव्यांशु कुमार, चौथा में समृद्धि गुंजा तथा कुंदन यादव, पांचवीं में यशराज, छठा में नीतीश कुमार को विद्यालय परिवार की ओर निदेशक डॉ. मनोज कुमार, प्रिंसिपल जैकी टेंडी तथा शिक्षकों ने मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली स्कूल टॉप रही प्रथम नंदिनी कुमारी, द्वितीय यशराज तृतीय प्रियल गुप्ता को भी मेडल व ट्राफी भेंट की गयी। साथ ही बेस्ट ऑफ द शिक्षक का पुरस्कार शिक्षिका पुनम वर्मा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक पप्पू कुमार, पंकज, अमिताभ, मनीष मिश्रा, सिराज अहमद, दीपक, शिक्षिका मंजू वर्मा, रूपा, पूनम शर्मा, ज्योति, सुषमा, प्रियंका, शिखा सहित छात्र-छात्राएं, अभिभावक व शिक्षक मौजूद थे।

## शिक्षण संस्थानों में शोक की लहर

**विश्रामपुर।** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के असमय निधन पर विश्रामपुर सहित पूरे राज्य व देश में शोक की लहर व्याप्त है। उसी कड़ी में संत तुलसीदास महाविद्यालय रेहला के हाल में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने की । महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर जगन्नाथ महतो की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि झारखंड में ऐसे मंत्री का निधन होना झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। क्योंकि जगन्नाथ महतो शिक्षा मंत्री के पद पर रहते हुए कई बड़े-बड़े निर्णय लिया करते थे। जो जनता के हित में होता था। उनकी बेवाकी का सरकार भी कायल थी। उनकी कमी शिक्षा जगत व झारखंड वासियों को हमेशा खलेगी। शोक सभा कार्यक्रम में प्रोफेसर कृष्ण कुमार चौबे, रंजन दुबे, ज्योति कुमारी, डॉ श्याम मिश्रा, डॉ प्रमोद पासवान, अजय ओझा,रामजी चौबे, राकेश शुक्ला, प्रधान सहायक अमित कुमार, जितेंद्र पाठक, साधना कुमारी, संजय पांडे, आशीष पांडे, फुल कुमारी, सुनील कुमार, नरेंद्र मिश्रा,विनय कुमार, गुंजन पासवान, रामेश्वर राम, संगीता कुमारी, राम बिहारी साहू सहित संस्थान के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

**हरिहरगंज।** शहर के न्यू सब्जी मंडी स्थित नयन होटल में गुरुवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया. मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है, जो देश हित में काम करती है और पार्टी का हर कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से कार्य करता है. बाद में भाजपा कार्यकताओं ने एलईडी लगाकर पीएम मोदी के भाषण को सुना. मौके पर कार्यक्रम प्रभारी राजेश रंजन मिश्रा सहित किसान मोर्चा के महामंत्री पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, विनोद पासवान, अशोक कुमार, राहुल विश्वकर्मा, मनीष कुमार, अजय कुमार, संतन शर्मा, बलराम ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एनसीपी कार्यालय में शोक सभा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर हुसैनाबाद स्थित एनसीपी कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। दो मिनट का मौन रख कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा के पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि संघर्ष के प्रतीक जगरनाथ महतो जी के निधन की खबर मिली तो मैं निः शब्द व मर्माहत हो गया। जगरनाथ महतो जी इस सरकार में मंत्री के साथ साथ मेरे बड़े भाई व अभिभावक की भूमिका में थे। जगरनाथ महतो जी जैसा व्यक्तित्व शायद अब नहीं मिलेगा। उनकी कमी



कभी पूरी नहीं हो सकेगी। उन्होंने झारखंड में शिक्षा के गुणात्मक सुधार के जो कदम उठाए थे,उसे भुला नहीं जा सकता। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, मनान खान, विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, विनय पासवान, गुड्डू सिंह, लाल सिंह, सतेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, चंदन सिंह, हसन नरेश रजवार, ओमप्रकाश रजवार के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**हुसैनाबाद।** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को शोक सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मौजूद प्रखंड कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। शोक सभा के बाद राजकीय शोक को लेकर सरकार द्वारा जारी पत्र के आधार पर दो दिवसीय शोक के तहत प्रखंड कार्यालय में छुट्टी दे दी गई।वही शिक्षा मंत्री के निधन पर कई सरकारी व गैरसरकारी बिद्यालय में भी शोक सभा का आयोजन कर श्रधांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर सीआई अशफाक अहमद, अंचल राजू रंजन,वशिष्ठ तिवारी, अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## पाटन मंडल ने बीजेपी का स्थापना दिवस मनाया

**पाटन ।** भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस भाजपा पाटन मंडल कार्यालय में किया गया। जिसका अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परम श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय अटल बिहारी वाजपेई के चित्रों पर फूल माला पुष्प अर्पित दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुरूआत किया।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा

**क्रम संख्या–1., ई–निविदा संख्या :** 17-GS-DHN-2022-23, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गढ़वा रोड, डाल्टनगंज और गढ़वा टाउन स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार एवं सौंदर्यीकरण के कार्य फ्रंट फसाड एवं अलिवेसन में सुधार तथा प्रवेश पोर्च का प्रावधान, **09 (नौ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रूपये में) :** 16,35,66,648.95, **क्रम संख्या–2., ई–निविदा संख्या :** 18-GS-DHN-2022-23, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गढ़वा रोड, डाल्टनगंज और गढ़वा टाउन स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार एवं सौंदर्यीकरण के कार्य फ्रंट फसाड एवं अलिवेसन में सुधार तथा प्रवेश पोर्च का प्रावधान, **09 (नौ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रूपये में) :** 16,32,21,582.18, **क्रम संख्या–3., ई–निविदा संख्या :** 19-GS-DHN-2022-23, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गढ़वा रोड, डाल्टनगंज और गढ़वा टाउन स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार एवं सौंदर्यीकरण के कार्य फ्रंट फसाड एवं अलिवेसन में सुधार तथा प्रवेश पोर्च का प्रावधान, **09 (नौ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रूपये में) :** 18,09,71,815.81, **ब्याने की राशि (रूपये में) :** http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 25.04.2023 को 17:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 26.04.2023 को 12:00 बजे से। **वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी।

**मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)**
**पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद**

पीआर/0012/डीएचएन/डीएचएनजीएस/टी/23–24/52

कालाबाजारी | बालू के सवाल पर इंटक का जनाक्रोश रैली का आयोजन

# सरकार बालू घाटों की बंदोबस्ती जल्द करें : महासचिव

### एसडीओ के मध्यम से मुख्यमंत्री, राज्यपाल व स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के नाम सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र समेत राज्य में बालू की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर इंटक के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान से जनाक्रोश ट्रैक्टर महारैली और बाइक रैली का आयोजन किया। दो किलोमीटर में बाइक चार पहिया व ट्रैक्टर कतार में दिखा। बड़ेपुर उच्च विद्यालय के मैदान में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के बाद हुसैनाबाद एसडीओ के मध्यम से मुख्यमंत्री, राज्यपाल व स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली अनुमंडल मैदान से निकलकर देवरी रोड, दंगवार रोड होते बड़ेपुर मैदान पहुंची। बाडेपुर मैदान में सभा को संबोधित करते हुए इंटक के प्रदेश महासचिव विनय



कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि बालू को लेकर लगातार दो वर्षो से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र सहित सम्पूर्ण राज्य में भवन निर्माण व विकास कार्य प्रभावित है। लगातार ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद सरकार मूक दर्शक बनी है। अब जनता, मजदूर, गाड़ी मालिक, दुकानदार सभी के सब्र का बांध टूट चुका है। इसी का परिणाम रैली में नजर आया। उन्होंने कहा कि सरकार के मुखिया बालू का अवैध कारोबार अपने अधिकारियों के मध्यम कराकर सरकारी खजाने में सेंध लगा रहे हैं। सरकार रोजगार देने में विफल है।जिनके पास रोजगार की व्यवस्था थी,उनका रोजगार भी बालू के अभाव में ठप्प है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में चार बार बालू की समस्या को उठाया मगर सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बालू को लेकर पुलिस प्रशासन और जनता के बीच टकराव नहीं हो इसके लिए सरकार बालू घाटों की जल्द बंदोबस्ती कराए। उन्होंने कहा कि अभी भी वक्त है सरकार और प्रशासन बालू को लेकर निर्णय ले,या टकराव से निबटने को तैयार रहे। रैली में बड़ी संख्या में ट्रैक्टर, बाइक, चार पहिया वाहन, महिला पुरुष आठ किलो मीटर चलकर बाडेपुर मैदान पहुंचे। झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के दिवंगत होने की खबर के बाद शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और सभा समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम में नीतू सिंह, मनान खान, गुड्डू सिंह, विनय पासवान, अखिलेश कुमार सिंह, नरेश रजवार, ओमप्रकाश रजवार, सुहैल आलम, अरुण सिंह, धनंजय सिंह, सुनील राम, सरोज मेहता, विंध्याचल पासवान, सतेंद्र सिंह, सज्जू खान, चंदन सिंह, शंभू ठाकुर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

## शिक्षा मंत्री के निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति : अजहर

**मेदिनीनगर।** चैनपुर, 06 अप्रैल 2023 : झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन से हमारे बीच शोक की लहर दौड़ पड़ी है। उनके निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है। विशेषकर शिक्षा जगत ने उनके निधन के रूप में अपना अभिभावक व शुभचिंतक खो दिया है। उक्त बातें राजकीयकृत उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीएमसी नेउरा के प्रधानाध्यापक एम.जे.अजहर ने विद्यालय में आयोजित शोक सभा में कही। उन्होंने कहा कि मंत्री ने जीते-जी शिक्षा विभाग के समस्त कर्मचारियों के मान-सम्मान का ध्यान रखा। उनके कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक वृद्धि हुई। मौके पर मुसर्रत जहां, अलकमा खातून, रेणु कुमारी जायसवाल, रेशमा कुमारी, रामप्रवेश सिंह, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार सहित विद्यालय प्रबंधन समिति व सरस्वती वाहिनी माता समिति के सदस्यों के साथ सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं। शोक सभा में 2 मिनट का मौन रखकर विद्यालय में छुट्टी कर दी गई।

## वार्ड आयुक्त ने किया टैंकर से पानी का वितरण



**मेदिनीनगर।** वार्ड आयुक्त कमर यास्मीन ने अपने वार्ड संख्या 27 में गर्मी को देखते हुए टैंकर से पानी का वितरण किया। जिसमें उन्होंने गोसिया मोहल्ला, गमहेल स्थान, गौसिया मदरसा, तौफीक खान के घर के पास, नूरी मस्जिद, झोपड़ पट्टी, दुर्गा साव के घर के पास स्थानों पर टैंकर से पानी का वितरण किया गया। गौरतलब है कि नगर निगम की ओर से सभी वार्डों में पांच-पांच टैंकर गर्मी को देखते हुए दिया गया है। जिसके तहत वार्ड आयुक्त ने अपने वार्ड में पानी टैंकर से लोगों को पानी मुहैया कराया। मौके पर वार्ड आयुक्त ने बताया कि गर्मी के मौसम में उनके वार्ड में पानी की किल्लत हो जाती है। जिसे देखते हुए टैंकर से पानी देने की सुविधा किया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में उनके वार्ड में लोगों को पानी की दिक्कत नहीं होने दिया जायेगा। वहीं, उन्होंने बताया कि पीएचइडी के द्वारा सुबह में पानी बहुत कम समय के लिए खोला जा रहा है। उनके वार्ड में लोगों को केवल 15 से 20 मिनट तक ही पानी मिल पा रहा है। ऐसे में उन्होंने पीएचइडी विभाग से और पाइप लाइन इंस्पेक्टर से भी लोगों को अधिक समय तक के लिए पानी देने की मांग की है।

## जय भारत सत्याग्रह सभा का आयोजन किया

**मेदिनीनगर।** शहर के टाउन हॉल में कांग्रेस पार्टी के द्वारा जय भारत सत्याग्रह सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रभारी अविनाश पांडेय, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी , प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा, प्रवक्ता तौसीफ आलम की अध्यक्षता में सत्याग्रह सभा का आयोजन किया गया। सभा के दौरान कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक बिटू सिंह, जिला अध्यक्ष बिटू पाठक, वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर शुक्ला, रुद्र शुक्ला समेत हजारों कार्यकर्ता हुए उपस्थित। वहीं मौके पर उपस्थित कांग्रेस पार्टी के प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि केंद्र की सरकार देश मे जो कार्य कर रही है बेहद ही चिंतनीय है। केंद्र की सरकार काम कम कर रही और देश की जनता को मूर्ख ज्यादा बना रही है। साथ ही कहा कि राहुल गांधी और उनके परिवार के साथ केंद्र की सरकार ठीक नही कर रही है इसका खामियाजा केंद्र सरकार को भुगतना पड़ेगा। महात्मा गाँधी के बाद अब कांग्रेस पार्टी के द्वारा पूरे देश मे सत्याग्रह आंदोलन की सुरुवात हो रही है जो कि केंद्र सरकार को हिला कर रख देगी साथ ही लोकसभा चुनाव के लिए भी कांग्रेस पार्टी तैयार है सभी सीट से कांग्रेस पार्टी अपनी उमीदवार को उतारेगी।


# पलामू में आज मनेगा गुड फ्राइडे, गिरजाघरों में तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में गुड फ्राइडे शुक्रवार को मनाया जायेगा। यह ईसाई समुदाय का पर्व है। इसके लिए सभी गिरजाघरों में तैयारी किया गया है। स्टेशन रोड स्थित महारानी गिरजाघर और कैथोलिक गिरजाघर में गुड फ्राइडे में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया है। ईसाई धर्म के लोग इस त्योहार को काले दिवस के रूप में मनाते हैं। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन भगवान यीशु मसीह ने अपने प्राण त्यागे थे। इसी वजह से ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे के दिन प्रभु ईशु के बलिदान को याद करते हैं। इस दिन को होली फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे या ग्रेट फ्राइडे भी कहा जाता है। ये दिन ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए बेहद ही खास होता है। गुड फ्राइडे के अवसर पर लोग गिरिजाघरों में जाकर प्रार्थना करते हैं। इसके अलावा प्रभु ईशु की याद में उपवास किया जाता है और उपवास करने के बाद मीठी रोटी बनाकर खाई जाती है। हर साल अक्सर अप्रैल के महीने में गुड फ्राइडे पड़ता है। गुड फ्राइडे हर साल ईस्टर संडे से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को आता है। इस साल गुड फ्राइडे आज मनाया जाएगा। ये ईसाई समुदाय के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक है।

### क्या है मान्यता

ईसाई धर्म को मानने वाले लोग गुड फ्राइडे इसलिए मनाते हैं, क्योंकि इसी दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था। ईसा मसीह प्रेम और शांति के मसीहा थे। दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले प्रभु यीशु को उस समय के धार्मिक कट्टरपंथी ने रोम के शासक से शिकायत करके उन्हें सूली पर लटका दिया था, लेकिन कहा जाता है कि प्रभु यीशु इस घटना के तीन दिन बाद पुनः जीवित हो उठे थे।



# शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक सभा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जगरनाथ महतो मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड के निधन पर गुरुवार को मेदिनीनगर जिला परिषद कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में 2 मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में जिला परिषद सदस्य चैनपुर प्रमोद कुमार सिंह, नंद कुमार यादव ,नंद कुमार पासवान ,भाई गोविंद कुमार सिंह, प्रमोद कुमार पासवान, छोटन सिंह, दिनेश प्रजापति, अनिल कुमार सिंह, अनिमेष कुमार सिंह, पंकज कुमार, सुशांत कुमार पाठक, विनोद कुमार सिंह आदि शामिल थे।

# रमजान का महीना परम पवित्र है : एम .जे.अजहर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 06 अप्रैल 2023 : इस्लामी पंचांग का 09 वां महीना है-रमजाऩ। मुस्लिम समुदाय की मान्यता के अनुसार माह ए रमजाऩ परम पवित्र है। मुसलमानों का धार्मिक ग्रंथ 'कुऱआन' पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर इसी महीने में अवतरित हुआ। पूरे माह दिन में रोजा.(उपवास) रह कर अल्लाह की इबादत की जाती है। उक्त बातें राजकीयकृत उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीएमसी नेउरा के प्रधानाध्यापक एम.जे.अजहर ने कही। उन्होंने कहा कि रोजा. का मतलब सिर्फ. भूखे रहना ही नहीं बल्कि भूख प्यास के साथ हर बुराई व गुनाह से दूर रहना है। रोजा. बंदों को अल्लाह के निकट करता है। मुस्लिम धर्मावलंबी निश्चित समयानुसार रात-दिन खुद़ा की इबादत में मशगूल रहते हैं। रोजा. के साथ कुऱआन पढ़ना, जकात और फितरा की अदायगी, जरूरतमंदों को अपनी क्षमतानुसार सहयोग करना आदि नेक कामों में स्वयं को लगाये रखते हैं। देश की तरक्की, आपसी सौहार्द, व्यक्तिगत खुश़हाली की दुआएं करते हैं। अल्लाह तआला रोजा. के सदके. में उनकी जायज तमन्नाओं को कुब़ूल करता है। वास्तव में रोजा, महीने भर बल्कि आने वाले वर्षों या यूं कहिए कि आजीवन मनुष्यों के चारित्रिक विकास के लिए प्रशिक्षण की तरह है। माह ए रमजाऩ हमारे ईमान को तर व ताजा. रखता है। यदि बंदा दिल से तौबा करे तो अल्लाह तआला उसका बड़ा से बड़ा गुनाह मुआफ कर देता है। इस महीने में भरपूर रहमत, बरकत व मगफि रत होती है। बंदों को इसका खूब लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजाऩ में सेहरी व इफ्त़ार का समय निश्चित होता है।

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मना हनुमान जन्मोत्सव

**चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को चित्रा नक्षत्र में भगवान शिव ने अपने अंश 11वें रुद्र से माता अंजना के गर्भ से हनुमान जी के रूप में जन्म लिया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित आस पास के क्षेत्रों में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही स्थानीय मन्दिरो में भक्तो की भीड़ लगी रही। स्थानीय बाजार स्थित हनुमान मंदिर में पैर रखने की भी जगह नही रही। भक्त मंदिर के बाहर आने बारी का इंतजार करते हुए दिखे। यही स्थिति लगभग सभी मंदिरों में दोपहर तक रही। चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को चित्रा नक्षत्र में भगवान शिव ने अपने अंश 11वें रुद्र से माता अंजना के गर्भ से हनुमान जी के रूप में जन्म लिया। हनुमान जयंती पर कई भक्तों ने मंदिरों में हनुमान पाठ किया। वही घरों और मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। इस दौरान कहीं केक काटकर तो कहीं भजन-कीर्तन कर राम भक्त हनुमान को नमन किया गया।शाम को भी भक्तो ने मंदिरों में पहुंचकर बजरंग बली के दर्शन किए। मंदिरों में राचरितमानस सुंदर कांड पाठ हुआ। स्थानीय शिवाला रोड स्थित हनुमान मंदिर में शाम को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जहां भक्तो की काफी भीड़ उमड़ी। पं ओम पाठक बताते हैं कि वैसे तो बजरंगबली की जन?मतिथि के बारे में कोई सुनिश्चित तिथि का कहीं उल?लेख नहीं है। इसी वजह से श्रीराम भक?त हनुमान की जयंती साल में दो बार मनाई जाती है। पहली तिथि चैत्र मास की पूर्णिमा और दूसरी तिथि कार्तिक मास के कृष?ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है।

# शाहपुर की जनता एकता की मिसाल है : प्रमिला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत शाहपुर हाशिम शाह दाता की मजार के प्रांगण उर्स के पावन अवसर पर अंजुमन मुस्लिमीन कमेटी शाहपुर के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से वार्ड 31 की पार्षद सह जोन 7 की अध्यक्ष प्रमिला देवी सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे पलामू जिला सदर मुस्तफा कमाल पलामू जनरल सदर जीशान खान पूर्व सदर मोहम्मद मंटू पलामू कमेटी के मुख्य सरपरस्त रियाज खान लल्लन हाजी शाहिद खान राकेश जयसवाल उर्फ गुलबदन को अंग वस्त्र देकर माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर पार्षद प्रमिला देवी ने कहा कि शाहपुर एकता और भाईचारा का मिसाल है। यहां की सम्मानित जनता अमन पसंद है यहां कोई भी त्यौहार एक दूसरे से मिलजुल कर मनाते आए हैं और हासिम शाह दाता का दुआ आशीर्वाद रहा तो सदा मनाते रहेंगे। कुछ चंद लोग दोनों समाज में ऐसे होते हैं जो एकता और भाईचारा को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं। हमारे मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र की जनता बुद्धिजीवी है। समझदार है ऐसे लोगों को करारा जवाब देते आये है दोनों समाज के लोग मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने शायराना अंदा की।

# सदर अस्पताल में नहीं थम रहा दलाली का धंधा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** सदर अस्पताल में दलाली का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन कई मरीज दलाल के चंगुल में फंसकर अपना जान तो गवा ही रहे हैं, इसके अलावा उनके पैसे भी काफी खर्च हो रहे हैं। गुरुवार को एक ऐसा ही मामला सदर अस्पताल में देखने और सुनने को मिला। पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी निवासी सहिया सुशीला देवी ने बताया कि उनके गांव की एक गर्भवती महिला करिश्मा कुमारी पति विजय पासवान बुधवार की शाम अपने इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल महिला वार्ड पहुंची थी। वहां के चिकित्सक ने बड़ा ऑपरेशन कर डिलीवरी कराने की सलाह दी। गर्भवती महिला के परिजन इस बात से राजी हो गये। परंतु महिला वार्ड में तैनात मौसी कहे जाने वाले एक महिला स्टाफ ने गर्भवती महिला के परिजनों को बहला-फुसलाकर उसे इलाज के लिए प्राइवेट सोना नर्सिंग होम भेज दिया। जहां परिजनों को इलाज कराने में करीब 10 से 12 हजार रुपए खर्च करना पड़ा। स्वास्थ्य सहिया शीला देवी ने बताया कि मरीज करिश्मा कुमारी के परिजनों को उन्होंने सदर अस्पताल में ही ऑपरेशन कर डिलीवरी कराने की सलाह दी थी। जब हम गुरुवार की सुबह सदर अस्पताल मरीज से मिलने पहुंचे तो पता चला कि सदर अस्पताल के महिला वार्ड में तैनात एक महिला कर्मचारी के द्वारा कमीशन लेकर मरीज करिश्मा कुमारी को डिलीवरी के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल सोना नर्सिंग होम भेज दिया गया है। इसके बाद स्वास्थ्य सहिया सुशीला देवी इस बात से गुस्सा होकर अस्पताल अधीक्षक के पास शिकायत करने पहुंची। परंतु अस्पताल अधीक्षक उस समय अपने ऑफिस में नहीं थे। फिर भी इस बात की जानकारी अस्पताल अधीक्षक को मिली। जानकारी मिलने पर उन्होंने महिला वार्ड में तैनात महिला कर्मचारी पर कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं इस संबंध में अन्य मरीजों का कहना है कि सदर अस्पताल में कभी-कभी तो यह घटना सामने आ जाती है। तो उसका निदान हो जाता है, परंतु सदर अस्पताल में कार्यरत कई ऐसे स्टाफ है जो दलाली के धंधा में संलिप्त है। यदि समय रहते इन पर नकेल नहीं कसा गया तो अस्पताल में भर्ती मरीजों को इलाज कराने में और भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।




# कांग्रेस का सत्याग्रह सभा विफल : विजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने बयान जारी कर कांग्रेस द्वारा प्रायोजित सत्याग्रह सभा को विफल बताया है। उन्होंने कहा कि यह सत्याग्रह यात्रा के माध्यम से कांग्रेस देश में अपनी आखिरी सांसे गिन रही है। अगर सच्चे मायने में कांग्रेस को सत्याग्रह करनी ही है तो हेमंत सोरेन सरकार से पहले समर्थन वापस ले अथवा सरकार के खिलाफ राज्य में हो रहे महिला,अत्याचार,अवैध खनन, बालू की खुली लूट, बेरोजगारी, ट्रांसफर पोस्टिंग के नाम पर लूट जैसे विसंगतियों पर सत्याग्रह करें। देश में लगभग 70 वर्षों तक सत्ता संभालने वाली एक ही परिवार की पार्टी कांग्रेस के कार्यकर्ता नेता आज देशभर में घूम घूम कर लोकतंत्र समाप्त होने की जो दुहाई दे रहे हैं। वह दुहाई लोकतंत्र के नहीं अपितु एक परिवार बचाने के लिए हो रही है। देश की जनता इसको समझ चुकी है। सबसे लंबे समय तक देश की सत्ता में रहने के बाद भी विकास के नाम पर केवल ठेंगा दिखाने वाली पार्टी आज जब पूरे विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार का विदेशों मे डंका बज रहा है तो इन्हे वह पच नहीं रही है। श्री ओझा ने कहा कि देश में गरीबी हटाओ का नारा कांग्रेस ने दिया अपितु वर्तमान कि मोदी सरकार ने ही सही मायनों में गरीबों को उनका हक दिया है।

## सत्याग्रह यात्रा राजनीति स्टंट : भाजयुमो

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू द्वारा प्रेस रिलीज जारी कर कांग्रेस द्वारा आयोजित सत्याग्रह यात्रा को राजनीति स्टंट करना बताया गया। मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि कांग्रेस द्वारा अपने चहेते युवराज राहुल गांधी की सदस्यता खत्म होने पर देशभर में जिस तरह से बवाल मचाया जा रहा है, उससे यह साफ प्रतीत होता है कि कांग्रेस कभी देश हित में नहीं बल्कि केवल परिवार हित की ही सोच रखती है। कांग्रेस के नेता विचार की नहीं बल्कि एक परिवार को ढोते हैं। झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार को कांग्रेस ने अपना समर्थन दिया है। कांग्रेस को सच्चे अर्थों में अगर सत्याग्रह करनी है तो वह इस निकम्मी हेमंत सरकार में महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार, छात्रों के रोजगार एवं राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था, अवैध उत्खनन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर आंदोलन चलायें। मोर्चा महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने कहा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी की सेना देश में एक अशांति का माहौल कायम करना चाह रहे हैं। देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। जनता इनके प्रोपेगेंडा को भलीभांति समझ चुकी है। आज पलामू में हो रहे सत्याग्रह यात्रा विफल साबित हुई है।

# जगरनाथ महतो की मौत बड़ी क्षति है : अविनाश देव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के संत मरियम स्कूल प्रांगण में राज्य के लोकप्रिय शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के पश्चात शोक सभा का आयोजन किया गया। समस्त छात्रों और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। मौके पर स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने कहा की झारखण्ड राज्य के शिक्षामंत्री व डुमरी विधानसभा के विधायक जगरन्नाथ महतो का आज पूर्वाह्न चेन्नई के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। वे कोरोना काल से ही संक्रमित थे फेफड़े का ऑपरेशन भी हुआ था। मैं इनके आवास पर मिला था उत्तम स्वास्थ्य के कामना किये थे। हर दिल अजीज सबों से व सहजता से मिलते थे। राजनीति के शुरूआती दौर से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के झंडा बुलंद करने में पूरी ईमानदारी और निष्ठा से लगे रहते थे। शिक्षा एंव बेहतर शिक्षा के लिए कड़े निर्णय के लिए जाने जायेंगे। इनकी मौत सिर्फ पार्टी व सरकार की क्षति नहीं है बल्कि जल जंगल जमीन आदिवासी स्मिता एवं पूरे झारखण्डी कायनात की अपूर्णीय क्षति है। इन से कई बार मिलने का मौका मिला पर इनकी सरलता सहजता से नहीं लगा ये मंत्री वह भी शिक्षा मंत्री हैं। पूर्व की सरकारों में बंद पड़े स्कूलों को खोलने की दिशा में सकारात्मक प्रयास, पारा शिक्षकों का स्थायीकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राज्य सदैव इन्हे याद रखेगा। हम इनके आत्मा के शांति के लिए कामना करते हैं और इस दुःखद घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं।

# झारखण्ड प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी व प्रदेश संरक्षक बने पप्लू दुबे

**मेदिनीनगर।** पलामू राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सुनिश्चित की गई थी,जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पलामू के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के निवासी परशुराम वंशज अपने समाज के प्रति निष्ठावान एवं सक्रिय भूमिका निभाने वाले प्रदीप तिवारी को राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव झारखण्ड की प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई। वहीं ग्राम पूर्वडीहा निवासी पलामू ज़िले के लोकप्रिय समाजसेवी मुखिया सन्तोष दुबे उर्फ पप्लू दुबे को राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव का प्रदेश संरक्षक बनाया गया। नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव बहुत सीमित समय में ब्राह्मण समाज मेंअपनी अमिट छाप छोड़ चुकी है, आगे श्री तिवारी ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता समाज के युवाओ को मुख्य धारा से जोड़ना है साथ ही युवाओ को हरहाथ रोजगार सुलभ कैसे हो इस विषय पर संगठन बल देगी। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव की कार्यकारी टीम ने प्रदीप तिवारी को अंगवस्त्र से सम्मानित कर उनका अभिवादन किया। नवनिर्वाचित प्रदेश संरक्षक पप्लू दुबे ने कहा कि मैं अपने समाज और संगठन के लिए सदैव खड़ा रहूँगा, राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव आने वाले दिनों में समाज के लिए वरदान साबित होगी। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के संरक्षक अजय तिवारी अकेला ने कहा कि बहुत जल्द राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव जिला और प्रखंड स्तर की टीम का गठन किया जाएगा ताकि समाज के कमजोर तबके को संगठन से मदद दिलाया जा सके।

**संकट** 108 एंबुलेंस चालक व कर्मियों का हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

# कर्मियों के सामने भुखमरी का संकट

**विगत 05 माह से पलामू जिला के तहत हमारा वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है : कर्मी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में 108 एंबुलेंस चालक व कर्मियों का दूसरे दिन भी हड़ताल जारी है। बताते चलें कि बुधवार को 108 एंबुलेंस चालक व कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर कहा था कि 108 एंबुलेंस के तहत हम सभी ईएमटी एवं चालक ड्राइवर पद पर कार्यरत हैं। विगत 05 माह से पलामू जिला के तहत हमारा वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण अल्प वेतन पाने वाले कर्मियों के सामने भुखमरी का संकट खड़ा हो गया है। वेतन भुगतान पिछले कई महीनों से समय-समय पर नहीं किया जा रहा है फिर भी हम लोग काम करते रहे । क्योंकि हमारी कंपनी के प्रोजेक्ट हेड मिल्टन सिंह द्वारा आश्वासन दिया गया था कि बहुत जल्द ही इस पर सुधार हो जायेगा । पर अभी तक किसी भी तरह के कोई भी सुधार नहीं हुआ। डयूटी करते आवर में ही स्टाफ को बिना वजह कर बैठा दिया जाता है, और अभी तक जो स्टाफ बैठा हुआ है उसकी डयूटी दी जाये। अब हम सभी कर्मचारियों का वेतन का भुगतान किया जाये। 5 साल पहले ऐसा नहीं कहा जा रहा था। मोबाइल चार्जर खराब होने पर बोला जा रहा है कि खुद से खरीद लो। टायर पेंचर होने पर भी बोला जा रहा है कि खुद से बनाओ। अतः महोदय से सादर अनुरोध है कि कृपया हमारे वेतन भुगतान (टोटल) एवं नौकरी हेतू आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें। हम लोगों का वेतन भुगतान समय-समय पर दिया जाये। अथवा दिनांक 05 दिन बुधवार शाम 16:00 बजे से हमलोग अनिश्चत काल के लिए हड़ताल पर चले जायेंगे।



NEWS इन ब्रीफ

### शॉर्ट सर्किट से गेहूं के खेत में आग लगने से फसल जल कर खाक

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के सिंघीताली में शॉर्ट शर्किट से गेहूं के खेत में आग लगने से फसल जल कर हुआ खाक। शॉर्ट सर्किट से किसान धनजंय शुक्ला एवं धीरेंद्र चौबे के खेत में लगे फसल में आग लग गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए किसान धनजंय शुक्ला ने बताया कि खेत के ऊपर से 440 वोल्ट के बिजली का तार गुजरा हुआ है। बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होने से नीचे खेत में चिंगारी गिरने से गेहूं के फसल में आग लग गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग को बुझाया गया। आग को बुझाने तक 15 से 20 हजार रुपये के फसल जल कर खाक हो गया।

### शिक्षा मंत्री के असमायिक निधन से शोक की लहर

**खरौंधी (गढ़वा)।** झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो के असमायिक निधन पर शोक की लहर दौड़ गई। वहीं खरौंधी प्रखंड के कांग्रेस, जेएमएम सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की। झामुमो कार्यालय पर झामुमों नेताओं ने जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि दी। जिलापरिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने कहा कि जब भी हम अपने क्षेत्र की समस्या उनके पास लेकर जाते थे, वे तुरंत उसका समाधान करते थे। इससे हमारा काम आसान हो जाता था। मंत्री जगरनाथ महतो विधानसभा में प्रखर नेता के रूप में जाने जाते थे। वे प्रतिभावान व्यक्ति थे और दिल से धनी थे। इसलिए उन्हें टाइगर की उपाधि दी गयी थी। वहीं प्रखंड कार्यालय, प्रखंड संसाधन केंद्र सहित सभी विद्यालयों में शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। ततपश्चात प्रखंड कार्यालय तथा विद्यालयों को बंद कर दी गयी। सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष इंदल पासवान ने शिक्षा मंत्री के निधन पर संघ की ओर से गहरा दुःख जताया है।

### चैत्र पूर्णिमा व हनुमान जयंती के अवसर पर हवन यज्ञ सम्पन्न

**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोलह बीघा मैदान के सामधी पर नवनिर्मित शक्ति पीठ मंदिर में चैत्र पूर्णिमा एवं हनुमान जयंती के मंगलमयी अवसर पर विशेष रूप से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ मुख्य यजमान बंशी प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी संतोषी देवी थी। गौरतलब हो कि हवन कर्ताओं के लिए महाप्रसाद का भी प्रबंध किया गया था। कर्मकांड करते अशोक चौरसिया, रामरेखा प्रजापति, नागेंद्र सिंह, वीरेंद्र सोनी, आदि कई लोग उपस्थित थे।

# केतार से सिलाई प्रशिक्षण के लिए 10 लड़कियों को भेजा गया रांची



**केतार (गढ़वा)।** ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के माध्यम से केतार प्रखंड के 10 युवतियों को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल परियोजना के तहत चयन कर कौशल प्रशिक्षण के लिए सुरक्षित वाहन से रांची भेजा गया। इस मौके पर समन्वयक प्रवीण कुमार ने बताया की इन सभी चयनित युवतियों को प्रशिक्षण केन्द्र एलएनजे रांची में निःशुल्क सिलाई ऑपरेटर, कम्प्यूटर, व्यक्तित्व आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान इन सभी को भोजन, ड्रेस और छात्रावास आदि की सुविधा दी जाएगी। प्रशिक्षण तीन माह तक चलेगा। प्रशिक्षण के बाद इन्हें दूसरे कम्पनी में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। रोजगार के दौरान इन्हें दस हजार रुपए दैनिक भत्ता, प्रोत्साहन राशि व बीमा आदि का लाभ मिलेगा। मौके पर भोला उरांव , बसंत कुमार निरूपा देवी, चंचला देवी, रीना देवी मनीषा कुमारी, रंजू कुमारी, प्रियंका कुमारी, पिंकी कुमारी, रूपा कुमारी, रेशमा, पुष्पा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# स्तरोन्नत उच्च विद्यालय राजी के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय राजी के वर्ग 9 तथा 11 की छात्र-छात्रा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर गए। विद्यालय के शिक्षक सबसे पहले उन्हें सोनभद्र जिला के रेणुकूट ले जायेंगे। रेणुकूट में उन्हें रिहंद बांध, पावर प्लांट, राधा कृष्ण मंदिर दिखाते हुए इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी। इसके पश्चात एमपी के सिंगरौली के पावर प्लांट घुमाया जायेगा। वहीं प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना के आदेशानुसार स्तरोन्नत उच्च विद्यालय राजी के वर्ग 9 तथा 11 के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया जा रहा है। जहां उन्हें सोनभद्र जिला के रेणुकूट के राधा कृष्ण मंदिर, पावर प्लांट तथा रिहंडम बांध घुमाया जायेगा। इसके पश्चात सिंगरौली के पावर प्लांट के अलावे वहां के कई जगहों पर भ्रमण कराया जायेगा। साथ ही वर्ग वाइस शिक्षक उन्हें इन जगहों के बारे में जानकारी देंगे। इसके अलावे विद्यार्थियों का मोटिवेशन तथा स्किल डेवलप करने के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया जा रहा है। ताकि इन परियोजनाओं के बारे में बताकर विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति बेहतर रुचि जगाया जा सके। इसके बाद विद्यालय में सभी छात्रों की इन परियोजनाओं से संबंधित टेस्ट ली जायेगी। ताकि शैक्षणिक भ्रमण करने के बाद छात्र-छात्रा कितना सीखे। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सत्य प्रकाश यादव, संजय कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, सविता कुमारी, प्रतिमा कुमारी सहित विद्यालय के छात्र-छात्रा शामिल थे।



# प्रचंड गर्मी की चपेट में आने से दो स्कूली छात्रा बेहोश

### अभिभावकों ने स्कूल समय परिवर्तन की मांग की

**खरौंधी (गढ़वा)।** दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही गर्मी का सर्वाधिक शिकार स्कूली बच्चे हो रहे हैं। जहां गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंधरी में एक छात्रा दिव्या कुमारी प्रचंड गर्मी से बेहोश हो गयी। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बजरमरवा की कक्षा सातवीं की छात्रा अजेबा खातून पिता यासीन अंसारी कक्षा में ही गर्मी से अचेत हो गयी। तत्काल प्रधानध्यापक मो. जमालुद्दीन अंसारी ने स्थानीय चिकित्सक को बुलाकर इलाज कराया। इसके बाद खुद अपनी बाइक से उसे घर पहुंचाया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंधरी में छात्रा की अचेत होने की सूचना विद्यालय प्रबंधन समिति के लोगों ने अभिभावकों को दिया। तत्काल परिजन विद्यालय पहुंच कर ईलाज हेतु ले गए। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि स्कूल पौने सात बजे खुलता है लेकिन छुट्टी का समय दोपहर 2 बजे होने के कारण उस समय तक प्रचंड धूप हो जाती है। यह सरकार का फैसला अव्यवहारिक है। वर्तमान में ग्रामीण इलाके के गरीब तबके के लोग महुआ का फसल चुनने एवं गेहूं, सरसो फसल काटने भोर 3 बजे ही खेतो में चले जाते हैं। जिससे उनके घरों में सुबह नाश्ता नहीं बन पाता और बच्चे बिना कुछ खाये पिये विद्यालय चले आते हैं। मध्याह्न भोजन विद्यालय भी लगभग 11 बजे मिलता है। जिससे बच्चों को इतनी देर खाली पेट ही रहना पड़ता है। इसके साथ प्रचंड गर्मी अपनी लपेट में लेकर बच्चों को बेहोश कर दे रहा है। अधिकांश अभिभावकों ने कहा की इस भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग को सभी स्कूलों की छुट्टी ग्यारह बजे तक कर देनी चाहिए। अन्यथा आए दिन बच्चे प्रचंड गर्मी के चलते बीमार होते रहेंगे। बच्चों के हित में शिक्षा विभाग को तत्काल फैसला लेनी चाहिये।



### घरेलू विवाद में चाकूबाजी इलाज के दौरान युवक की मौत

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी के बघमनवां टोला में घरेलू विवाद में बुधवार की रात्रि में घटी चाकूबाजी की घटना में टोला के अजमुल्लाह अंसारी के पुत्र मोजिब अंसारी की गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई। मृत युवक के पिता ने अपने भतीजा इदरीश अंसारी के पुत्र फिरदौस अंसारी पर ही चाकू से वार कर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया है। वहीं बुधवार की 8 बजे रात्रि को चाकुबाजी में गंभीर रूप से घायल हुए मोजिब अंसारी को भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया था। जहां पर तैनात प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया था। वहां से भी युवक को बेहतर ईलाज हेतु रांची रेफर किये जाने की प्रक्रिया किया जा रहा था। तभी उसकी मौत हो गई। मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचते ही घर के परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पंचायत के मुखिया पति सोना किशोर यादव, पूर्व मुखिया गोपाल यादव, मनोज भूइयां, फिरदोस अंसारी, सदर सफीक अंसारी, रियाज अंसारी शमशाद अंसारी सहित कई लोगों ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया शोक सभा का आयोजन

**डंडाई (गढ़वा)।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर झामुमो डंडई प्रखंड डंडाई के कार्यकर्ताओं ने मुखिया धनवंती देवी के आवास पर शोक सभा का आयोजन किया। साथ उनकी मौत पर गहरा संवेदना व्यक्त करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। मौके पर बोलते हुए झामुमो नेता सह मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम ने कहा कि सूबे के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन से चारों ओर शोक की लहर है। पार्टी के टाइगर के नाम से विख्यात जगन्नाथ महतो हेमंत सोरेन सरकार के एक लड़ाकू वह प्रखर मंत्रियों में से एक थे। वे हर बार के आयोजित विधानसभा भवन में प्रदेशवासियों के साथ-साथ अपने क्षेत्र के वासियों के लिए किसी भी समस्या को बुलंदी से रखने का काम करते थे। उन्होंने शोक सभा कार्यक्रम में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के पारा शिक्षक जहां वर्षों से अपनी मांग को लेकर सड़क से सदन तक धरना प्रदर्शन से लेकर अन्य तरह की लड़ाइयों को लड़ने का काम कर रहे थे। लेकिन जगन्नाथ महतो ने अपने मंत्रित्व काल के दौरान उन्हें हर तरह के साख सुविधा उपलब्ध कराकर खुश करने का काम किया था। दुनिया में अब उनका नहीं रहना कहीं न कहीं जरूर प्रदेश के पारा शिक्षकों को खलेगा। प्रदेश भर के पारा शिक्षकों के लिए मंत्री जगन्नाथ महतो ने एक इतिहास लिखने का काम किया है। वहीं उनके निधन पर राज्य सरकार की ओर से 2 दिन का राजकीय शोक घोषित करने का काम किया गया है। उधर विभिन्न स्कूलों एवं सरकारी कार्यालयों में भी शिक्षा मंत्री के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित कर मंत्री के दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। शोक सभा में मुख्य रूप से पूर्व उप प्रमुख आनंद प्रकाश, दीनानाथ पांडेय, चंद्रशेखर प्रसाद, अनिल प्रसाद, मिथुन महतो, श्रीकांत प्रसाद, प्रमोद राम, अयोध्या प्रसाद, सनी कुमार, रविन्द्र राम, शंकर राम सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नप अध्यक्ष ने स्थापना दिवस पर भाजपा का झंडा लगाया



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** नगर पंचायत अध्यक्ष सह भाजपा नेत्री विजयालक्ष्मी देवी ने गुरुवार को अपने आवास पर भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा का झंडा लगाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सच्ची निष्ठा के साथ देशहित में कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व देश हर क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। ऐसे पार्टी का सदस्य होने पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सच्चे सिपाही होने के नाते हम सबो को मिल जुलकर स्थापना दिवस मनाना चाहिए। मौके पर राकेश प्रसाद, लव ठाकुर, राम प्रवेश उरांव, प्रमिला देवी, चंदन कुमार, बिरझन राम सहित अन्य उपस्थित थे।


# पूर्व विधायक के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के विरूद्ध व्यवहार न्यायालय गढ़वा से गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश निर्गत किया गया है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से पूर्व विधायक श्री तिवारी के विरूद्ध दायर मानहानि केस में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विजय कुमार दास की अदालत ने श्री तिवारी के विरूद्ध गिरफ्तारी का वारंट जारी करने का आदेश निर्गत किया है।

इस संबंध में मंत्री श्री ठाकुर के अधिवक्ता परेश कुमार तिवारी ने बताया कि मंत्री श्री ठाकुर ने परिवाद संख्या 292/2022 के तहत ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विजय कुमार दास की अदालत में पूर्व विधायक के विरूद्ध मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर संज्ञान लेते हुए भादवि की धारा 500 के तहत नोटिस दिया था। नोटिस प्राप्त कर लेने के बावजूद पूर्व विधायक श्री तिवारी अदालत में उपस्थित नहीं हुए। इस मामले पर सुनवाई करते हुए मजिस्ट्रेट श्री दास ने गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश निर्गत किया है। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक ने मंत्री श्री ठाकुर एवं उनके भाई पर बालू का अवैध कारोबार कराने, उसमें कमीशन लेने, टेंडर मैनेज करने आदि का आरोप लगाया था। मंत्री श्री ठाकुर एवं उनके भाई की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से इस प्रकार के आरोप सार्वजनित तौर पर कई बार लगाये गये थे। इन आरोपों से आहत होकर मंत्री श्री ठाकुर ने मामला दर्ज कराया था। इस मामले पर सुनवाई करते हुए ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट श्री दास ने गिरफ्तारी वारंट निर्गत करने का आदेश दे दिया है।

### जिसका मान ही नहीं हैं, उसकी हानि क्या होगी : सत्येन्द्रनाथ



**गढ़वा।** इस संबंध में पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि वह अभी क्षेत्र से बाहर हैं। जिसके कारण उन्हें गिरफ्तारी वारंट के आदेश के बारे में कोई जानकारी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे संविधान में विश्वास करते हैं। वह पूरी तरह से न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि जिसका मान होता है। उसी का हानि होता हैं। स्थानीय विधायक सह मंत्री का मान हैं ही नहीं तो उसका हानि क्या होगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक ने अपने कारनामे के कारण जनप्रतिनिधि जैसे शब्द को भी बदनाम करने का काम किया है। अभी भी टेंडर मंत्री और उनके भाई के ईशारे पर टेंडर मैनेज का खेल बदस्तूर जारी हैं। बालू की कालाबाजारी इस कदर कराई गई कि अब गरीबों को पीएम आवास निर्माण कार्य के लिए बालू नसीब नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्री की ओर से किए गए सभी कारनामे यथा हिन्दी, अंग्रेजी, मगही, भोजपुरी, अंगिका भाषा को हटाने के लिए कैबिनेट में दस्तखत कर गढ़वा- पलामू सहित हिंदी, अंग्रेजी भाषा को जानने वाले बच्चों के साथ क्रूर मजाक करने का काम किया है। इन सबों का सबूत उनके पास मौजूद है, जिसे वह अदालत के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। सैकड़ों वर्षो से जमीन पर काबिज गरीब परिवारों को उजाड़ा जा रहा है। वह हर समय मंत्री और उनके लोगों की ओर से किए जा रहे काले कारनामों का पदार्फाश करता रहूंगा।

### प्रखंड कार्यालय में शोकसभा का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग व मद्य निषेध विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित प्रखण्डकर्मियो ने दिवंगत मंत्री की आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया। शोकसभा के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने गुरुवार के लिये कार्यालय बन्द करने की घोषणा किया। शोकसभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, जनसेवक लालती देवी, प्रखंड नाजिर बृजवासिनी देवी, कनीय अभियंता जितेन्द्र कुमार, प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन, मनरेगा लेखपाल नागेन्द्र कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार,विक्रम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# संदिग्ध अवस्था में महिला का शव बरामद



### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के टैटूका गांव निवासी रविंद्र चंद्रवंशी की पत्नी नेहा देवी 22 वर्ष का शव संदिग्ध अवस्था में कुआं से बरामद किया है। शव को बरामद कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतिका की पिता सतेंदर चंद्रवंशी ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व अपनी पुत्री का शादी रविंद्र चंद्रवंशी के साथ हिंदू रीति रवाज धूमधाम से कराया था। शादी के कुछ दिन के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर उसेके साथ मारपीट किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि रविंदर का किसी दूसरे महिला के साथ अवैध संबंध भी था। उसके दबाव में आकर हमेशा रविंदर चंद्रवंशी ने उसके साथ मारपीट करता था। कुछ दिन पूर्व ही मृतिका के परिजनों के द्वारा रविंद्र चंद्रवंशी के घर जाकर समझा-बुझाया था। बावजूद लोग बाज नहीं आए मृतक के परिजनों ने कहा कि और उसके पति के द्वारा मारपीट कर उसकी हत्या कर उसका शव को कुएं में फेंक दिया गया है। साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से उसे आत्महत्या का रूप दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि एक कुआ से महिला का शव बरामद किया गया है। फिलहाल पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

समारोह | पार्टी का 43 वां स्थापना दिवस मनाया

# भाजपा में संगठन व कार्यकर्ताओं को दी जाती है प्राथमिकता : केसरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** भारतीय जनता पार्टी के 43 वां स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी मुख्य रूप से मौजूद थे। भाजपा के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के निदेर्शानुसार श्री बंशीधर नगर के प्रभारी अशोक सेठ के नेतृत्व में सभी शक्ति केंद्रों पर पार्टी का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस मनाया गया। तत्पश्चात पार्टी के वरिष्ठ नेता सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल को अंग वस्त्र देकर सम्मानित तथा चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है तथा हमें इस पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन से बड़ा व्यक्ति नहीं होता है। भाजपा ऐसी पार्टी है जो संगठन व कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देती है। पूर्व मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी समुदाय के प्रति एक अच्छी विचारधारा के साथ सबका साथ, सबका विकास के साथ चलने वाली पार्टी है। पार्टी ने आज विश्व के शिखर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आगे बढ़ रहा है। हम सभी गौरवान्वित महसूस करते हैं। मौके पर अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य लवली आनंद, मंडल कार्यसमिति सदस्य मथुरा पासवान, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पा देवी, हीरा प्रसाद, लाला पासवान, मंडल महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद, संजय कसेरा, मंडल आईटी सेल मुकेश प्रजापति, छोटू शुक्ला, सुधीर प्रजापति, मिथिलेश पासवान, अविनाश कुमार, राहुल देव पाल, अनिल दास, सूरज कुमार, नईम खलीफा, प्रकाशचंद्र, अश्विनी कुमार, अरुण कुमार, प्रदीप राम सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



# भाजपा का स्थापना दिवस झंडोत्तोलन कर मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया (गढ़वा)।** स्थानीय भाजपा कार्यालय में गुरुवार को भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश केसरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा का स्थापना दिवस झंडोत्तोलन कर मनाया गया। स्थापना दिवस के मौके पर सर्वप्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने अपने अवास पर भाजपा का झंडा लगाया। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं के साथ घर घर जाकर भाजपा का झंडा लगाने का कार्य किया। साथ ही भाजपा कार्यालय में जन संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता दुर्गेश सिंह ग्राम प्रधान खजुरी को अंग वस्त्र व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि आज हम सभी अपनी पार्टी का स्थापना दिवस मना रहे हैं। भाजपा की स्थापना काल से आज तक मां भारती की सेवा में समर्पित प्रत्येक भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व बुथ स्तर के कार्यकर्ता को इस अवसर पर बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आज हम देश के कोने कोने में हनुमान की जयंती भी मना रहे हैं। बजरंगबली का जयघोष चारों तरफ गूंज रहा है।

हनुमान के जीवन और उनके जीवन के प्रमुख प्रसंग हमारे भारत की विकास यात्रा में प्रेरणा देते हैं। आज भाजपा विकास और विचार का पर्याय है। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, महामंत्री विनय जयसवाल, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अनिल केसरी, विजय केसरी, राम जी ठाकुर, अनिल ठाकुर, दयानंद पाठक, राजकुमार गुप्ता, सहित काफी संख्या में भाजपा का कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक की लहर, दी गई श्रद्धांजलि

## शिक्षा मंत्री का जाना सहायक शिक्षकों के लिए अपूरणीय क्षति



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा लातेहार के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार व महासचिव अनूप कुमार ने सूबे के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की उनका जाना हम सभी सहायक अध्यापकों के लिए भारी क्षति है। वो हमेशा हमारी वेतनमान की मांग को लेकर प्रयासरत रहते थे और हम सभी को उम्मीद था की वो ठीक होकर वापस आने के बाद वेतन मान जरूर दिला देंगे। उनके निधन से हमसभी मर्माहत है। इन दौरान शोक व्यक्त करने वालो में प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकेश पाठक, प्रमोद पांडेय, बेलाल अहमद, गोविंदा कुमार, अभिनय मिश्र, प्रवीण सिंह, पवन यादव, शेखर यादव, लाल आशीष नाथ शाहदेव, मनोज सहाय, संजय सिंह, दिलीप प्रसाद, समोधी यादव, विजय यादव, बबलू सिंह, विजय तिर्की, उमेश प्रसाद, उमेश साहू, भुनेश्वर पांडेय, राजेश सिंह, सुनील सिंह, उमेश साहू, विनोद मिश्रा, कुंज बिहारी प्रसाद, दया उरांव, निर्मल उरांव, सतेंद्र यादव, दिनेश ठाकुर, महाभारत भगत, संजय द्विवेदी, उमेश यादव समेत जिले के कार्यरत लगभग 1500 व सूबे में कार्यरत लगभग 62 हजार सहायक अध्यापकों में शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक सभा का किया गया आयोजन

**बरवाडीह।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के साथ-साथ प्रखंड में पदस्थापित कर्मी और अन्य लोगों ने दिवंगत शिक्षा मंत्री की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोक सभा में प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मी समेत पंचायतों के मुखिया समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे। वहीं कन्या विद्यालय परिसर में सहायक अध्यापक संघ के द्वारा भी शोक सभा हुई। मौके पर सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष -बिजय यादव, विजय प्रसाद, बलराम सिंह, कुमार सौरभ, लाल बिहार यादव, ललन सिंह, प्रमोद यादव, अरविन्द कुमार, नंदलाल राम, डिलेस कुमार, अनिल प्रसाद, अनिल सिंह, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

## आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन पर राजनीतिक कार्यकताओं के साथ-साथ समाजसेवियों ने शोक व्यक्ति किया है। शोक जाहिर करने वालों में से जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, मंडल युवा अध्यक्ष दीपक यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजपा नेता शैलेश सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष एश्वर उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, समाजसेवी रामनाथ सिंह, अजित कुमार (प्रेस), सुनील गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों ने जगन्नाथ महतो के निधन पर प्रभु से दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान करने की कामना की।

## NEWS इन ब्रीफ

### उप स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों का इलाज

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत फुलसू स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र में बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डॉ सुरेश राम ने मरीजो का इलाज किया। डॉ सुरेश ने बताया कि बारियातू प्रखंड उपप्रमुख सह फुलसू पंसस निशा शाहदेव ने ग्रामीणों की चिकित्सा सुविधा को लेकर गुरुवार को साप्ताहिक बाजार के दिन एक डॉक्टर की व्यवस्था कराने की मांग की थी। जिसे देखते हुए फुलसू उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रत्येक गुरुवार को कोई न कोई डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। उपप्रमुख निशा ने बताई की चुनाव के समय ग्रामीणों को आस्वस्त की थी कि फुलसू में चिकित्सा व्यवस्था मेरी पहली प्राथमिकता है। बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डॉ सुरेश को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने फुलसू वासियों को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे। इसके ठीक पूर्व यूथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लाल आशीष नाथ शाहदेव, अवध किशोर सिंह,बाबूलाल रजक,पुन्नू प्रजापति सहित अन्य ने डॉ सुरेश को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

### बीएलओ को प्रोजेक्टर से दिया गया प्रशिक्षण

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार नवनियुक्त बीएलओ व पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण दिया गया। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में नवनियुक्त बीएलओ पर्यवेक्षक एवं बीएलओ को मास्टर ट्रेनर कुशध्वज कुमार व आलोक कुमार दुबे ने सभी को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मतदाता सूची में शुद्धिकरण करने के लिए फॉर्म 6 में नाम जोड़ने, फॉर्म एक से नाम सुधार सहित फोटो नाम पता सुधारने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान झारखंडके शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन की बात सुनकर सभी को शोक व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण से छुट्टी कर दी गई। मौके पर पर्यवेक्षक विमला कुमारी, मधुबाला देवी, सविता देवी, सुषमा देवी, अनीता देवी आदि सभी बीएलओ पर्यवेक्षक एवम बीएलओ मौजूद रहे।

## भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस, बोले

# अंतिम व्यक्ति तक का हो रहा विकास




**कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल उपाध्याय, जवाहर अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद शौण्डिक, जयप्रकाश महलका, नारद पांडेय एवं प्रेमचंद दास को सम्मानित किया गया।**

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में गुरुवार को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने झंडोत्तोलन कर की। सबसे पहले डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह की अध्यक्षता में जनसंघ काल के भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को बारी-बारी से सम्मानित किया गया।

मौके पर प्रदेश किसान मोर्चा के द्वारा प्रदेश से नियुक्त कार्यक्रम प्रभारी राजीव शाहदेव ने कहा कि जनसंघ काल से जुड़े सभी जनसंघी, वरिष्ठ भाजपा के नेता के परिश्रम का फल है कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि चाहे वह किसान हो, मजदूर हो, गरीब हो, दिव्यांग हो, सभी स्तर पर सामाजिक सद्भाव के साथ विकास कार्य किया जा रहा है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंच रही है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन बंसी यादव ने किया। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, कार्यक्रम सह प्रभारी राजेश शाह, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, भाजपा के वरिष्ठ नेता मोती प्रसाद सोनी, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, उषा देवी, जिला मंत्री संतोष यादव, महिला मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पलामू प्रमंडल के प्रभारी कल्याणी पांडेय,जिला कार्यसमिति सदस्य रामदेव सिंह, रानी देवी, गणेश प्रसाद, मनोज प्रसाद, आशा देवी किसान मोर्चा के चंदवा मंडल अध्यक्ष राजमणि वैद्य, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गोविंद प्रसाद,ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री विष्णु प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अश्वनी सिंह, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण प्रमोद कुमार, नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार, मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी, विवेकानंद गुप्ता, युवा मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार,पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## चंदवा में भी मनाया गया स्थापना दिवस

**चंदवा।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल एव श्यामाप्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, पूर्व जिला महामंत्री देवमोहन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहू,राज कुमार पाठक, मंडल उपाध्यक्ष संजय साहू, विजय दुबे, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, भाजपा मंडल मंत्री हीरामणि देवी, सोसल मीडिया प्रभारी कृष्णा कुमार, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रोहित शाहदेव, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी देवी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण साहू, महामंत्री वीरेंद्र प्रसाद साहू, पंचायत अध्यक्ष मुरारीलाल साहू, जमुना चौधरी, अमित गुप्ता, राजु भुइयां, विनोद कुमार गुड्डू, दिनेश प्रसाद समेत अन्य सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बूथ स्तर पर कैंपेन चलाने का संकल्प

**बरवाडीह।** भाजपा मंडल कार्यालय में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और समर्थकों ने शिरकत की। कार्यक्रम में पार्टी के संस्थापक रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रदेश कमेटी के निर्देश पर पार्टी कार्यालय में पार्टी का झंडा फहराने का काम मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद और प्रदीप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के नीति सिद्धांतों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को लेकर बूथ स्तर पर अभियान चलाने का संकल्प भी लिया गया। मौके पर पार्टी के उप प्रमुख विरेंद्र जायसवाल, राजीव कुमार सिंह राजू, मनोज सिंह चेरो, नंदनदेव सिंह, जितेंद्र शाह, हेमंत कश्यप, पारस जायसवाल, उपेंद्र प्रसाद, प्रवीण कुमार, मनोज यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, दिलीप कुमार पासवान, सतीश कुमार यादव, संतोष सिंह चेरो समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे।

## मंत्री के निधन पर शोक सरकारी दफ्तर रहे बंद



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/गिद्धौर**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा मद्य निषेध विभाग के मंत्री जगन्नाथ महतो के असमय निधन पर जिला मुख्यालय के अलावे सभी प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई। सासथ ही विभिन्न दलों के नेता, समाजसेवी, प्रतिनिधि आदि ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। गिद्धौर प्रखंड के शिक्षकों व प्रखंड कर्मियों ने शोक व्यक्त किया। इस दौरान बीडीओ ने मंत्री के असमय निधन पर कहा कि यह झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। वे रियल में झारखंड के लिए टाइगर थे। वहीं सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में शोक सभा आयोजित कर गुरुवार को सरकार के निर्देश पर अवकाश घोषित कर दिया गया। शोक व्यक्त करने वालों में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, बबलू कुमार साव, सुनील कुमार राणा, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष बहादुर दांगी, जिला सचिव बैजनाथ दांगी, यदुनंदन पांडेय सहित सरकारी कर्मचारी शामिल हैं।

### मंगावां सचिवालय में दिवंगत शिक्षा मंत्री को दी गई श्रद्धांजलि

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के मंझगावां पंचायत सचिवालय में मुखिया मंजित सिंह की अगुवाई में राज्य के दिवंगत शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के असमय निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। वहीं तिलरा मध्य विद्यालय एवं हरिजन जनता उच्च विद्यालय मंझगावां में भी शोक सभा हुई। इसमें प्रधानाध्यापक सचित सिंह, पंचायत कार्यकारिणी सदस्यों के अलावे रोजगार सेवक यदुनंदन कुमार, सुबोध सिंह, यशमेंद्र यादव, लल्लू सिंह, प्रधानाध्यापक चंद्रदीप मेहता, मालिक बाबू आदि उपस्थित थे।

### नेतरहाट विद्यालय में भी किया गया शोक सभा का आयोजन

**महुआडांड़।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के मुख्य भवन परिसर में शोक सभा हुई। इसमें प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान, शिक्षक रवि प्रकाश सिंह आदि ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा एवं परिवारजनों को इस असीम दुख सहने की क्षमता मिले। शोक सभा के बाद मंत्री जी के सम्मान में विद्यालय के सभी कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया।

## ईश्वर लोगों को प्रेम करना सिखाता है : बिशप

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
पास्का का पर्व खीस्तीयों के लिए तीन दिवसीय समारोह होता है। सबसे पहले खजूर रविवार के द्वारा हम पवित्र सप्ताह में प्रवेश करते हैं। उसके बाद पुण्य बृहस्पतिवार के दिन हम कृतज्ञता के साथ प्रभु येसु के दुख भोग, मृत्यु एवं पुनरुत्थान के साथ साथ पूराने यहूदियों के पास्का त्यौहार का नए विधान के पास्का त्यौहार में परिवर्तन की याद करते हैं।

डाल्टनगंज धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मसकरेनहस ने पुण्य बृहस्पतिवार को महुआडांड़ माता पल्ली में विशेष विनीत पूजा कराई। जहां उन्होंने कहा कि ईश्वर से सबसे पहले प्रेम करो और अपने आसपास लोगों को प्रेम करो। यही आज के लिए विशेष विनीत है। उन्होंने बताया कि नया व्यवस्थान में प्रभु येशु खीस्त अपने दुखभोग, मृत्यु और पुनरुत्थान के पहले अपने शिष्यों से अंतिम विदाई लेते हैं। सबसे पहले उन्होंने अंतिम ब्यारी की, शिष्यों के साथ अंतिम बार भोजन किया। भोजन के समय उन्होंने विनम्रता की शिक्षा दी वे भोजन से उठकर गमछा लपेटकर अपने शिष्यों के बारे बारी से पैर धोए और पवित्र यूखरिस्त की स्थापना करते हुए वे कहते हैं मेरी यादगारी में तुम यह किया करो और इस तरह उन्होंने पुरोहिताई संस्कार की स्थापना की।

## राहगीरों के लिए जल की व्यवस्था

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत नवादा पंचायत के नवादा गांव में जल ही जीवन के तहत गाव के खूबलाल साहू द्वारा नि5शुल्क शुद्ध पेयजल केंद्र खोला गया। जिसका उद्घाटन गुरुवार को जिप सदस्य सरिता देवी व नवादा मुखिया विकास सिंह ने विधिवत फीता काट कर किया। जिप सदस्य ने कहा कि मुझे बहुत समारोहों में जाने का मौका मिला, लेकिन गर्मी को देखते हुवे राहगीरों के लिए किए गए शुद्ध पेयजल व्यवस्था केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेना अच्चछा लगया। बधाई के पात्र हैं नवादा की जनता जो इस पुनीत कार्य मे मुझे भी सम्मलित होने का मौका दिया। इसी तरह की व्यस्था हर जगह होनी चाहिए।

## मरांडी का गिद्धौर में भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)**
झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में भाजपा कार्यकताओं द्वारा गुरुवार को भव्य स्वागत किया गया। श्री मरांडी सदर प्रखंड के आरा गांव में दिवंगत भाजपा नेता अजय सिंह के श्रद्धा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में गिद्धौर मुख्य चौक पर भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें गर्मजोशी के साथ फूल माला व भगवा गमछा देकर स्वागत किया।। इस दौरान श्री मरांड़ी ने कार्यकताओं से परिचय प्राप्त करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के तैयार में जुट जाने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने राज्य सरकार के कामकाज पर कई सवाल खड़ा किए। जबकि केंद्र सरकार के कार्य की काफी सराहना की। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ देश आज मजबूत हुआ है। मौके पर बीजेपी एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता जीतन राम, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, उज्ज्वल दास, मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, उज्जवल दास, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, युवा मोर्च मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, लखन दांगी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार राणा, ब्रजेश कुमार सिन्हा, प्रेमचंद यादव, विकास कुमार दांगी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महतो माटी से जुड़े हुए नेता थे

**चंदवा।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए झामुमो प्रखंड कमेटी ने कहा कि श्री महतो के निधन से पार्टी समेत झारखंड को गहरा आघात लगा है। महतो माटी से जुड़े हुए जननेताओं में गिने जाते थे दबे कुचले लोगों के लिए वे मसीहा थे। शोक व्यक्त करने वालों में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य इस्तियाक खान, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, प्रखंड सचिव मो इजहार, शितमोहन मुंडा, मो सरफराज, रामबचनदेव गंझु, चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव, माल्हन मुखिया जतरु कुमार मुंडा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान,माकपा नेता अयुब खान,भाकपा नेता प्रमोद साहु,अनिल साहु आदि लोग शामिल हैं।

## प्रदर्शन | जिला अध्यक्ष बोले, बिना दलाली नहीं होता काम

# आजसू ने निकाली जन आक्रोश रैली




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष अमित पांडे के नेतृत्व में एक जन आक्रोश रैली बाजार टांड़ से होते हुए समाहरणालय परिसर पहुंची, जहां यह रैली धरना के रूप में तब्दील हो गई। रैली का मुख्य एजेंडा अंचलों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता का आक्रोश था।

सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अमित पांडे ने कहा कि अंचलों में कोई भी कार्य बिना दलाली के नहीं हो पा रही है जिससे आम जनता काफी त्रस्त है। साथ ही बिचौलियों की मनमानी कुछ इस तरह बढ़ गई है कि कोई भी रैयत बिना बिचौलियों को पैसा दिए अपना कार्य अंचल से नहीं करवा सकता। जिला प्रवक्ता नितेश पांडे ने कहा कि यह निकम्मी सरकार जल, जंगल और जमीन बचाने के नाम पर झारखंड की भोली भाली जनता को ठगकर सरकार बनाई है। इस सरकार में अंचल अधिकारियों का इतना मनोबल बढ़ गया है कि वे सीधे तौर पर रजिस्टर टू जैसे दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष सरवन पासवान ने कहा कि आने वाले चुनाव में इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना ही हमारा लक्ष्य होगा। मौके पर सद्दाम अंसारी, बिट्टू दास, राहुल दुबे, सोनू कुमार, संजय तिवारी, प्रीतम गुप्ता, नीमा देवी, अमर उरांव, राजा दुबे, रूपेश उरांव, लक्ष्मण प्रसाद, संकर उरांव, उमेश ठाकुर, ताज मोहमद, अजीत लोहारा, अमित तुरी, पंकज जयसवाल, मुन्ना उरांव, पन्ना देवी, सुशील उरांव, सुनील उरांव, प्रतिभा देवी, संगीता देवी, सबिता देवी, रीमा देवी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## संजय उपप्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष बने, कविता सचिव

**चतरा/गिद्धौर।** जिला मुख्यालय स्थित पीएचडी कार्यालय के समीप उपप्रमुख संजय गुप्ता के आवास में गुरुवार को उपप्रमुख जिला संघ चुनाव को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सिमरिया उपप्रमुख दमोदर गोप व संचालन उपप्रमुख राहुल कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में उपस्थित उपप्रमुखों ने झारखंड के शिक्षा मंत्री के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उसके बाद उपप्रमुख के अपने हितों को लेकर जिला स्तरीय संघ का गठन करते हुए सर्वसमती से इटखोरी उपप्रमुख संजय कुमार गुप्ता को जिलाध्यक्ष, प्रतापपुर के कविता देवी को सचिव, गिद्धौर के प्रितम कुमार यादव को कोषाध्यक्ष सहित कई को सदस्य व मीडिया प्रभारी का मनोनयन किया गया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों को माला पहना कर स्वागत किया गया।

# बालूमाथ : जल नल योजना की गुणवत्ता की खुलने लगी पोल



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत तुम्बागड़ा, कलकलिया, खैराही,चुंहट, पालही करमाही जैसे दर्जनों गांव का ग्रामीणों की शिकायत पर लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी पीएचडी विभाग के जैई को साथ लेकर जल नल योजना की उक्त गांव में जाकर जांच की। जांच में ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत सही पाई गई। जल नल योजना का निर्माण कार्य बिल्कुल घटिया पाया गया। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि जल नल योजना बहुत ही जन उपयोगी है और संवेदक जैसे तैसे योजना निर्माण करा खानापूर्ति कर पैसा निकासी में लगे हुए हैं। योजना में डीप बोरिंग के महज 100 से 150 फीट तक करने की सूचना है। और तो और इसमें जो पाइप और नल लगाए गए हैं वह लो ग्रेड का है। बनने के साथ ही नल से पानी का रिसाव हो रहा है। और जिस पिलर पर नल लगाया गया है वह पिलर में छरि (स्टोन) नहीं है। कम सीमेंट डालकर बालू का पिलर बनाया गया है। जिसे हाथों से तोड़ने पर ही टूट जा रहा है। इससे यह साबित होता है कि संवेदक और पीएचडी विभाग गुणवत्तापूर्ण योजना का निर्माण नही करा रहे हैं। यह पीएचडी विभाग की मिलीभगत से संवेदक द्वारा घटिया निर्माण कराया जा रहा है। सिर्फ इतना ही नहीं, कई पुराने चापाकल को नया दिखाकर कनेक्शन कर दिया गया है। ग्रामीणों द्वारा गुणवत्ता पर सवाल उठाने पर संवेदक द्वारा नहीं सुनी जाती है। ग्रामीणों को एक ही जगह पर 4-5 कनेक्शन किया गया है। इसको लेकर जिप उपाध्यक्ष ने पीएचडी विभाग लातेहार के साथ-साथ जिला उपायुक्त को लिखित शिकायत कर कार्रवाई करने की बात कही।

# शिक्षा मंत्री महतो के निधन पर शिक्षक संघ व झामुमो सिमडेगा ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला सिमडेगा के तत्वाधान में झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन होने के कारण शोक सभा का आयोजन किया गया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने उपस्थित शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों को संबोधन करते हुए कहा कि इनका आकस्मिक निधन होना राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना ने कहा कि जगरनाथ महतो की कमी आने वाले कई वर्षों तक खलेगी। इस अवसर पर



झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव सफीक खान ,जिला कोषाध्यक्ष नुवास केरकेट्टा, जिला सह सचिव सिकंदर बरवा, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद सिकंदर ,सुनील सुरीन, एमएल समद, देवेंद्र प्रसाद तिवारी, सलीम तिर्की,ज्योति सोरेंग,विनय शंकर नंद, दिलीप प्रसाद ,नागेश्वर होता ,मृगेंद्र कुमार, सतीश कुमार, सुनील कुमार, लक्ष्मण साहू, आमोद रंजन ,नौशाद परवेज, उपेंद्र कुमार ललित कुमार ,अमर कुमार सिंह, मनीष केसरी, संजय चौरसिया, प्रसाद जनक प्रसाद उपस्थित थे।

## विधायक भूषण ने जताया शोक

**सिमडेगा:** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के असामायिक निधन पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने गहरी शोक संवेदना ब्यक्त किया है। विधायक ने शोक जताते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में न सिर्फ सिमडेगा का बल्कि राज्य का हर वर्ग, दुखी परिवार के साथ खड़ा है। विधायक ने कहा कि ईश्वर दिवंगत के आत्मा को शांति प्रदान करे। साथ ही उन्हें अपने श्री चरणों मे स्थान दें।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर चैनपुर झामुमो कार्यकताओं ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**

झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक की लहर है। इसको लेकर चैनपुर जेएमएम सहित कई नेताओं और कार्यकताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। दुख व्यक्त करने वालों में झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सह जिला 20 सूत्री सदस्य सुशील दीपक मिंज, एफरेम कुजूर, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर, बजरंग कुमार, निशांत रोनाल्ड टोप्पो, अनूप मिंज, राहुल कुमार, नीलेश एक्का सहित कई झामुमो कार्यकर्ता शामिल रहे। इधर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री माननीय श्री जगन्नाथ महतो के निधन पर चैनपुर प्रखंड कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह सहित पदाधिकारियों एवं प्रखंड कर्मियों ने 2 मिनट मौन रखकर दिवंगत आत्मा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर कांग्रेस जनों ने शोक सभा की

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य के मानव संसाधन विकास मंत्री जगरनाथ महतो का आकस्मिक निधन हो गया । उनके निधन पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि जगरनाथ महतो झारखंड के धरती पुत्र थे उन्होंने अलग झारखंड राज्य की लड़ाई में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया था झारखंड के निर्विवादित नेता के रूप में जनता के बीच काफी लोकप्रिय थे। शोक सभा में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रऊफ अंसारी महासचिव सामूल अंसारी, सदरुल अंसारी, सचिव रविंद्र सिंह, मुस्ताक अहमद, तनवीर गौहर, प्रकाश उरांव आदि उपस्थित रहे।

## जनता ने जन नेता खोया : साहू

**लोहरदगा।** राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने जताया शोक जताया है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी ने झारखंड के एक आंदोलनकारी और राज्य की जनता ने एक लोकप्रिय नेता खो दिया। उन्होंने एक अभिभावक के रूप में हमेशा मार्गदर्शन दिया। कोरोना काल में उनके कार्य कुशलता ने हम सभी को प्रोत्साहित किया।

---

**NEWS इन ब्रीफ**

### युवकों से 6 मोबाइल फोन व नकद की लूट

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के सलगी पंचायत अंतर्गत लोहरदगा टोरी रेल खण्ड के 33 न पुल के समीप पिकनिक मनाने गए युवकों से बुधवार की दोपहर हथियारबंद अपराधियों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। लूट का शिकार थाना के चौकीदार का बेटा भी हुआ है। इस बाबत सुकुमार के चौकीदार दिनेश राम के पुत्र रोहित कुमार ने कुडू थाना में दिए अपने आवेदन में बताया है कि बुधवार 5 अप्रैल को वो अपने दोस्तों के साथ 33 न पुल के समीप पिकनिक मनाने गया था। वे अपने दोस्त धीरज साहू, राजकुमार साहू, ज्ञानचंद साहू, शातिष कुमार और आनंद साहू के साथ खाना बना रहा था तभी 8 - 10 की संख्या में पहुंचे हथियारबंद वदीर्धारी अपराधियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए सभी के मोबाइल फोन और चार हजार रु नकद लूट कर चले गए। रोहित ने अपने आवेदन में बताया है कि अपराधकर्मी खुद को पीएलएफआई नक्सली संगठन का दस्ता बता रहे थे। इस संबंध में कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने किसी नक्सली संगठन का हाथ होने से साफ इनकार करते हुए इसे स्थानीय उच्चकों की करतूत बताई है। उंन्होने जल्द ही इसका खुलासा किये जाने की बात कही है।

### कुडू के साप्ताहिक हाट से फिर बाइक की चोरी

**लोहरदगा।** कुडू के सप्ताहिक बाजारो से बाइक चोरी की घटना थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। छह अप्रैल गुरुवार साप्ताहिक कुडू बाजार से चंदवा थाना क्षेत्र के आरा निवासी आनंद तुरी का हीरो ग्लैमर बाइक नंबर जेएच 08 ई 1085 को अज्ञात चोरों ने गायब कर दिया। आनंद तुरी ने बताया कि वह आज कुडू बाजार अपना भाई मुकेश तुरी का उक्त बाइक लेकर कुडू सप्ताहिक गुरुवार बाजार आया था। जहां बाइक को बाजार में खड़ा कर हेंडिल लॉक कर सब्जी खरीद लगभग आधे घंटे बाद पहुचा। जहां बाइक खड़ी थी वहां आया तो बाइक गायब था। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला तो भुक्तभोगी ने इसकी सूचना पुलिस थाना को दी है।

---

**सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर की गई चर्चा**

# भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई ने पार्टी के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के द्वारा बख्शिडिपा स्थित जिला भाजपा कार्यालय में झंडारोहण किया गया। इसके साथ ही कार्यकताओं ने अपने-अपने घरों पर झंडा लगाने का कार्य किया। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिले के जनसंघ काल के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, उमेश कास्यकार, राजकिशोर महतो, विनोद राय उपस्थित थे। झंडोत्तोलन के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर देश के कार्यकताओं के संबोधन कार्यक्रम को पार्टी कार्यालय में टेलीविजन के माध्यम से सुना गया।

इस मौके पर आगामी 11 अप्रैल को होने वाली हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर संयोजक जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू, वाहन व्यवस्था प्रमुख जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा एवं ओम प्रकाश गुप्ता को बनाया गया। दीवार लेखन कार्यक्रम की जिम्मेवारी नगर और ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा, किस्को अनुसूचित जाति मोर्चा, कुड्डु व कैरो मंडल ओ.बी.सी मोर्चा, सेन्हा मंडल किसान मोर्चा, पेशरार मंडल अनिल उरांव, भंडरा मंडल विवेक सोनी को दी गई। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र महतो के नेतृत्व में जनसंघ काल के कार्यकर्ता ब्रजबिहारी प्रसाद, उमेश कास्यकार, विनोद राय, राजकिशोर महतो को प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी राजेश महतो की उपस्थिति में पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित नीरज कुमार हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू, समेला भगत, सूरज मोहन साहू, बालकृष्णा सिंह, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, मनिष शिखर, जितेंद्र महतो, प्रकाश नायक , सुरेश बैठा अशोक साहू, सरिता देवी, सुरेश लोहरा, ओम गुप्ता, संजय कुमार, विजय महतो, बृजनंदन यादव, उमेश कास्यकार अमर भगत सहित अन्य शामिल थे।



## भाजपा कार्यकताओं ने घरों पर लगाए झंडा

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। सभी 14 मंडलों में भाजपा कार्यकताओं ने अपने अपने आवास पर चौक चौराहों पर पार्टी के झंडे लगाए एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा के विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने पर हम सबों को गर्व होना चाहिए। कार्यकताओं को संदेश देते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की उन सभी कार्यकताओं को नमन जिनके अथक प्रयास और खून पसीने की मेहनत से भारतीय जनता पार्टी खड़ी हुई और आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कुरडेग स्थित अपने आवास पर भाजपा ध्वज का झंडा तोलन का कार्यकताओं के संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संबोधन सुना एवं कार्यकताओं को संदेश देते हुए कहा की हम सबों को गर्व होने के साथ-साथ एक जिम्मेवारी भी है कि हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, भारतीय जनता पार्टी के सबसे बड़े राजनीतिक दल बनने में आप जैसे सभी कार्यकताओं का अथक परिश्रम एवं मेहनत से आज हम इस मुकाम पर हैं।

## मंत्री के निधन पर कैरो जेएमएम ने की श्रद्धांजलि अर्पित

**कैरो / लोहरदगा।** जेएमएम के कद्दावर नेता झारखंड आंदोलनकारी, डुमरी विधायक व राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एव उत्पाद एव मद निषेध विभाग मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन होने पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा कैरो प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। इस मौके पर जेएमएम के केन्द्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी, मुख्य रूप से कैरो प्रखण्ड अध्यक्ष मो सजाद, धनपत उरांव, अशोक पहान, सुखदेव उरांव, जमील अख्तर, सुरेश उरांव, अख्तर अंसारी, समीरुदीन अंसारी, कार्तिक महली, हासिम अंसारी, बिपिन उरांव, मंगलदेव उरांव, सिब भगत, प्रवीण साहू, उमेश उरांव, बुदीया उरांव, अंगनु उरांव, चन्द्रदेव उरांव, रिजवान अंसारी आदि शामिल रहे।

**बीआरपी सीआरपी ने शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी : लोहरदगा।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर बीआरपी सीआरपी परिवार शोक संतप्त एवं मर्माहत हैं। शोक व्यक्त करने वाले में धर्मेंद्र सोनी, उपेन्द्र ठाकुर, जीतेन्द्र मित्तल, दीनबंधु डे, संतोष कुमार, इम्तियाज अहमद, जावेद अंसारी, निधि गुप्ता,सीमा शर्मा, अनंत शर्मा, ओपन देवघरिया, सुशील कुमार, संजीव कुमार,संजय कुमार, अम्बिका शरण पांडेय, निशा प्रसाद, निशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

# विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शोक सभा आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय सूबे के शिक्षा मंत्री एवं सरस्वती शिशु मंदिर गुंजरडीह, बोकारो के माननीय सचिव जगन्नाथ महतो के असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। इसके बाद अवकाश घोषित किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद, डॉ. शशि गुप्ता, सदस्य शोभा देवी, जीतराम बड़ाईक, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी आदि शामिल थे।

## शिक्षा मंत्री के निधन से शिक्षा सुधार को झटका

**लोहरदगा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री जगरनाथ महतो की असामयिक निधन पर झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सुमन, महासचिव प्रेम प्रसाद राणा, सचिव मुमताज अहमद, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय और कोषाध्यक्ष लीलावती मिंज, कादिर अंसारी, मंजीत लाल यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षक नेताओं ने उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए कहा कि मंत्री जी हमेशा शिक्षा में सुधार के लिए क्रियाशील रहते थे। उनके नहीं रहने से इस प्रयास को झटका लगेगा। उनके आकस्मिक निधन से झारखंड के शिक्षक, कर्मचारी, समग्र शिक्षा कर्मी, बीआरपी, सीआरपी, समस्त परियोजना कर्मी उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।

---

# केंद्र सरकार ने संस्थाओं का किया दुरुपयोग : बंधु

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को सिमडेगा जिला परिषद मल्टीपरपज भवन में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को जय भारत सत्याग्रह आंदोलन करने की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि आज देश की स्वतंत्र संस्थाओं पर केंद्र सरकार ने कब्जा कर इसका दुरुपयोग करना शुरू कर दिया है। देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में सांसदों को बोलने नहीं दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने संसद में रखने का कार्य किया लेकिन षड्यंत्र के तहत सदस्यता छीन ली गई। ऐसे में भारत की जनता को इस तानाशाही सरकार के खिलाफ हम जन आंदोलन कर अपनी बात बताने का कार्य कर रहे हैं। मौके पर शिक्षा मंत्री के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू प्रदेश सचिव नॉमिता बा , 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जयस्वाल,जिला परिषद सदस्य जोसीमा खाखा, शांतिबाला केरकेट्टा, समरोम पॉल टोपनो, प्मो समी आलम , कौशल किशोर आदि मौजूद रहे।

## ओड़गा में हुआ सत्याग्रह आंदोलन

**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड के ओड़गा में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष सुशील जडिया की अध्यक्षता में की गई। इसमें मुख्य रूप से जिला विधायक प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष मो शमी आलम एवं जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा उपस्थित थे। राहुल गांधी की सदस्यता खत्म किए जाने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा जय भारत सत्याग्रह आंदोलन की मुहिम शुरू की गई है। पार्टी नेतृव के आह्वान पर आयोजित इस मुहिम के तहत बृस्पतिवार को ओड़गा में की गई। कार्यक्रम में प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, पंकज कुमार साहु, अनिल डांग, रहीम खान, सुनील सुरीन, कमरुदीन खान मौजूद रहे।

# कुडू में हाथियों ने फिर दी दस्तक

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू - लोहरदगा**

लोहरदगा - लातेहार जिले के सिमाने पर स्थित चंदवा ब्लॉक के बरवाटोली पंचायत अंतर्गत उढ़रा टोली गांव में एक बार फिर जंगली हाथियों ने दस्तक दी है। हाथियों के झुंड ने बुधवार की रात मोसेमात दहली देवी पति स्व टिकुवा उरांव के घर को एक बार फिर तोड़ दिया है। वहीं दूसरे दिन गुरुवार को कुडू के गोली पहुंच जतरा टोंगरी के नीचे बने कुडू निवासी उदय साहू के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा करीब दर्जन भर किसानों की फसलों को भी बर्बाद कर दिया है। फिलहाल हाथियों का झुंड पास के जंगल में डेरा जमाए हुआ है। इसको लेकर एक बार फिर क्षेत्रवासीयो में भय व्याप्त है। ज्ञात हो कि बीते वर्ष 21 अक्टूबर की रात भी मोसेमात दहली देवी के इसी घर को धाराशाई कर दिया था। रात के करीब 11 बजे हुए हाथियों के हमले से घर मे मौजूद उनकी बेटी मंगरी देवी ने अपनी बेटी के साथ घर से भागकर अपनी जान बचाई थी। वहीं दूसरे हिस्से में सो रही दहली देवी बाल बाल बच गयी थी। इस दौरान हाथियों ने घर मे रखे बर्तन को पैरों से रौंद सारे अनाज चट कर गए थे। नुकसान की वन विभाग या प्रखण्ड प्रशासन की ओर से एक फूटी कौड़ी तक नसीब नहीं हुई।



## 50 लीटर अवैध शराब की गई नष्ट

**चैनपुर (गुमला।** चैनपुर पुलिस ने गुरुवार को मुख्यालय के प्रेमनगर, चर्च रोड, बाजार ताड सहित कई जगह छापेमारी कर 50 लीटर से अधिक महुआ शराब हो जावा महुआ को नष्ट कर दिया। गुरुवार को चैनपुर में सप्ताहिक बाजार लगता है इस दिन भारी मात्रा में महुआ शराब की बिक्री की जाती है। पुलिस द्वारा किए गए इस कार्रवाई से शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है। मौके पर चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने सभी शराब बिक्रेताओ को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग शराब बनाते या बिक्री करते हैं वो सुधर जाए अगले बार शराब बनाते या बिक्री करते पकड़े जाते हैं तो उनके उपर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

**समस्या** **विधायक कोचे मुंडा ने किया टोंगरी टोली का दौरा**

# मूलभूत सुविधाओं को तरसा गांव

**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

बानो प्रखंड के गेनमेर पंचायत के टोंगरी टोली में विधायक कोचे मुंडा ने किया दौरा। कार्यक्रम में विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि तोरपा बिधान सभी धीरे-धीरे विकास की गति बढ़ रही है। सबसे पहले गांव में पेयजल की समस्याओं को दूर करूंगा। गांव की अन्य समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा। गांव का विकास तभी हो सकता है जब आप जागरूक हो। गांव का विकास तब होगा जब गांव आने के लिये सड़क होगा पुल होगा। पूर्व की सरकार कहती थी विकास अंतिम गांव तक होगी, परन्तु अब मोदी सरकार का कहना है कि अब पहले गांव की विकास की जाएगी।

मौके पर बीडीओ यादव बैठा भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमीन सिंह, तिलकधारी सिंह, शिवशरण सिंह आदि लोग उपस्थित थे। बानो प्रखण्ड के जंगलों पहाड़ों के बीच झारखंड का यह अंतिम गांव तक आज भी विकास नहीं पहुंच पाया है। पड़ोसी राज्य के गावों में लगे मोबाइल फोन का नेटवर्क गांव तक तो आता है पर सड़क की सुविधा नही है। जनप्रतिनिधियों ने कभी इस ओर नजर नहीं डाला। बुधवार को हिन्दू जागरण मंच के संजय वर्मा ने विधायक कोचे मुंडा के साथ विकास के लिये पहल करने की बात कही। गांव की समस्या देख कर विधायक भी दंग रह गए। गांव की बड़ी समस्या थी पेयजल समस्या। ग्रामीण पास के नाले से पानी लाते हैं। नदी किनारे के कच्चा चुवां में आज उन्हें 21सदी का सपना दिखता है। गांव जाने के लिए विधायक के साथ पशासन की गाड़ियों को भी बिना पुल के झरिया नाला पार कर गांव तक जाना पड़ा। हर बार विकास के नारे के साथ जनप्रतिनिधि जीत तो जाते हैं पर ग्रामीणों की समस्याओं पर कोई ध्यान नही देता।



## कीर्तन में शामिल हुए संदेश एक्का

**कोलेबिरा/सिमडेगा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत बरसलोया गांव में आयोजित पांच दिवसीय रामनवमी मेला उत्सव अखंड हरिकीर्तन कार्यक्रम में गुरुवार को झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का शामिल हुए। मौके पर नवयुवक संघ की ओर से उन्हें अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया इस दौरान उन्होंने वहां पर आयोजित कार्यक्रम में माथा टेकते हुए क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की इस दौरान उन्होंने आयोजित कीर्तन में शामिल होकर हरे राम हरे कृष्ण के धुन पर कीर्तन करते हुए नजर आए। इधर गुरुवार को झांकी एवं मेला का आयोजन किया गया जहां पर दूर-दूर से मेला देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। झांकी में मां काली हनुमान सहित अलग-अलग देवी-देवताओं का वेशभूषा में उपस्थित कलाकारों ने सभी लोगों को अपनी कला का प्रस्तुति करते हुए मंत्रमुग्ध कर दिया।

# टीबी रोगी को गोद लेने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

टीबी यानी तपेदिक अब जानलेवा बीमारी नहीं है। इस बीमारी का सरकारी अस्पतालों में निशुल्क जांच हो ती है। इस बीमारी का इलाज सस्ता और सुगम है। यहां तक कि इस बीमारी से पीड़ित रोगियों को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता भी मिलती है। जिले के मरीज तो सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के जरिए अब स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। हालांकि जागरूकता की कमी से कुछ ग्रामीण ऐसे हैं जो टीबी होने के बावजूद नीम हकीम और झोला छाप डाक्टरों से इलाज करा रहे हैं। उक्त बाते जिला क्षय रोग अधिकारी की टीम ने गुरुवार को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे बैठक के दौरान कही। जिला क्षय रोग अधिकारी विजय कुमार महतो ने बताया कि टीबी मरीजों का इलाज क्षय रोग विभाग की निगरानी में निशुल्क इलाज चल रहा है। टीबी के इलाज के लिए किसी गरीब को कर्ज लेने की जरूरत नहीं है। निक्षय पोषण



योजना के तहत मरीजों के बैंक खाते में इलाज जारी रहने तक प्रति माह 500 रुपये की सहायता राशि बेहतर पोषण के लिए भेजी जाती है। टीबी मरीजों को पौष्टिक भोजन देने मे प्रति माह सात सौ रुपया खर्च आता है। सम्पन लोग प्रति माह सात सौ रुपया देकर एक टीबी मरीज को गोद ले सकते है। जिससे क्षेत्र मे टीबी रोग को 2025 तक खत्म किया जा सकता है। इस दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने टीबी बीमारी के लक्षण, जांच एवं ईलाज के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो हफ्ते से अधिक खांसी, वजन कम होना, रात में पसीना आना, भूख नहीं लगना, सीने में दर्द होना, बुखार होना, खांसी के साथ बलगम और खून आने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर बलगम का जांच कराएं। उन्होंने बताया कि टीबी की जांच एवं ईलाज बिल्कुल मुफ्त है। टीबी रोग से ग्रसित व्यक्ति से घर के अन्य सदस्य को भी टीबी रोग होने की सभावना बढ़ जाती है। इस मौके पर डॉक्टर संजय कुमार, साजिद आलम, मुकेश गुप्ता, संदीप भगत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# शेयर बाजार में रही तेजी

**एजेंसी। मुंबई**

आज यानी गुरुवार (6 अप्रैल) को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 143 अंक चढ़कर 59,832 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 42 अंक चढ़ा। यह 17,600 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 शेयरों में तेजी और 13 में गिरावट रही। आज अडाणी ग्रुप के सभी 10 शेयरों में तेजी देखने को मिली है। अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 3.22% चढ़ा है। वहीं अडाणी ट्रांसमिशन, टोटल गैस, ग्रीन एनर्जी और ठउ्ळश के शेयरों में 5-5% की तेजी रही। भारतीय रिजर्व बैंक यानी फ्ङक ने गुरुवार को रेपो रेट में इजाफा न करने का फैसला किया है। यानी ब्याज दर 6.50% बनी रहेंगी। इससे पहले फ्ङक ने रेपो रेट में लगातार 6 बार इजाफा किया था। कल यानी बुधवार (5 अप्रैल) को शेयर बाजार में शानदार तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 582 अंकों की बढ़त के साथ 59,689 पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 159 अंकों की बढ़त रही। यह 17,557 के स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 शेयरों में तेजी और 10 में गिरावट देखने को मिली थी।

# रिलायंस का पहला ई-कॉमर्स ब्यूटी प्लेटफार्म 'टीरा' लॉन्च

**एजेंसी। मुंबई**

रिलायंस रिटेल लिमिटेड ने अपने ई-कॉमर्स ब्यूटी प्लेटफॉर्म 'टीरा' को लॉन्च कर दिया है। उसने अपना पहला ऑफलाइन टीरा स्टोर मुंबई में बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में खोला है। स्टोर में नए ब्यूटी टेक टूल्स जैसे कि कस्टमाइज्ड लुक के लिए वर्चुअल ट्राय-ऑन और एक स्किन एनालाइजर भी मिलेगा। इसके अलावा, टीरा स्टोर्स में खरीदारी को पर्सनलाइज्ड बनाने के लिए खास गिफ्टिंग स्टेशन बनाए गए हैं। कंपनी का प्लान भारत के 100 शहरों में स्टोर ओपन करने का है। लोकेशन के हिसाब इन स्टोर्स के फॉर्मेट को बदला भी जा सकता है। जियो वर्ल्ड ड्राइव में खोला गया पहला टीरा स्टोर 4,300 वर्ग फीट में फैला हुआ है। इस स्टोर को लंदन हेडक्वार्टर वाले इनोवेशन स्टूडियो डलजील एंड पॉ ने डिजाइन किया है। रिलायंस के स्टोर में ट्रेन्ड टीरा ब्यूटी एडवाइजर्स भी मौजूद रहेंगे। टीरा में मेकअप, स्किन केयर, हेयर केयर, बाथिंग, फ्रैगनेंसेज, मेंस ब्यूटी और लग्जरी सेक्शन के प्रोडक्ट मिलेंगे। अभी तक ये प्लेटफॉर्म रिलायंस के सभी कर्मचारियों के लिए खुला था, लेकिन अब आम जनता के लिए भी खोल दिया गया है। टीरा स्टोर वर्चुअल ट्राइ-ऑन और कस्टमाइज्ड रिकमंडेशन जैसे कई टेक्निकल इंटरवेंशन ऑफर करेगा। लग्जरी प्रोडक्ट की टीरा रेड नाम की एक स्पेशल कैटेगरी के तहत रिटेल बिक्री की जाएगी। रिलायंस रिटेल ब्यूटी सेगमेंट के बड़े प्लेयर्स में से एक है। ये पहले से ही पर्सनल केयर, हेयर केयर में मौजूद है। ये लेकमे का सबसे बड़े कस्टमर है। अब, वो ब्यूटी के लिए एक तरह का स्पेशल चैनल लाया है। रिलायंस रिटेल ने पिछले कुछ सालों में मनीष मल्होत्रा और रितु कुमार समेत कई फैशन ब्रांड्स में भी निवेश किया है। रिलायंस रिटेल ने पिछले साल मेकअप और पर्सनल केयर ब्रांड इनसाइट कॉस्मैटिक्स में कंट्रोलिंग स्टेक खरीदा था। टीरा का सीधा मुकाबला नायका, एसएस ब्यूटी, और टाटा क्लिक पैलेट सहित कई मल्टी-ब्रांड ब्यूटी रिटेलर्स के साथ होगा।



# आरबीआई ने रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर रखा बरकरार

**एजेंसी। चेन्नई**



भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने गुरुवार को रेपो रेट में इजाफा न करने का फैसला किया है। यानी ब्याज दर 6.50% बनी रहेगी। इससे पहले आरबीआई ने रेपो रेट में लगातार 6 बार इजाफा किया था। आज के आरबीआई के फैसले से पहले एक्सपर्ट अनुमान लगा रहे थे कि रेपो रेट में 0.25% का इजाफा किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में फेडरल रिजर्व, यूरोपियन सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ इंग्लैंड समेत दुनिया के तमाम सेंट्रल बैंकों ने ब्याज दरें बढ़ाई थीं। आरबीआई ने 2022-23 में 6 बार में ब्याज दरों में 2.50% की बढ़ोतरी की है। मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। पिछले वित्त वर्ष की पहली मीटिंग अप्रैल में हुई थी। तब आरबीआई ने रेपो रेट को 4% पर स्थिर रखा था, लेकिन 2 और 3 मई को इमरजेंसी मीटिंग बुलाकर रेपो रेट को 0.40% बढ़ाकर 4.40% कर दिया। 22 मई 2020 के बाद रेपो रेट में ये बदलाव हुआ था। इसके बाद 6 से 8 जून को हुई मीटिंग में रेपो रेट में 0.50% इजाफा किया। इससे रेपो रेट 4.40% से बढ़कर 4.90% हो गई। फिर अगस्त में इसे 0.50% बढ़ाया गया, जिससे ये 5.40% पर पहुंच गई। सितंबर में ब्याज दरें 5.90% हो गईं। फिर दिसंबर में 6.25% पर पहुंच गईं। इसके बाद फरवरी 2023 में ब्याज दरें 6.25% से बढ़ाकर 6.50% कर दी गईं थीं। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, इकोनॉमी में जारी रिकवरी को बरकरार रखने के लिए हमने पॉलिसी रेट में कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हम स्थिति के हिसाब से कदम उठाएंगे। तमाम ग्लोबल टेंशन के बीच भारत की इकोनॉमी मजबूत बनी हुई है। फ्ङक के पास रेपो रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है तो, आरबीआई रेपो रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की कोशिश करता है। रेपो रेट ज्यादा होगा तो बैंकों को आरबीआई से मिलने वाला कर्ज महंगा होगा। बदले में बैंक अपने ग्राहकों के लिए लोन महंगा कर देते हैं। इससे इकोनॉमी में मनी फ्लो कम होता है। मनी फ्लो कम होता है तो डिमांड में कमी आती है और महंगाई घट जाती है। इसी तरह जब इकोनॉमी बुरे दौर से गुजरती है तो रिकवरी के लिए मनी फ्लो बढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में आरबीआई रेपो रेट कम कर देता है। इससे बैंकों को फ्ङक से मिलने वाला कर्ज सस्ता हो जाता है और ग्राहकों को भी सस्ती दर पर लोन मिलता है। इस उदाहरण से समझते हैं। कोरोना काल में जब इकोनॉमिक एक्टिविटी ठप हो गई थीं तो डिमांड में कमी आई थी। ऐसे में आरबीआई ने ब्याज दरों को कम करके इकोनॉमी में मनी फ्लो को बढ़ाया था। वहीं नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर शिशिर बैजल ने कहा, 'महंगाई के साथ-साथ रेपो रेट और लेंडिंग रेट में कोई और बढ़ोतरी संभावित रूप से कंज्यूमर्स की खर्च करने की क्षमता को कम कर सकती थी। ऐसा होता तो इसका असर भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ पर पड़ता।' इकोनॉमिक ग्रोथ की सुस्ती शेयर बाजार पर भी असर डाल सकती थी। आरबीआई ने आज अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में महंगाई के अनुमान में कटौती की जानकारी दी है। यानी आने वाले दिनों में महंगाई से राहत मिल सकती है।

### ओडिशा को टोक्यो में बिजनेस मीट में

# 26,000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव मिला



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा सरकार को टोक्यो में आयोजित ओडिशा बिजनेस मीट, 2023 के दौरान 26,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव मिला। जापान में भारतीय दूतावास, जापान विदेश व्यापार संगठन (जीईटीआरओ) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) के सहयोग से ओडिशा सरकार ने टोक्यो बैठक की मेजबानी की, जिसमें पूरे जापान के विभिन्न उद्योगों का प्रतिनिधित्व करने वाले 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने कहा कि राज्य को लॉजिस्टिक्स, मेटल एंसिलरी, स्टील, मेटल डाउनस्ट्रीम, ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया, ग्रीन एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्च रिंग और आईटी/आईटीईएस जैसे क्षेत्रों में निवेश के इरादे मिले हैं। सीएम नवीन पटनायक ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि ओडिशा भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और पिछले डेढ़ दशक में लगातार राष्ट्रीय औसत से ऊपर बढ़ा है। हम अपने प्राकृतिक संसाधन लाभ और सामरिक स्थिति के कारण भारत में तेजी से एक प्रमुख औद्योगिक गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं। सीएम पटनायक ने आगे कहा कि ओडिशा को निवेश आकर्षित करने के मामले में भारत के शीर्ष राज्यों में स्थान दिया गया है।

## 12 अप्रैल को लॉन्च होगा रियलमी नारजो एन55



**नई दिल्ली।** चाइनीज टेक कंपनी रियलमी ने पिछले महीने ही बताया था कि कंपनी अपनी 'नारजो' सीरीज में एक नया डिवाइस लॉन्च करने जा रही है। अब कंपनी ने ऑफिशियल अनाउंस कर दिया है कि वह 12 अप्रैल को 'नारजो एन55' को भारत में लॉन्च करने वाली है। इस दिन कंपनी एक ऑनलाइन ईवेंट आयोजित करेगी जो दोपहर के 12 बजे शुरू होगा। लाइव ईवेंट कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अमेजन पर होगा। नारजो एन55 को कंपनी ने 'अमेजन स्पेशल' प्रोडक्ट बताया है जो इसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर सेल के लिए अवेलेबल रहेगा। कंपनी ने अमेजन पर नारजो एन55 का प्रोडक्ट पेज लाइव कर दिया है।

## भारत इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज ने किया डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर को अवार्ड देकर सम्मानित



**रांची।** भारत इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज द्वारा हौस्पर ब्रांड का दिनांक 06.04.2023 को झारखंड के रांची शहर में झारखंड तथा बिहार के सारे डीलर तथा डिस्ट्रीब्यूटर को बेहतर व्यापार करने के उपरान्त अवार्ड से सम्मानित किया गया तथा इस कार्यक्रम में कंपनी के एमडी शशांक गोयल, नेशनल सेल्स हेड अनुराग सक्सेना ब्रांच मैनेजर अशोक कुमार तथा एरिया मैनेजर धनंजय कुमार द्वारा नए प्रोडक्ट तथा व्यापार प्रोत्साहन का संदेश दिया तथा व्यापार वृद्धि के कई तरीके से लोगों को अवगत कराया, इसके साथ साथ एमडी शशांक गोयल ने उत्तम क्वालिटी के प्रोडक्ट की उपलब्धता सारे झारखंड वासियों के लिये हर जिला स्तर पर कराने का वादा भी किया है।

## विदेश

## रूस के उत्तरी काकेशस में आंतकियों से मुठभेड़ में तीन पुलिसकर्मियों की मौत, आठ घायल

**मॉस्को।** रूस में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान उत्तरी काकेशस में जबर्दस्त गोलीबारी हुई। गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी और आठ घायल हो गए। काला सागर और कैस्पियन सागर के बीच के क्षेत्र काकेशस में आर्मेनिया, अजरबैजान, जॉर्जिया और रूस के हिस्से शामिल हैं। उत्तरी काकेशस का राज्य इंगुशेतिया चेचन्या की सीमा से सटा है। यहां 2000 के दशक की शुरूआत से आतंकवाद की शुरूआत हुई। क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। जयाजिकोव-यूर्ट गांव में एक घर में छिपे आतंकी गिरोह की सूचना पर वहां पुलिस पहुंची थी। पुलिस के पहुंचने पर इस गिरोह ने गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के दौरान तीन पुलिसकर्मी मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। बताया गया कि अभियान के दौरान दौरान पुलिस ने आतंकी गिरोह को गिरफ्तार करने की कोशिश की किंतु आतंकियों की ओर से पुलिस पर गोलियां चला दी गईं। चेचन्या में दो अलगाववादी युद्धों सहित सोवियत संघ के टूटने के बाद उत्तरी काकेशस उग्रवाद का केंद्र बन गया था।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सेना से मुठभेड़, आठ आतंकियों व एक सैनिक की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लगातार आतंकी घटनाओं के बाद सेना ने आतंकियों के खिलाफ अभियान तेज करने का दावा किया है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सेना और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में आठ आतंकियों और एक सैनिक की मौत हो गयी। सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन्स (आईएसपीआर) ने एक बयान में जानकारी दी कि अशांत चल रहे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकियों के ठिकाने पर छापा मारा गया। सेना के छापा मारते ही ठिकाने पर मौजूद आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिसके जवाब में सैनिकों ने कार्रवाई की। इस दौरान आतंकवादी कमांडर जन मुहम्मद उर्फ चार्ग सहित आठ आतंकियों को ढेर कर दिया गया। मारे गए आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए, जो सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकी गतिविधियों और निर्दोष नागरिकों की हत्या में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। इस मुठभेड़ में आतंकियों ने भी जमकर गोलीबारी की। आतंकियों की गोलीबारी में पाकिस्तानी सेना के एक सैनिक की मौत हो गई। सेना अब आतंकियों की शिनाख्त के आधार पर उनके समूह की पहचान के प्रयास कर रही है।

## कनाडा में फिर हिन्दू मंदिर में तोड़फोड़, आरोपियों ने दीवार पर भारत-मोदी विरोधी नारे लिखे

**ओंटारियो।** कनाडा के ओंटारियो में एक बार फिर हिन्दू मंदिर में तोड़फोड़ की गई। इस दौरान आरोपियों ने मंदिर की दीवार पर भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में नारे भी लिखे। ओंटारियो के विंसडर शहर के बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में बुधवार को रात करीब 12 बजे ये घटना सामने आई। पुलिस को पूरे मामले का एक सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। इसमें 2 आरोपी मंदिर की दीवार पर नारे लिखते नजर आ रहे हैं। विंसडर पुलिस सर्विस ने दोनों आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर सीसीटीवी फुटेज जारी कर आरोपियों को वॉन्टेड घोषित कर दिया है। कनाडा में पिछले साल जुलाई के बाद से इस तरह की पांचवी घटना है। मंदिर में काम करने वाले हर्षल पटेल ने कहा- हम मंदिर की दीवार पर नारे लिखे देख चौंक गए। ऐसा यहां 20 साल में पहली बार हुआ है। हमने तुरंत लोकल पुलिस को इसकी सूचना दी। मंदिर में सभी स्टाफ को आगे के लिए आगह कर दिया गया है। वहीं घटना के बाद से शहर की हिन्दू कम्यूनिटी गुस्से में है। इससे पहले 27 मार्च को भी कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की साइमन फ्रेजर यूनिवर्सिटी में महात्मा गांधी की मूर्ति तोड़ी गई थी। वहीं 23 मार्च को ओंटारियो प्रांत के हेमिल्टन शहर के सिटी हॉल में लगी महात्मा गांधी की मूर्ति पर भी तोड़फोड़ की गई थी।

# ब्राजील के प्री-स्कूल में हमला, 4 बच्चों की मौत




**एजेंसी। ब्रासीलिया**

ब्राजील में एक 25 साल के हमलावर ने प्री-स्कूल में घुसकर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में 4 बच्चों की मौत हो गई। 5 घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मरने वाले बच्चों की उम्र 5 से 7 साल के बीच थी। एक अधिकारी ने कहा- हमलावर सांता कैटरीना स्टेट के ब्लुमेनौ शहर के एक स्कूल की दीवार कूदकर अंदर घुसा। उसने वहां मौजूद बच्चों और स्टाफ पर हमला कर दिया। बाद में उसने पुलिस स्टेशन में सरेंडर कर दिया। सोशल मीडिया पर हमले के बाद की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इनमें बच्चों के पेरेंट्स को रोते हुए देखा जा सकता है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा- आरोपी का स्कूल से कोई कनेक्शन नहीं है। न तो वो यहां काम करता था और न ही उसका कोई बच्चा यहां पढ़ता था। उसका कोई रिश्तेदार भी यहां काम नहीं करता था। हमें हमले की वजह का फिलहाल पता नहीं चल सका है। इस मामले में जांच की जा रही है। प्री-स्कूल में हुए हमले के बाद सोशल मीडिया पर इसी तरह के और हमले होने की अफवाह फैल गई। लोगों के बीच डर का माहौल बनता देख ब्लुमेनौ शहर के मेयर ने सभी स्कूलों की क्लासेस सस्पेंड कर दी है। वहीं, 30 दिन का शोक घोषित किया है। उन्होंने बताया कि 3 से 5 साल के 5 बच्चे घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। ब्राजील में स्कूल में शूटिंग की घटनाएं काफी कम होती हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों में ऐसी घटनाएं बढ़ गई हैं। 27 मार्च 2023 को साओ पाउलो शहर के एक स्कूल में ऐसी ही घटना हुई थी। यहां एक 13 साल के स्टूडेंट ने अपनी टीचर पर चाकू से हमला कर दिया था। इस दौरान 3 अन्य शिक्षक और दो छात्र घायल हो गए थे। 2021 में सांता कैटरीना स्टेट में एक हमला हुआ था। इसमें हमलावर ने चाकू मारकर 2 साल के 3 बच्चों की हत्या कर दी थी। उसने 2 अन्य लोगों को भी मार डाला था। ब्राजील में होने वाली अब तक की सबसे खतरनाक शूटिंग 2011 में हुई थी। रियलेंगो के रियो डी जनेरियो में एक हमलावर ने स्कूल में अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए 12 स्कूली स्टूडेंट्स की जान ले ली थी। इसके बाद उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।

# दुनिया की सबसे बड़ी साइबर क्राइम वेबसाइट सीज




**एजेंसी। वाशिंगटन**

इंटरनेशनल लॉ एनफोर्समेंट एजेंसीज ने दुनिया की सबसे बड़ी साइबर क्राइम वेबसाइट और साइबर अपराधियों के बीच पॉपुलर मार्केटप्लेस- जेनिसिस मार्केट को सीज कर दिया है। 'ऑपरेशन कुकी मॉन्स्टर' के तहत ये कदम उठाया गया है। 17 देशों की लॉ एनफोर्समेंट एजेंसी इस ऑपरेशन में शामिल थीं। जेनेसिस मार्केट में लोगों के लॉगिन डिटेल्स, आइपी एड्रेस और डिजिटल फिंगरप्रिंट बनाने वाला अन्य डेटा बेचा जाता था। साइबर अपराधी यहां एक डॉलर से कम कीमत में लोगों की पर्सनल डिटेल्स खरीदते थे और फ्रॉड करते थे। इन डिटेल्स के जरिए आसानी से बैंकिंग और शॉपिंग अकाउंट्स हैक कर लिए जाते थे।'ऑपरेशन कुकी मॉन्स्टर' अमेरिकी खुफिया एजेंसी-फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन ने लीड किया। ब्रिटेन की नेशनल क्राइम एजेंसी, डच नेशनल पुलिस, ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस और अन्य यूरोपीय देशों की पुलिस इसमें शामिल रहीं। जेनेसिस मार्केट में बिक्री के लिए 2 मिलियन लोगों के 80 मिलियन क्रेडेंशियल्स और डिजिटल फिंगरप्रिंट थे।जेनेसिस मार्केट की साइट पर लगे एक बैनर में कहा गया कि संगठन से संबंधित डोमेन को एफबीआइ ने सीज कर दिया है।

## खुलासा

## 80 साल तक करतूतें छिपाते रहे मैरीलैंड के चर्च, इसमें 156 पादरी भी शामिल

# अमेरिका के कैथोलिक चर्च में 600 बच्चों का यौन शोषण

**एजेंसी। एनापोलिस**

अमेरिका के मैरीलैंड स्टेट में एक चौंका देने वाली रिपोर्ट सामने आई है। यहां 156 कैथोलिक पादरियों ने कुछ और लोगों के साथ मिलकर 80 सालों में यानी 1940 से लेकर अब तक 600 से ज्यादा बच्चों का यौन शोषण किया है। मैरीलैंड के अटॉर्नी जनरल एंथनी ब्राउन ने 463 पेज की ये रिपोर्ट जारी की। 4 साल तक जांच के बाद इस रिपोर्ट को तैयार किया गया है। इसमें पादरियों के दुर्व्यवहार और चर्च प्रबंधन द्वारा मामले को छिपाने की पूरी डीटेल शामिल है। इस अपराध में बाल्टीमोर के आर्चडायसिस के सदस्यों के शामिल होने की बात सामने आई है। ये अमेरिका का पहला कैथोलिक सूबा है। नई रिपोर्ट रोमन कैथोलिक चर्च में होने वाले यौन शोषण के दशकों लंबे खुलासे में एक नई कड़ी है। यौन शोषण से जुड़ी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अपराधों में ज्यादातर उन बच्चों को टारगेट किया गया जो मजबूर थे और चर्च में कई छोटे बड़े काम करते थे। शोषण के दौरान इन बच्चों से कहा जाता था कि ये भगवान की मर्जी है। वहीं उन्हें धमकी भी दी जाती थी अगर उन्होंने किसी को भी इस बारे में बताया तो उनके परिवार के लोग नर्क में जाएंगे। हाल ही में मैरीलैंड सीनेट ने एक बिल पारित किया है। इसके तहत यौन शोषण के खिलाफ मुकदमे दायर करने की सीमाओं को निरस्त कर दिया गया है। नए कानून के मुताबिक, चाहे मामला कितना भी पुराना हो, पीड़ित इसके संबंध में केस दर्ज करवा सकता है। स्टेट के कैथोलिक कॉन्फ्रेंस ने इस बिल का विरोध करते हुए इसे गलत और असंवैधानिक बताया था। मैरीलैंड की इस रिपोर्ट में ऐसे किसी भी आरोपी का नाम सामने नहीं आया है जो फिलहाल पादरी वर्ग में सेवा कर रहे हैं। ज्यादातर आरोपियों की पहली ही मौत हो चुकी है। रिपोर्ट जारी करने की मंजूरी देने वाले बाल्टिमोर के जज टेलर ने कहा- आरोपियों की मृत्यु के बाद हम सभी मामलों का खुलासा और इनकी गणना करके ही पीड़ितों को न्याय दिला सकते हैं। 456 पन्नों की रिपोर्ट बनाने में दो अटॉर्नी जनरल शामिल थे। इसे समय-समय पर ज्यूरी द्वारा जारी किए गए समनों को इकट्ठा करके बनाया गया है। इसके अलावा इसमें कर्मियों के रिकॉर्ड, मेडिकल और साइकोलॉजिकल हेल्थ डॉक्यूमेंट्स, ऑफिशियल चर्च नीतियों जैसे हजारों दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया है। अटॉर्नी जनरल ब्राउन ने अपने ऑफिस में यौन शोषण का मामला दर्ज करने के लिए एक हॉटलाइन भी स्थापित की है।



ज्ञान की बात

मोह और आसक्ति के कारण दुख होता है, प्रेम के कारण नहीं। प्रेम सबको मुक्त करता है। वह न स्वयं बंधता है, न औरों को बांधता है। इसलिए, अधिक से अधिक संख्या में जीवों से प्रेम करो किंतु किसी के प्रति मोह मत पालो और आसक्ति तो ईश्वर के सिवाय और किसी से होनी भी नहीं चाहिए।

*- ठाकुर जी*

# हमीं सो गये...

**'जमाना बड़े शौक से सुन रहा था**
**हमीं सो गये दास्तां कहते -कहते**

***शायर*** साकिब लखनवी के इन शब्दों में गहरा दर्द छुपा है। जब आपके करीब कोई व्यक्ति अचानक हमें छोड़ देता है और भगवान के घर जाता है,तो वह व्यक्ति आपकी आंखों को दुबारा नहीं दिखता है। केवल उसकी यादें आपके साथ रहती हैं। ऐसा तभी होता है,जब यादें हमारे दिमाग में रहती हैं। ऐसा ही गुरूवार को हुआ है। शायद जीवन भर यही होगा। हम बात कर रहे हैं झारखंड के राजनीतिक योद्धा और संघर्ष के प्रतीक जगरनाथ दा के निधन की। जिसने कोरोना काल में मौत को भी मात दी थी। उस समय लंग्स ट्रांसप्लांट किया गया था। एक साल तक ठीक रहने के बाद फिर से उनकी तबीयत बिगड़ी जो मौत का कारण बनी। बहरहाल मौत एक शाश्वत सत्य है। इस सत्य को सभी को स्वीकार करना पड़ता है। जगरनाथ दा झारखंड सरकार में शिक्षा मंत्री थे। बीमारी के बावजूद उन्होंने पूरी ईमानदारी से अपने मंत्रालय का कार्य किया। वे हर समय शिक्षा के क्षेत्र में क्रान्तिकारी बदलाव के पक्षधर रहे। वे अपने संघर्ष, कर्तव्य निष्ठा, सादगी, और विचारों की स्पष्टता के कारण सभी के बीच लोकप्रिय थे। कई बार विषम परिस्थितियों में उन्होंने सरकार का साथ दिया। उनके आगे-पीछे प्रलोभन की कोई जगह नहीं थी। इसी कारण वह अपनी पार्टी के सबसे भरोसेमंद नेता माने जाते थे। लेकिन नियति को यह मंजूर नहीं था। निश्चित रूप से जगरनाथ दा जैसे व्यक्तित्व की कमी की भरपाई करना संभव नहीं है। उनकी कमी जीवन भर खलेगी। जगरनाथ दा ने अपने मंत्रित्व काल के दौरान शिक्षा विभाग में कुछ ऐसे निर्णय लिए जिसे झारखंड हरदम याद रखेगा। ऐसे में आज जरूरत है कि उनके संकल्पों को पूरा कर उसे साकार किया जाये। यही सच्ची श्रद्धांजलि उनके प्रति होगी। ईश्वर अपने श्री चरणों में दिवंगत आत्मा को स्थान दें और उनके परिवार और समर्थकों को इस दुःख में खुद को संभालने का साहस और सामर्थ्य दे, यही हम सब प्रार्थना कर सकते हैं। उनका पार्थिव शरीर आज शुक्रवार को विशेष विमान से चेन्नई से रांची लाया जाएगा। जहां वह पंचतत्व में विलीन हो जायेंगे। ऐसे में हम कह सकते हैं कि इस हर दिल अजीज की यादें बराबर साथ होगीं। उसकी एक खास बात यह कि मंत्री बन जाने के बाद भी उनका जीवन एक सामान्य इंसान की तरह था। कभी भी पद और ताकत का घमंड नहीं छू पाया। वह हर किसी की समस्याओं को मन से सुनते थे और उसके निदान के लिए प्रयासरत रहते थे। एक बात और यह कि वह संकल्पों के धनी थे। वह जो ठान लेते थे,वह करते थे। यही कारण है कि राज्य के मुख्यमंत्री उन्हें टाइगर मानते थे। राज्य निर्माण में उनके योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है। वे अपना पूरा जीवन गरीब,दलित,शोषित,पीड़ितों के लिए न्योछावर कर दिये। संघर्ष के दौरान अपनी माटी और अपने शर्तो से जुड़े रहना उनकी विशेषता थी। वह नहीं रहने के बाद भी अपने होने का एहसास करा रहे हैं। ऐसे में इस महान नायक को श्रद्धांजलि इन शब्दों के साथ कि आज भी वह हमारे साथ हैं ।

**हम बात कर रहे हैं झारखंड के राजनीतिक योद्धा और संघर्ष के प्रतीक जगरनाथ दा के निधन की। जिसने कोरोना काल में मौत को भी मात दी थी। उस समय लंग्स ट्रांसप्लांट किया गया था।**

# वोट बैंक छीनने में क्यों जुटे हैं अखिलेश?





अजय कुमार

***कांशीराम*** के नाम पर और बाबा साहेब अंबेडकर के मान सम्मान के बहाने अखिलेश की नजर दलित वोट पर है। पिछले तीस-पैंतीस सालों से ये वोट बैंक लगातार बीएसपी के साथ रहा है। पहले कांशीराम और फिर मायावती के एक इशारे पर वोट करता रहा। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के बीच दलित-मुस्लिम वोटों को लेकर रार बढ़ने लगी है, जिस तरह से दोनों दलों के नेता एक-दूसरे के वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश में लगे हैं, उससे तो यही लगता है कि अब शायद ही सपा-बसपा प्रमुख एक साथ 2019 की तरह लोकसभा चुनाव लड़ना तो दूर एक मंच पर भी खड़े नजर नहीं आयेंगे। बसपा प्रमुख मायावती समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में तो समाजवादी प्रमुख बसपा के गैर जाटव दलितों पर नजर जमाये हुए हैं। दरअसल, बसपा सुप्रीमो मायावती दलितों में जाटव बिरादरी से आती हैं तो सपा प्रमुख अखिलेश की सबसे मजबूत पकड़ यादव वोटरों पर हैं। बसपा के गैर जाटव और सपा के गैर यादव वोटर अक्सर ही पार्टी से झिटक कर इधर-उधर चले जाते हैं। इस बार भी ऐसे वोटरों पर सपा और बसपा दोनों की नजर है। वहीं मुस्लिम वोटरों के लिए भी सपा-सपा में ताल ठोंकी जा रही है, जो हालात नजर आ रहे हैं उससे तो यही लगता है कि यह दोनों नेता बीजेपी को रोकने से पहले स्वयं एक-दूसरे को निपटा देने को आतुर हैं। सपा-बसपा की सियासी जंग में भाजपा तीसरा कोण बनी हुई है। उसकी भी नजर गैर जाटव दलितों और गैर यादव पिछड़ों दोनों पर लगी हुई है। दलितों में जाटव की आबादी अधिक होने के साथ समाज में सबसे प्रभावशाली भी है। इसीलिए सपा गैर-जाटव दलित वोट बैंक को लुभाने की कोशिश में लगी हुई है। इस वोट बैंक पर भाजपा की भी नजर है। साथ ही सपा मायावती को सीधे निशाना साधने से बच रही है। हालांकि वह यह संदेश देने की कोशिश जरूर कर रही है कि मायावती परोक्ष रूप से भाजपा को फायदा पहुंचा रही हैं। सपा के इस दोहरे रवैये से बसपा सुप्रीमो का पारा चढ़ा हुआ है। उस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा कांशीराम जयंती मनाने ने आग में घी डालने का काम किया। अखिलेश यादव के दांव से तिलमिलाई मायावती ने उनके खिलाफ गेस्ट हाउस कांड वाला इमोशनल कार्ड चला है। 03 अप्रैल को लखनऊ में उन्होंने बीएसपी के नेताओं की मीटिंग बुलाई थी। इसमें उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी दलित विरोधी है। अगर इनके मन में हमारे लिए कोई सम्मान होता तो फिर गेस्ट हाउस की घटना नहीं होती। कांशीराम के नाम पर और बाबा साहेब अंबेडकर के मान सम्मान के बहाने अखिलेश की नजर दलित वोट पर है। पिछले तीस-पैंतीस सालों से ये वोट बैंक लगातार बीएसपी के साथ रहा है। पहले कांशीराम और फिर मायावती के एक इशारे पर वोट करता रहा। अखिलेश यादव की तैयारी एक नई सोशल इंजीनियरिंग की है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष की कोशिश दलितों को जोड़ने की है। पहले यही प्रयास वे मायावती के साथ पिछले लोकसभा चुनाव में कर चुके हैं, जिसे अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव अपने बल पर दोहराना चाहते हैं। यूपी में लोकसभा की 80 सीटें दांव पर हैं। वैसे बता दें कि जाटव समाज तो अभी भी मायावती के साथ है। पर पासी, वाल्मीकि, धोबी और सोनकर जैसे दलित जाति के लोग कहीं समाजवादी पार्टी के साथ तो कहीं बीजेपी के साथ हैं। अखिलेश ये साबित करने में जुटे हैं कि बीजेपी को हराने के लिए दलित अब मायावती नहीं उनका समर्थन करें। इसीलिए अखिलेश कभी कहते हैं कि मैं शूद्र हूँ, फिर आगे वे कहते हैं कि बीएसपी के उम्मीदवारों की लिस्ट तो बीजेपी ऑफिस से आती है। अखिलेश अब मायावती को बीजेपी की बी-टीम बताने में लगे हैं। अगर इसमें वे कामयाब रहे तो फिर एंटी बीजेपी दलित वोट उनके साथ जुड़ सकता है। वैसे अखिलेश यादव ने यही प्रयोग 2019 के लोकसभा चुनाव में किया था। बीएसपी के साथ गठबंधन कर उन्होंने बड़ा दांव चला था। इससे समाजवादी पार्टी को तो कोई फायदा नहीं हुआ। लोकसभा में उनके सांसदों की संख्या 5 ही रही। पर मायावती को इसका फायदा मिल गया। 2014 के चुनाव में बीएसपी का तो खाता तक नहीं खुला था। पर समाजवादी पार्टी के गठबंधन में उसने 10 सीटें जीत लीं थीं। बहरहाल, उत्तर प्रदेश की राजनीति में यूं तो यादव और गैर यादव ओबीसी की अहमियत हमेशा रही है, लेकिन कुछ वर्षों पूर्व तक ओबीसी को इस तरह अलग-अलग करके नहीं देखा जाता था। भाजपा ने सबसे पहली बार यूपी में कुर्मी जाति के नेता कल्याण सिंह को आगे करके पिछड़ों में यादव के राजनैतिक वर्चस्व को तोड़ने का काम किया था, तभी वह 1991 में सत्तारुढ़ हुई तो कल्याण सिंह को मुख्यमंत्री बनाया गया था। कुर्मी वोट बैंक के सहहारे ही कल्याण सिंह दो बार यूपी के सीएम रहे। भाजपा ने इसके बाद राजनाथ सिंह और फिर राम प्रकाश गुप्त को मुख्यमंत्री बनाया। भाजपा के लोग खुद मानते हैं कि कल्याण सिंह के बाद बीजेपी आलाकमान द्वारा किसी और ओबीसी के बड़े चेहरे को सामने न लाने से उसे काफी सियासी नुकसान हुआ था। उसे 14 साल तक सरकार में आने का मौका नहीं मिला। 2014 में लोकसभा चुनाव पिछड़ी जाति के नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा गया और इसके बाद 2017 में भाजपा ने फिर गैर यादव ओबीसी को अपनी तरफ लामबंद किया। 2017 में अति पिछड़ी जाति के केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भाजपा विधानसभा चुनाव में उतरी और सहयोगी दलों के साथ 325 सीटें जीत गई। दूसरे दलों से ओबीसी नेता भी इस चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुए हैं, लेकिन जब सीएम बनने की बारी आई तो योगी आदित्यनाथ बाजी मार ले गये। यह और बात है कि बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा केशव प्रसाद मौर्य को हमेशा इस बात का अहसास कराया जाता रहा कि वह पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं, जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव भाजपा के इस दिग्गज नेता पर डोरे डालने और ताने मारने का का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। खैर, यहां इस बात पर भी गौर किया जाना जरूरी है कि जब 1993 में मुलायम सिंह और कांशीराम ने मिलकर दलितों-ओबीसी को लामबंद किया था। उस समय यादव और गैर यादव ओबीसी एक साथ आए थे। यही वजह है कि राम मंदिर की लहर के बावजूद बीजेपी को सत्ता से बाहर होना पड़ा था। सपा-बसपा, दोनों ने मिलकर सरकार बनाई और मुलायम सिंह दूसरी बार 1993 में मुख्यमंत्री बन गए, लेकिन यह कोशिश बहुत लम्बी नहीं चल पाई। इसी बीच स्टेट गेस्ट हाउस कांड हो गया, जिसमें मायावती को जान के लाले पड़ गए और भाजपा नेताओं ने उन्हें बचाने का काम किया था। इसके 26 वर्षों बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ था।

**सपा-बसपा की सियासी जंग में भाजपा तीसरा कोण बनी हुई है। उसकी भी नजर गैर जाटव दलितों पिछड़ों दोनों पर लगी हुई है। दलितों में जाटव की आबादी अधिक होने के साथ समाज में सबसे प्रभावशाली भी है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें मां वैष्णो की कथा*

***जब*** मां दुर्गा गुफा से बाहर नहीं निकली तो भैरव नाथ गुफा में घुसने की कोशिश करने लगा, यह देख पहरा दे रहे हनुमान क्रोधित हो गए और भैरवनाथ को युद्ध के लिए ललकारा। हनुमान और भैरव नाथ का युद्ध बहुत समय तक चला युद्ध का कोई अंत नहीं होते देख माता दुर्गा ने महाकाली का रूप धारण कर भैरवनाथ का सर धड़ से अलग कर दिया। यह भी कहा जाता है कि वध के बाद भैरवनाथ को अपनी मूर्खता पर पछतावा हुआ और वे मां दुर्गा से माफी मांगने लगे। माता वैष्णो को भैरवनाथ पर दया आती है इसलिए उन्होंने भैरवनाथ को माफ कर दिया और उन्हें पूर्व जन्म के चक्र से मुक्ति प्रदान की इसके साथ ही भैरवनाथ को वरदान दिया कि कोई भी भक्त जो मेरे दर्शन के लिए आता है, जब वह आपको भी दर्शन करेगा, तो उसे मेरे दर्शन का फल मिलेगा।

**समाप्त**

**गंगा मैया की संपूर्ण कथा**

हम जानेंगे गंगा मैया(माता) की कहानी और इतिहास के बारे में। गंगा माता कैसे आई, गंगा जी कहां जाएगी, गंगा जी को विष्णुपदी और भागीरथ क्यों कहते हैं, गंगा जी और सरस्वती का विवाद, गंगा जी के जल रूप हो जाने की कथा, गंगा जी और सगर के साठ हजार पुत्रों की कथा। तो आइए जानते हैं गंगा माता की कहानी : नारद जी ने पूछा कि श्रीहरि के चरण कमलों में प्रकट हुई गंगा किस प्रकार ब्रह्माजी के कमण्डल में रही , गंगा भगवान की प्रेयसी भी है । कहो , ये सब बातें कैसे घटी ? नारायणजी ने कहा नारद प्रचीन समय की बात है , जलमयी गंगा गो लोक में विराजमान थी । राधा और कृष्ण के अंगों से प्रकट हुई ये गंगा उनका अंश तथा साक्षात उनका स्वरूप ही है। जलमयी गंगा को अधिष्ठात्री देवी अत्यन्त सुन्दर रूप धारण करके भूमण्डल पर पधारी। तब वह गंगा कुछ लज्जाभाव से भगवान श्रीकृष्ण के पास विराजमान हो गई। इतने में असंख्य गोपियों के साथ राधा भी आ गई।

**(क्रमशः)**

# गुड फ्राइडे: यीशु के बलिदान को याद करने का दिन



योगेश कुमार गोयल

***''हे ईश्वर!*** इन्हें क्षमा करें, ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं।'' यह प्रार्थना थी यीशु (ईसा मसीह) की उन हत्यारों के लिए, जिन्होंने भयावह अमानवीय यातनाएं देते हुए उनके प्राण ले लिए। यीशु के सिर पर कांटों का ताज रखा गया, उन्हें सूली को कंधों पर उठाकर ले जाने को विवश किया गया और गोल गोथा नामक स्थान पर ले जाकर दो अन्य अपराधियों के साथ बेरहमी से कीलों से ठोकते हुए क्रॉस पर लटका दिया गया। यीशु ने उत्पीड़न और यातनाएं सहते हुए मानवता के लिए अपने प्राण त्याग दिए और दया-क्षमा का अपना संदेश अमर कर दिया। पृथ्वी पर बढ़ रहे पापों के लिए बलिदान देकर ईसा ने निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सूली पर प्राण त्यागने से पहले यीशु ने कहा था, ''हे ईश्वर! मैं अपनी आत्मा को तेरे हाथों में सौंपता हूं।'' यीशु ने मानवता की भलाई के लिए बलिदान दिया। उनके बलिदान, उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है 'गुड फ्राइडे'। ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का संदेश देने वाले यीशु को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा क्रॉस पर चढ़ाया गया था। जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में 'गुड फ्राइडे' मनाया जाता है। ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष गुड फ्राइडे 7 अप्रैल को मनाया जा रहा है। ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को यीशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाये जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर यीशु का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर लोग काले कपड़े पहनकर प्रभु यीशु के बलिदान दिवस पर शोक भी व्यक्त करते हैं और यीशु से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाये जाने की याद में इस दिन उनके अनुयायी समस्त लौकिक सुविधाओं का त्याग कर देते हैं। इस दिन चर्च और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढ़क दिया जाता है। कैथोलिकों द्वारा शुरू की गई प्रथा के अनुसार गुड फ्राइडे के ठीक 40 दिन पहले आने वाले बुधवार से ईसाई समुदाय में प्रार्थना और उपवास प्रारंभ हो जाते हैं। इस बुधवार को 'राख का बुधवार' कहा जाता है। उपवास के दौरान लोग केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन करते हैं। माना जाता है कि यीशु ने मानव सेवा प्रारंभ करने से पहले चालीस दिन तक व्रत किया था और संभवतः इसीलिए उपवास की यह परम्परा शुरू हुई। इस दिन दुनियाभर के ईसाई सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए चर्च में चंदा या दान देते हैं। ईसाई धर्म में ईसा मसीह को परमेश्वर का पुत्र माना जाता है। उन्होंने लोगों को क्षमा, शांति, दया, करूणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का उपदेश दिया और उनके इन्हीं सद्गुणों के कारण लोग उन्हें शांति दूत, क्षमा मूर्ति और महात्मा कहकर पुकारने लगे थे। कहा जाता है कि वे यरूशलम के गैलिली प्रांत में लोगों को मानवता, सत्य, एकता, प्रेम, अहिंसा और शांति का उपदेश दिया करते थे। उनके संदेश दूर-दूर तक फैलने लगे और उनके विचारों को लोग अपने जीवन में अपनाने लगे। वहां के लोग उन्हें परमपिता परमेश्वर का दर्जा देने लगे थे। समाज में धार्मिक अंधविश्वास और झूठ फैलाने वाले धर्मगुरूओं को इसी कारण ईसा मसीह से काफी जलन होने लगी थी क्योंकि लोग अपनी समस्याओं को लेकर अब उनके पास नहीं आ रहे थे। करीब दो हजार वर्ष पूर्व उन्हें मृत्युदंड इसीलिए दिया गया क्योंकि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और घोर विलासिता तथा अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के लिए लोगों को शिक्षित और जागरूक कर रहे थे।

**पृथ्वी पर बढ़ रहे पापों के लिए बलिदान देकर ईसा ने निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। प्राण त्यागने से पहले यीशु ने कहा था, ''हे ईश्वर! मैं अपनी आत्मा को तेरे हाथों में सौंपता हूं।'**

विशेष दिवस

## फोटो की दुनिया




## ट्वीट-ट्वीट

Saryu Roy
3 d ·

राम नवमी महोत्सव के दौरान जमशेदपुर में जो हुआ वह अति दुर्भाग्यपूर्ण है. इसके लिए किसी एक पदाधिकारी को लक्षित करने या इसका राजनीतिकरण करने के बदले इसकी सम्यक् समीक्षा करने और अपने गिरेबान में झांकने की ज़रूरत है कि किस-किस ने अपने आचरण से मर्यादा को ठेस पहुँचाया,सीमा का उलंघन किया.

## फेसबुक वॉल से




# भारत में कैसे कम हो पायेंगे सड़क हादसे?



रमेश सर्राफ धमोरा

***आज*** कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता है जिस दिन देश के किसी ना किसी भाग में सड़क हादसा न हुआ हो और उनमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़े। विकास की प्रतीक मानी जाने वाली सड़कें विनाश का पर्याय बनती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में सड़क हादसों में मारे गये 10 लोगों में से कम से कम एक भारत से होता है। भारत में सड़क हादसों के आंकड़े बताते हैं कि देश में वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा औसतन 426 लोग प्रतिदिन या हर घंटे 18 लोगों का है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देशभर में 4.03 लाख सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के अलावा 3.71 लाख लोग घायल भी हुए थे। देश में दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक रोड एक्सीडेंट के मामले 2020 में 3,64,796 से बढ़कर 2021 में 4,03,116 हो गये। मौतों में 16.8% बढ़ोतरी हुई है। 2020 में 1,33,201 और 2021 में 1,55,622 लोगों ने सड़क हादसे में अपनी जान गवाई है। साथ ही 2021 में प्रति हजार वाहनों की मौत दर 2020 में 0.45 से बढ़कर 2021 में 0.53 हो गई है। विश्लेषण से पता चलता है कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं तेज गति के कारण हुई हैं। देश में मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया संशोधन 1 सितंबर 2019 से लागू हुआ था। इसका मकसद देश में सड़क पर यातायात को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों में लोगों की मौत की संख्या को कम करना था। भारत में होने वाले सड़क हादसे में करीब 26 फीसदी खतरनाक या लापरवाह ड्राइविंग या ओवरटेकिंग की वजह से होते हैं। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशभर में लॉकडाउन लगाया गया था। उससे सड़क हादसों में लगभग बीस हजार लोगों की जिंदगी बचाई गई। अप्रैल से लेकर जून 2020 तक सड़क हादसों में 20 हजार 732 लोगों की मौत हुई। जबकि 2019 में अप्रैल से जून के बीच 41 हजार 32 लोगों की सड़क हादसों में जान चली गई थी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत का राजमार्ग ढांचा 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जायेगा। जिसके लिए समयबद्ध मिशन मोड में काम चल रहा है और ग्रीन एक्सप्रेसवे और रेल ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतमाला 2 के लिए जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी मिलने की संभावना है और इसके बाद यह देश में एक मजबूत बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। गडकरी ने कहा मुझे विश्वास है कि भारत के राजमार्ग 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जायेंगे। भारत की लंबाई और चौड़ाई में हरित एक्सप्रेसवे के नेटवर्क सहित एक मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए समयबद्ध मिशन मोड में काम चल रहा है। गडकरी ने उम्मीद जताई कि 2025 तक सड़क दुर्घटनाएं और इसके कारण होने वाली मौतें 50 प्रतिशत तक कम हो जायेगी। गडकरी का कहना है कि जानलेवा सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए राज्यों को केन्द्रीय सड़क कोष के एक हिस्से का इस्तेमाल करना चाहिये और दुर्घटना वाली जगहों को दुरुस्त करना चाहिये। उन्होंने कहा कि हम न सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्गों पर बल्कि राज्य राज मार्गों पर भी हादसों की संख्या कम करने की कोशिश कर रहे हैं । जिलों में सड़क सुरक्षा समितियां गठित की जानी चाहिये। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सांसदों को करनी चाहिये और जिलाधिकारियों को इनका सचिव बनाया जाना चाहिये। यह समिति जिला स्तर पर दुर्घटना के सभी पहलुओं को देखे। सरकार सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने के लिए तेजी से काम कर रही है। इसके लिए नीतिगत सुधारों और सुरक्षित प्रणालियों को अपनाया जा रहा है। 2030 तक भारतीय सड़कों पर जीरो एक्सीडेंट की दृष्टिगत करने की दिशा में कई कदम उठाये गये हैं।

**भारत में सड़क हादसों के आंकड़े बताते हैं कि देश में वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा औसतन 426 लोग प्रतिदिन या हर घंटे 18 लोगों का है।**

मुद्दा

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाने में मदद करेगा गोल्डन मिल्क

आजकल के दौर में अनहेल्दी लाइफस्टाइल के चलते मोटापा बढ़ जाता है। बेली के आसपास जमा फैट काफी जिद्दी होता है। मोटापा बढ़ने के कारण कई गंभीर बीमारियों का भी खतरा बना रहता है। इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाने के लिए आप अपनी डाइट में इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। आजकल के दौर में मोटापा एक गंभीर समस्या बन गया है। मोटापे से न केवल हमारा फिगर खराब हो जाता है। बल्कि बढ़े हुए मोटापे के कारण कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। खासकर मोटापे के कारण पेट के आसपास के हिस्से में चर्बी जम जाती है। जो देखने में काफी ज्यादा खराब लगता है। बेली फैट को सबसे जिद्दी फैट माना जाता है। बेली फैट में कमर और पेट के आसपास फैट जमा हो जाता है। वहीं इससे छुटकारा पाना मुश्किल होता है। गलत खानपान और अनियमित लाइफस्टाइल के कारण मोटापा बढ़ने लगता है। कुछ लोग मोटापे को कम करने के लिए कड़ी डाइट फॉलो करते हैं। लेकिन इसके बाद भी पेट और कमर के आस-पास जमा फैट कम नहीं होता है। जिसके कारण कई बार इंसुलिन सेंसिटिविटी हो सकती है।

आपको बता दें कि हमारे शरीर में मौजूद इंसुलिन एक ऐसा हार्मोन है जो हमारे ब्लड में शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है। इंसुलिन पैंक्रियाज ग्लैंड में बनता है। यह हमारे ब्लड से शुगर को सेल्स में ले जाने में सहायता करता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इंसुलिन सेंसिटिविटी क्या होता है। साथ ही इसका हमारी बॉडी पर क्या असर पड़ता है और इसको कैसे बढ़ाया जा सकता है।

## इंसुलिन सेंसिटिविटी

डाइटीशियन मनप्रीत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जानकारी देते हुए बताया कि जब भी हम खाना खाते हैं। तो हमारी बॉडी में पैंक्रियाज ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए इंसुलिन नाम का हार्मोन छोड़ता है। हमारी कोशिकाओं के दरवाजों को खोलने के लिए इंसुलिन एक चाबी की तरह काम करता है। यह ग्लूकोज को कोशिकाओं में भेजने का काम करने के साथ ही उसे ऊर्जा के रूप में काम करवाता है। जब इस प्रक्रिया से ग्लूकोज हमारी सेल्स में पहुंच जाता है। तब खाने के बाद ब्लड शुगर लेवल फिर से नॉर्मल होता है।

वहीं जब इंसुलिन रेजिस्टेंस होता है तो हमारी कोशिकाएं इंसुलिन की ओर से सही प्रतिक्रिया नहीं देती है। जिसके कारण हमारा ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है। पैंक्रियाज ब्लड शुगर लेवल को नॉर्मल करने के लिए कुछ और इंसुलिन भेजती है। लेकिन जो शुगर ब्लड में ऑब्जर्व नहीं हो पाती है तो बेली के आसपास चर्बी जमा होना शुरू हो जाता है। इसी कारण बेली फैट बढ़ जाता है।



## इंसुलिन सेंसिटिविटी कैसे बढ़ाएं

इंसुलिन सेंसिटिविटी को अपनी डाइट में कुछ चीजों को शामिल कर बढ़ाया जा सकता है। ऐसा कर आप अपने बेली फैट को कम कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाने के लिए अपनी डाइट में किन-किन चीजों को बढ़ाना चाहिए।

गोल्डन मिल्क

हल्दी- एक चुटकी
मिर्च- एक चुटकी
घी- आधा टी स्पून
लौंग- एक
अदरक- आधा टी स्पून
दूध- 150 मि.ली

### ऐसे बनाएं

सब चीजों को दूध में डालने के बाद इसे 5 मिनट के लिए उबाल लें। फिर इस दूध को सोने से पहले पीना चाहिए।

एलोवेरा-आंवला शॉट्स

आंवला जूस- 30 मि.ली
एलोवेरा जूस- 30 मि.ली
पानी- 60 मि.ली

### ऐसे बनाएं

सब चीजों को एक साथ मिलाएं और पिएं। इसके बाद एक पानी का गिलास पी सकते हैं। ध्यान रखें कि इस पानी को सुबह के समय पीना चाहिए।

### ये भी हैं लाभकारी

इंसुलिन सेंसटिविटी बढाने के लिए आप इन चीजों का सेवन कर सकते हैं।
सीलोन दालचीनी- लंच के कुछ देर बाद दालचीनी (दालचीनी के फायदे) की चाय पिएं।
अदरक वाली चाय- शाम के समय अदरक वाली चाय पिएं।
मेथी दाने का पानी- सुबह खाली पेट मेथी दाने का पानी पिएं।

# जरूरत से ज्यादा तेल खाने पर हार्ट को ब्लॉक करता है इसका फैट

भारतीय किचन में खाने को स्वदिष्ट बनाने के लिए कई सालों से तेल का इस्तेमाल होता चला आ रहा है। लेकिन ज्यादा तेल का सेवन करने से आपके स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर पड़ता है। रियलिटी शो, फिल्मों में एड देखकर हमारे देश में भी ऑलिव ऑयल की खपत बढ़ी है। भारतीय लोग खाने को स्वादिष्ट बनाने के लिए हजारों साल से तेल का इस्तेमाल करते आ रहे हैं। तेल में फैट पाया जाता है, जो हमारे शरीर को पोषण देने का काम करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हमारा शरीर एक सीमा तक ही फैट को पचा सकता है। जरूरत से ज्यादा फैट लेने पर यह शरीर के अलग-अलग हिस्सों में जमा होने लगता है। वहीं शरीर में फैट जमने पर मोटापा और फेफड़े की नली में फैट के जमने से हार्ट ब्लॉकेज की भी समस्या देखने को मिलती है। वहीं खाने में ज्यादा तेल का सेवन किए जाने से बीपी, शुगर, कॉलेस्ट्रॉल में भी बढ़ोतरी होती है।

## इतने तेल का कर सकते हैं सेवन

अलग-अलग संस्कृतियों में तेल खाने को लेकर अलग-अलग आदतें देखने को मिलती हैं। वहीं ब्रिटिश गाइडलाइन के मुताबिक एक स्वस्थ व्यक्ति को 30 ग्राम से ज्यादा तेल का सेवन दिन में नहीं करना चाहिए। हालांकि भारत की मौसमी और भौगोलिक परिस्थितियों के बारे में बता करें तो साल में 7 से 10 किलो तेल का सेवन पर्याप्त है।

लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि हमारे देश में सालाना तेल की औसत खपत लगभग 17 किलो के आसपास है।

## ऐड और फिल्म का असर

यूरोप में ठंडे देशों में ऑलिव ऑयल यानी जैतून के तेल का सेवन किया जाता रहा है। वहीं रियलिटी शो, फिल्मों में एड को देखकर आजकर भारत में भी अपर और मिडिस क्लास के लोग भी ऑलिव ऑयल खाने लगे हैं। लेकिन जानकारों की मानें तो भारतीय परिस्थितियों में ऑलिव ऑयल का सेवन किया जाना सही नहीं है। क्योंकि टेम्प्रेचर के थोड़ा बढ़ने पर भी ऑलिव ऑयल खराब हो जाता है।



## नारियल तेल

काफी लंबे समय तक लोगों ने नारियल का तेल का सेवन किया जाना सबसे मुफीद माना है। इसे शुद्ध नेचुरल ऑयल माना जाता था। लेकिन कुछ रिसर्चों ने इस दावे को झुठला दिया। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में हुई एक रिसर्च में नारियल के तेल को शुद्ध जहर बताया गया है। बताया गया कि नारियल तेल में मौजूद सैचुरेटेड फैटी एसिड्स स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकते हैं।

## पाम ऑयल

पाम ऑयल खाने के बारे में लोगों की राय है कि यह सबसे अनुपयुक्त है। इस तेल में ट्राइग्लिसरीसाइड्स पाया जाता है। जो दिल के लिए काफी खतरनाक माना जाता है। लेकिन इसके बाद भी हमारा देश पाम ऑयल का सबसे बड़ा आयातक है। इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देशों से हर साल हजारों करोड़ के पाम ऑयल को मंगाया जाता है। बता दें कि इस तेल को खाने के अलावा इसका शैंपू, साबुन, पेंट, चॉकलेट, साबुन और अन्य चीजों को बनाने में इस्तेमाल किया जाता है।

## सरसों का तेल

भारतीय रसाई में आपको सरसों का तेल मिलेगा। हालांकि लंबे समय तक लोगों ने भरोसेमंद तेल के रूप में इसका इस्तेमाल किया है और वर्तमान में भी किया जा रहा है। इसकी तीखी खुशबू और झांस के लिए इसे भारतीय खाने के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त माना गया है। सरसों के तेल की बर्निंग पॉइंट ज्यादा होने के कारण इसे भारत जैसे गर्म आबोहवा वाले देशों के लिए फिट माना गया है। लेकिन सरसों का तेल भी लॉन्ग टर्म में खतरनाक हो सकता है।

## बदल-बदल कर करें तेल का सेवन

डाइटीशियन कोमल सिंह के अनुसार अलग-अलग तरह के तेलों में 3 प्रकार के फैट पाए जाते हैं। जिनमें से पॉलीअनसैचुरेटेड फैट (PUFA), मोनोअनसैचुरेटेड फैट (MUFA) और सैचुरेटेड फैट है। इनमें से किसी भी एक फैट के ज्यादा हो जाने पर हेल्थ से रिलेटेड कई समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए बदल-बदल कर तेल का सेवन किया जाना चाहिए। इससे हमारी बॉडी को सभी तरह के फैट भी मिलते रहेंगे और आप स्वस्थ भी रहेंगे।

# डायबिटीज के ये लक्षण ब्लड शुगर के डेंजर लेवल पर जाने के देते हैं संकेत

आरामदायक और अनहेल्दी डाइट के चलते हमारे शरीर में कई क्रॉनिक बीमारियां घर कर लेती हैं। डायबिटीज भी क्रॉनिक बीमारी है। समय रहते अगर मरीज अपने ब्लड शुगर लेवल पर ध्यान नहीं देता तो यह मरीज के हार्ट, किडनी आदि को भी प्रभावित करता है। आजकल के दौर में हमारी लाइफस्टाइल काफी ज्यादा आरामदायक हो गई है। वहीं हमारी डाइट जिसका हमारी सेहत पर बहुत असर पड़ता है। वह बहुत खराब हो गई है। इस अनहेल्दी डाइट और आरामदायक लाइफस्टाइल के बीच जाने-अनजाने हम कई बीमारियों को बुलावा दे देते हैं। एक ऐसा ही क्रॉनिक डिजीज है डायबिटीज यानी की मधुमेह। इस बीमारी के लिए हमारी जीवन शैली और खान-पान पूरी तरह जिम्मेदार है। डायबिटीज की बीमारी होने के और भी कई कारण हो सकते हैं। जिनमें से दिल की बीमारी, स्मोकिंग, हार्मोन्स में असंतुलन, फिजिकल एक्टिविटी का कम होना और मोटापा आदि शामिल है। इस बीमारी में हमारा ब्लड शुगर घटता-बढ़ता रहता है। ऐसे में अगर काफी समय तक यह बीमारी रहती है तो इससे किडनी, लंग्स और दिल को भी नुकसान पहुंचने की संभावनाएं बनी रहती है।




## ब्लड शुगर लेवल

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के अनुसार, बिना कुछ खाए ब्लड शुगर 90mg/dl या उससे कम होने पर इसे सामान्य माना जाता है। वहीं व्यक्ति के खाने के बाद 140 mg/dl तक ब्लड शुगर सामान्य माना जाता है। वहीं डायबिटीज के पेशेंट को पूरे दिन ब्लड शुगर को कंट्रोल करना काफी जरूरी होता है। यदि डायबिटीज मरीज के ब्लड में शुगर का लेवल बढ़ने लगता है तो शरीर में अलामिंग साइन दिखने लगते हैं। आइए जानते हैं कि ब्लड शुगर लेवल के डेंजर लेवल पर पहुंचने के बाद मरीज के शरीर में कौन-कौन से लक्षण दिखाई देते हैं।

## लक्षण

- अधिक प्यास लगना और बार-बार मुंह सूखना
- आंखों से धुंधला दिखाई देना
- बार-बार यूरीन का डिस्चार्ज होना
- अचानक से वजन का घटना
- यूरीन में इंफेक्शन होना
- थकान रहना और मुंह का सूखना

## ब्लड शुगर को ऐसे करें कंट्रोल

डायबिटीज की बीमारी में ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए शरीर को एक्टिव रखना चाहिए। इसके लिए आपको हल्की-फुल्की एक्टिविटी शुरू कर देनी चाहिए। वहीं अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना चाहिए। इसके अलावा आप रोजान ब्लड शुगर चेक करके इसके स्तर पर निगरानी रख सकते हैं। डायबिटीज के मरीजों को पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। जिससे कि आपका शरीर हाइड्रेट रहे। वहीं डॉक्टर की सलाह पर व्यायाम या योगासन भी कर सकते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

## सूडोकु नवताल- 6662

✷✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6661 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## दैनिक पंचांग

07 अप्रैल 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.13 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृष | 07.53 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 09.51 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 12.05 बजे से |
| गुरु | मीन में | सिंह | 14.21 बजे से |
| शुक्र | वृष में | कन्या | 16.33 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.44 बजे से |
| राहु | मेष में | वृश्चिक | 20.58 ब.से |
| केतु | तुला में | धनु | 23.14 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.19 बजे से |
| 10.30 से | | कुंभ | 03.06 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | मीन | 04.39 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 97 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** प्रतिपदा 10.21 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 13.33 बजे को समाप्त।
**योग** हर्षण 01.25 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** कौलव 10.21 बजे तदनन्तर तैतिल 22.20 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 39'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871576
**जूलियन दिन** 2460041.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** रमजान **तारीख** 15
**विशेष** गुड फ्राइडे, विश्व स्वास्थ्य दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7725




**बाएँ से दाएँ**

1. कवि की रचना,गजल-3
3. अनुमान,अंदाज-3
5. सदपुरुष-2
6. अयोग्य,असंगत -2
8. स्वार्थ,लोभ-4
10. सहयोग,सहकार-3
11. उन्माद,सनक-3
12. भगवान का अराधक-2
13. ठंडक,शीतलता-2
14. दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16. चांदी-3
18. गंवारपन,अशिष्टता-4
20. पैंदा,तला-2
22. वर्तमान दिन-2
23. बहने का भाव-3
24. गमन, विदा होना-3

**ऊपर से नीचे**

1. हुनर,फन,आर्ट-2
2. बल,दम,जोर-3
3. समीप,नजदीक-3
4. गलत का विलोम-2
5. श्रम,संदेह-3
7. उपनदी,कैनाल-3
8. नशे से भरपूर-4
9. लाख,सौ हजार-2
11. स्वभाव,आदत-4
14. स्वास्थ्य-3
15. इस जगह-2
17. तहजीब,शिष्टता-3
18. इकट्ठा होना-3
19. रेखा,लाइन-3
21. होठ,अधर-2
22. आगमन-2

### शब्द पहेली - 7724 का हल



# आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में परेशानियां आएंगी और कार्यभार की अधिकता रहेगी। हालांकि, कड़ी मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी, लेकिन पूरा दिन भागदौड़ में बीतेगी, जिससे थकान का अनुभव होगा।

**वृष राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। ग्रहों की स्थिति आपके अनुकूल रहने से आय में वृद्धि के योग रहेंगे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और कारोबार विस्तार की योजना बनाएंगे। प्रॉपर्टी में निवेश कर सकते हैं।

**कर्क राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धन लाभ की संभावना रहेगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा।

**कन्या राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियां अच्छी चलेगीं और कार्यों में भी सफलता मिलेगी, लेकिन कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अनुकूल वातावरण रहेगा। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन कार्यों में सफलता मिलने से धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियां मध्यम रहेंगी और छोटी-छोटी परेशानियां आएंगी, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्य सफल होंगे और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**धनु राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से तनाव का अनुभव करेंगे।

**मकर राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार अच्छा चलेगा और कार्यों में सफलता मिलने से धनलाभ की स्थिति रहेगी। आकस्मिक धनलाभ की संभावना रहेगी।

**कुंभ राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्य आसानी से सफल होंगे। कारोबार विस्तार की योजनाएं बना सकते हैं।

**मीन राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी।





## NEWS इन ब्रीफ

### ज्ञानवापी मस्जिद मामले में 14 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय वाराणसी के विवादित ज्ञानवापी मस्जिद में रमजान के दौरान वजू की इजाजत की मांग वाली याचिकाओं पर 14 अप्रैल को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में गुरुवार को इस मामले को 14 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। पीठ के समक्ष विशेष उल्लेख के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने याचिकाकर्ताओं की ओर से इस मुद्दे को उठाया था और रमजान के दौरान वजू की इजाजत दिए जाने की गुहार लगाई थी। गौरतलब है कि ज्ञानवापी मस्जिद में कुछ हिंदू याचिकाकर्ताओं द्वारा शिवलिंग होने का दावा करने के बाद विवाद चल रहा है।

### स्वामी दयानंद सरस्वती पर स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के उपलक्ष में एक स्मारक डाक टिकट का विमोचन करेंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि इस अवसर पर संचार राज्य मंत्री, देवूसिंह चौहान, लोक सभा सांसद, डॉ सत्य पाल सिंह, स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार से स्वामी रामदेव, परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश से स्वामी चिदानंद सरस्वती तथा संचार मंत्रालय एवं डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं आर्य समाज के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

### एक इंच पीछे नहीं हटेंगे : सिद्धू

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने गुरुवार को पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधा वाड्रा से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीर ट्वीट की है, साथ ही पंजाब और कांग्रेस नेताओं के प्रति अपने संकल्प को दोहराया है। हाल ही में जेल से रिहा हुए सिद्धू ने ये तक कहा कि वह एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे। सिद्धू ने अपने ट्वीट में कहा, आज नई दिल्ली में अपने मेंटर और दोस्त राहुल जी, दार्शनिक-मार्गदर्शक प्रियंका जी से मुलाकात की। आप मुझे जेल में डाल सकते हैं, मुझे डरा सकते हैं, मेरे सभी वित्तीय खातों को ब्लॉक कर सकते हैं, लेकिन पंजाब और मेरे नेताओं के प्रति मेरी प्रतिबद्धता न तो झुकेगी और न ही एक इंच पीछे हटेगी।

# दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बजट सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को भी लोक सभा में अडानी मसले पर जांच के लिए जेपीसी गठन की मांग को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। गुरुवार को सुबह 11 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होते ही जैसे ही ओम बिरला ने सत्र के दौरान हुए कामकाज की जानकारी को बताना शुरू किया वैसे ही काले कपड़े पहने कांग्रेस सांसदों ने वेल में आकर जेपीसी की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। सत्र के दौरान हुए कामकाज की जानकारी देते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सांसदों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि उनका आचरण और व्यवहार संसद के लिए और देश के लिए हितकारी नहीं है। यह सदन के लिए और देश के लोकतांत्रिक मयार्दा के लिए उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि सदन की उच्च कोटि की गरिमा और मयार्दा रही है लेकिन जिस तरह से सदन में आकर आचरण और व्यवहार (वेल में आकर हंगामा और नारेबाजी) किया जा रहा है वह बिल्कुल भी उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि वे हर विषय पर चर्चा और संवाद के लिए तैयार हैं, देर रात तक सदन चलाया गया है और उन्हें बोलने का पर्याप्त समय भी दिया गया। लेकिन सदन की गरिमा को गिराया जा रहा है जो कतई उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही को नियोजित तरीके से बाधित करना उचित नहीं है।

गुरुवार को बजट सत्र के दूसरे चरण का आखिरी दिन था, इसलिए इसके बाद बिरला ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया।

### पीएम ने वरिष्ठ मंत्रियों संग लोकसभाध्यक्ष से की मुलाकात



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अपने वरिष्ठ मंत्रियों के साथ गुरुवार को लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान कई विपक्षी नेता भी मौजूद रहे। बजट सत्र के आखिरी दिन लोक सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो जाने के बाद परंपरा के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के अलावा नेशनल कांफ्रेंस से फारूख अबदुल्ला और एनसीपी से सुप्रिया सुले सहित कई अन्य दलों के नेता भी मौजूद रहे। संसद के बजट सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू हुई थी। एक फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री ने सदन में बजट पेश किया था। हालांकि दो चरणों में आयोजित हुआ यह बजट सत्र पूरी तरह से हंगामे की भेंट चढ़ गया।

### सरकार ने संसद नहीं चलने दी : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संसद के सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को अडानी के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियों के साथ तिरंगा मार्च निकालने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मोदी सरकार लोकतंत्र के बारे में तो बहुत सारी बातें कहती है लेकिन वह लोकतंत्र को कोई महत्व नहीं देती है। हम ये जानना चाहते कि कैसे सिर्फ 2.5 साल में अडानी की संपत्ति ढ़ाई साल में 12 लाख करोड़ बनी। 50 लाख करोड़ का बजट महज 12 मिनट में कैसे पास किया गया। हमने उनसे ये सवाल हमेशा पूछे लेकिन जब कभी हम बोलने के लिए उठते थे, नोटिस देते थे, उसकी मांग करते थे, तो वो हमें बोलने की इजाजत नहीं देते थे। मुझे राजनीति में काम करते 50-52 साल हो गए, हमने इससे पहले ऐसा वक्त कभी नहीं देखा है।

### कई तरह का इतिहास बनाते हुए बजट सत्र का हुआ समापन

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

संसद का यह बजट सत्र इतिहास बनाते हुए समाप्त हो गया। बजट सत्र समाप्त होने के दिन बृहस्पतिवार 6 अप्रैल को 19 विपक्षी के दलों सांसदों ने संसद से विजय चौक तक ह्यतिरंगा मार्चह्ल निकाला। इस तिरंगा मार्च में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए। मार्च करने के दौरान अडानी - मोदी , मोडानी के नारे भी लगे। विपक्ष ने यह आरोप लगाया कि संसद के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है कि सरकार खुद संसद नहीं चलने दे रही है। क्योंकि सरकार अडानी घोटाले पर चर्चा नहीं कराना चाहती है ,नहीं जेपीसी बनाना चाहती है। डीएमके, समाजवादी पार्टी, राजद, शिवसेना (यूबीटी), आप व एनसीपी जैसे समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों के सांसदों और कांग्रेस व वाम दलों के सांसदों ने राष्ट्रीय ध्वज लेकर संसद भवन से मार्च शुरू किया और विजय चौक तक गए। सोनिया गांधी ने भी संसद के गेट नंबर 1 पर राष्ट्रीय ध्वज थामा जहां सभी विपक्षी सांसद कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में मार्च शुरू करने से पहले एकत्र हुए।

## महाराष्ट्र में खड़गे, राहुल व प्रियंका गांधी रैली को संबोधित करेंगे



**एजेंसी। मुंबई**

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई को बढ़ावा देने के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा जैसे शीर्ष नेताओं के इस महीने के तीसरे सप्ताह में नागपुर में एक रैली को संबोधित करने की संभावना है। पार्टी नेताओं ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। 20 से 25 अप्रैल के बीच होने वाली रैली, विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की 16 अप्रैल को यहां होने वाली प्रमुख जनसभा के तुरंत बाद की जाएगी।

राज्य कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि रैली की तारीखों को अगले सप्ताह पार्टी की बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा। पार्टी के एक नेता ने कहा कि रैली सीधे जनता को संबोधित करने की सीरीज का हिस्सा होगी क्योंकि कांग्रेस नेताओं को संसद में बोलने की अनुमति नहीं है।

हाल ही में, सत्तारूढ़ शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी ने हिंदुत्व विचारक विनायक डी. सावरकर पर बार-बार हमले करने के लिए गांधी की आलोचना की थी। यहां तक कि एमवीए की सहयोगी शिवसेना-यूबीटी ने गांधी के बयानों पर कड़ी आपत्ति जताई है, जबकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कांग्रेस के कुछ वर्गों ने संयम बरतने की सलाह दी है क्योंकि सावरकर राज्य में एक आइकन हैं।

नागपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय भी है, जो सत्तारूढ़ भाजपा के वैचारिक गुरु और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, राज्य पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जैसे अन्य बड़े लोगों का गृह नगर है, जिन्होंने सावरकर मुद्दे पर गांधी पर भी हमला किया है।

## कांग्रेस नेता एके एंटनी का बेटा भाजपा में शामिल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केरल के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं देश के पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के पुत्र अनिल कुमार एंटनी ने आज यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन की मौजूदगी में राज्यसभा के नेता सदन एवं केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एंटनी को अंगवस्त्र पहना कर और सदस्यता पर्ची सौंप पर भाजपा में उनका स्वागत किया। बाद में एंटनी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निवास पर जा कर उनकी शुभकामनाएं ग्रहण कीं।

एंटनी ने कहा कि बहुत से कांग्रेस नेता मानते हैं कि उनकी ड्यूटी एक परिवार विशेष के लिए काम करना है लेकिन उनका मानना है कि उनकी ड्यूटी लोगों के लिए काम करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट विजन है कि अगले 25 वर्षों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और इस काम में योगदान करके उन्हें गर्व महसूस होगा।

गोयल ने भी कांग्रेस पर हमला बोला और संसद नहीं चलने देने के लिए उसे जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि कांग्रेस ने शुरू से ही यह मन बना रखा था कि संसद को चलने नहीं देना है। जिस बजट को देश के हर वर्ग ने स्वीकार किया, उस पर कांग्रेस ने चर्चा नहीं होने दी और निराधार मांगों पर सत्र को बर्बाद कर दिया।

## सत्येंद्र जैन को जमानत नहीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन और उनके दो सहयोगियों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे धन शोधन मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने 22 मार्च को उनकी जमानत याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि जैन एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और यह नहीं कहा जा सकता कि उन्होंने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जमानत के लिए दोहरी शर्तों को पूरा किया है। न्यायाधीश ने कहा, जैन को जमानत न देने का विशेष न्यायाधीश के आदेश सही व तर्कपूर्ण है। जैन पिछले साल 30 मई से हिरासत में हैं और उनके सह-आरोपी वैभव जैन और अंकुश जैन हैं। निचली अदालत ने 17 नवंबर, 2022 को सत्येंद्र जैन की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

## भारत-जापान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और बढ़ाने पर सहमत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत और जापान ने रक्षा उपकरणों एवं प्रौद्योगिकी सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने पर सहमति व्यक्त की है। जापान के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के रक्षा उप-मंत्री ओका मसामी ने गुरुवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की। बैठक के दौरान, ओका मसामी ने रक्षा मंत्री को दोनों देशों के बीच 7 वें रक्षा नीति संवाद के दौरान हुई चर्चा से अवगत कराया। जापान के मंत्री ने रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी में सहयोग सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और आगे बढ़ाने के लिए जापान की उत्सुकता को दोहराया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि भारत स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित तथा नियमों पर आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए जापान के दृष्टिकोण का समर्थन करता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दोनों देशों को द्विपक्षीय सहयोग के दायरे को बढाना चाहिए। इस दौरान भारत में जापान के राजदूत सुजुकी हिरोशी भी उपस्थित थे। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को अधिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में रक्षा मंत्री के सशक्त तथा सकारात्मक नेतृत्व के लिए सिंह को धन्यवाद दिया। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने भी बैठक में उपस्थित थे।

## FILMY हलचल

### 'दशहरा' की कमाई महज 6 दिनों में 100 करोड़ के पार



**टॉलीवुड** स्टार नानी की पहली अखिल भारतीय फिल्म 'दशहरा' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन किया है। अपनी रिलीज के केवल छह दिनों में दशहरा ने 100 करोड़ रूपए की कमाई कर ली। फिल्म ने दुनिया भर में 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है, जिससे यह मील का पत्थर हासिल करने वाली नानी की पहली फिल्म बन गई है। फिल्म ने न केवल घरेलू बाजार में बल्कि विदेशी बाजारों में भी अपनी छाप छोड़ी है, खासकर अमेरिका में जहां यह 2 मिलियन डॉलर तक पहुंचने के करीब है। हाल ही में रिलीज हुई कई बॉलीवुड फिल्मों के लिए दशहरा कड़ी टक्कर भी साबित हुआ है।

### दीया मिर्जा ने यूएन की डॉक्यूमेंट्री 'बिग ओशन स्टेट्स' में दी आवाज



**हाल** ही में महामारी पर बनी फिल्म 'भीड़' में नजर आईं अभिनेत्री दीया मिर्जा ने डॉक्यूमेंट्री 'बिग ओशन स्टेट्स' में आवाज दी है। डॉक्यूमेंट्री समुद्री पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण पर केंद्रित है और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा 'रिस्टोरः फिल्म्स फ्रॉम द फ्रंटियर्स ऑफ होप' श्रृंखला का हिस्सा है। यह प्रोजेक्ट दुनिया भर के दस स्थानों से कहानियों को बढ़ाने का प्रयास है जहां लोगों ने पर्यावरणीय संकट पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। सीरीज में गंगा पर एक एपिसोड भी है, जिसमें किसानों, वन्यजीव प्रेमियों और सरकारी विशेषज्ञों की कहानियों को दिखाया गया है, जो पवित्र नदी को बचाने के लिए टीम बना रहे हैं। इससे पहले 'फाइट क्लब' स्टार एडवर्ड नॉर्टन ने भी संयुक्त राष्ट्र की इसी तरह की पहल के लिए अपनी आवाज दी थी। डॉक्यूमेंट्री के बारे में बात करते हुए दीया ने कहा कि इस वैश्विक परियोजना का हिस्सा बनना और सेंट लूसिया, कोमोरोस और वानुअतु की कहानी बताना एक पूर्ण सम्मान था, जो उदाहरण के द्वारा दिखा रहे हैं कि कैसे सभी हितधारकों के लाभ और ब्लू अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए समुद्री पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा की जा सकती है।

### राजश्री ने नए चेहरों को लॉन्च करने के लिए न्यूकमर्स इनिशिएटिव से मिलाया हाथ



**फिल्म** ऊंचाई की अपार सफलता के बाद अब राजश्री प्रोडक्शन और राजश्री फिल्मस के चाहनेवालों के लिए एक बड़ी खुशखबरी हैं। जी हां, टैलेंटेड और नए प्रतिभाशाली कलाकारों के लिए राजश्री ने अपनी बांहें पसार ली हैं और न्यूकमर्स इनिशिएटिव के साथ नए प्रतिभावान लोगों को अपनी फिल्मों में हुनर दिखाने का अद्भुत मौका देने वाले हैं। फिल्म को जियो स्टूडियो और महावीर जैन के सहयोग से राजश्री प्रोडक्शंस द्वारा बनाया जाएगा। द न्यूकमर्स पहल एक ऐसा मंच है जो पूरे भारत के अभिनेताओं, लेखकों, निर्देशकों, संगीतकारों और तकनीशियनों जैसी नई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करता है। देश के 23 से अधिक प्रमुख फिल्म निमार्ता नई प्रतिभाओं को लॉन्च करने, सलाह देने और उनका समर्थन करने की इस असाधारण पहल के साथ आए हैं।

### जान से मारने की धमकियों पर सलमान ने सीधा जवाब देने से किया परहेज



**बॉलीवुड** के भाईजान सलमान खान को पिछले कुछ महीनों से लगातार जान से मारने की धमकी मिल रही हैं। इससे पहले सलमान ने इस मामले में कोई रिएक्शन नहीं दिया था। इस मसले पर आखिरकार सलमान ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है, लेकिन अब भी उन्होंने सीधे तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हाल ही में सलमान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए, जिसमें मिल रही धमकियों के बारे में उनसे पूछा गया। इस पर सलमान ने धमकी का सीधा जवाब देने से परहेज करते हुए कहा कि मैं किसी का भाई हूं, तो किसी की जान।"

## साजिश: महिला के साथ कथित अश्लील तस्वीरें जारी करने पर नाराज हैं

# बीजेपी विधायक ने दर्ज कराई शिकायत

**एजेंसी। बेंगलुरू**

कर्नाटक के भाजपा विधायक संजीव मतंदूर ने दक्षिण कन्नड़ जिले में एक अज्ञात महिला के साथ अपनी कथित अश्लील तस्वीरें जारी करने के संबंध में गुरुवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मतंदूर ने यह भी कहा है कि वायरल तस्वीरों को संपादित किया गया और उसे बदनाम करने की साजिश के तहत वायरल किया गया। उन्होंने उप्पिनंगडी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से फोटो वायरल करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधान के तहत प्राथमिकी दर्ज की है और मामले की जांच कर रही है। इस घटनाक्रम को मई में होने वाले चुनाव से पहले कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा के लिए एक और झटके के रूप में देखा जा रहा है। दक्षिण कन्नड़ जिले में पुत्तूर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक की



एक अज्ञात महिला के साथ मस्ती के मूड में कथित तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल

हो गई हैं। सूत्रों ने कहा कि यह भाजपा के अंदरूनी सूत्रों की करतूत है। सूत्रों ने यह भी कहा कि इस प्रकरण की मंशा पार्टी पर मतंदूर का टिकट काटने का दबाव बनाने की है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ एक जोरदार लॉबी है। 2018 के चुनाव में मतंदूर ने कांग्रेस उम्मीदवार शकुंतला शेट्टी को 19,447 मतों से हराया था।

इससे पहले भी एक निजी वीडियो को लेकर मतंदूर को लेकर अफवाहें फैलाई गई थीं। सूत्रों ने कहा कि मतंदूर ने इलाके में अच्छा काम किया है, लेकिन पार्टी के भीतर उनके कई दुश्मन हैं और यहां तक कि संघ परिवार के नेता भी उनसे खुश नहीं हैं।

भाजपा सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने घटनाक्रम पर गंभीरता से विचार किया है। ऐसे समय में जब पार्टी बीजेपी विधायक मदल वीरुपक्षप्पा की गिरफ्तारी के सदमे से अभी उबर ही नहीं रही है, इस घटनाक्रम ने पार्टी को बेचैन कर दिया है।

# सीता व नलिन सोरेन ने कहा: गरीबों के मसीहा थे जगरनाथ दा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर पूरे राज्य में शोक की लहर है। राज्य की उपराजधानी दुमका के दो झामुमो विधायक नलिन सोरेन और सीता सोरेन ने इसे समाज और राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि इसकी कमी पूरी नहीं कि जा सकती है। क्या कहा शिकारीपाड़ा के झामुमो विधायक नलिन सोरेन नेः झामुमो के वरिष्ठ नेता और लगातार सात बार से शिकारीपाड़ा क्षेत्र से विधायक बन रहे नलिन सोरेन ने जगरनाथ महतो के निधन पर अपनी गहरी संवेदना जतायी है। ईटीवी भारत से फोन पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि टाइगर जगरनाथ दा समाज के प्रति सदैव समर्पित रहे। वे जुझारू नेता थे। कोरोना काल मे वे बीमार पड़े, ईलाज के बाद जब वे ठीक हुए तो फिर से उसी उत्साह से अपने जिम्मेदारी में जुट गये। पार्टी और अपने कार्य के प्रति वे काफी जिम्मेदार थे। उनका इस तरह से जाना बेहद दुखदायी और पीड़ादायक है। ईश्वर उनके परिवार को संबल प्रदान करे। उनके प्रति मेरी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित है।क्या कहती हैं झामुमो विधायक सीता सोरेनः शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन को जामा विधानसभा की झामुमो विधायक सीता सोरेन ने काफी दुखद बताया है। ईटीवी भारत से बातचीत में उन्होंने कहा कि थोड़ी देर पहले इसकी जानकारी मुझे मिली। वे इलाजरत थे और हमलोगों को पूर्ण विश्वास था कि टाइगर जगरनाथ दा ठीक होकर फिर से लौटेंगे और अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। सीता सोरेन ने कहा कि वे गरीबों के मसीहा थे। हमेशा अपने क्षेत्र में गांव - गांव घूम कर गरीब , जरूरतमंद लोगों के मदद के लिए मौजूद रहते थे। ऐसा लग नहीं रहा था कि वह हमारे बीच इस तरह अचानक से चले जाएंगे। पहली बार जब वे बीमार पड़े तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनका हरसंभव इलाज कराया और जब वह ठीक होकर आए तो लगता ही नहीं था कि वह कभी बीमार थे। बेहतर ढंग से कामकाज को संभाल लिया था। इस समय भी वे रिकवरी कर रहे थे कि अचानक से यह दुखदायी खबर सामने आई है। सीता सोरेन ने कहा कि उनका इस तरह से जाना समाज और राज्य की जनता, हमलोग, सभी के लिए एक बड़ी क्षति है।

## तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री ने जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की

**रांची।** गुरुवार सुबह झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का निधन तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में हो गया। वो एमजीएम हेल्थकेयर में भर्ती थे और वहीं उनका इलाज चल रहा था। तमिलनाडु के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री एमए सुब्रमण्यम ने अस्पताल में जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले गुरुवार को अस्पताल के द्वारा मेडिकल बुलेटिन जारी किया जिसमें उन्होंने बताया कि जगरनाथ महतो को उनकी स्वास्थ्य स्थिति में गिरावट के कारण 14 मार्च 2023 को एमजीएम हेल्थकेयर में भर्ती कराया गया था। उन्हें बुधवार रात में दिल का दौरा (कार्डियक अरेस्ट) पड़ा था और उन्हें ईसीएमओ में रेस्क्यू किया गया था।



## मंत्री के निधन पर समाहरणालय में शोक सभा का आयोजन

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर समाहरणालय परिसर में गुरुवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) दीपक कुमार दुबे, अपर समाहर्ता राजेश कुमार बरवार, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक सहित जिला के सभी पदाधिकारियों-कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## पैतृक गांव अलारगो में होगा अंतिम संस्कार



रांची। राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा, साक्षरता और उत्पाद विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर शुक्रवार की सुबह सात बजे विशेष विमान से चेन्नई से रांची लाया जाएगा। एयरपोर्ट से उनके पार्थिव शरीर को विधानसभा ले जाया जाएगा, जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी जायेगी। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को झामुमो कार्यालय हरमू ले जाया जाएगा। झामुमो कार्यालय से उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव अलारगो ले जाया जाएगा, जहां अंतिम संस्कार होगा। अलारगो से भंडारीदह के दामोदर घाट तक शव यात्रा निकाली जाएगी। स्व. जगरनाथ महतो के अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, चम्पई सोरेन, मिथलेश ठाकुर, रामेश्वर उरांव, सत्यानन्द भोक्ता समेत कई विधायक और महागठबंधन के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## डुमरी का चार बार किया प्रतिनिधित्व, बदल डाली तस्वीर




**रांची।** गिरिडीह जिले के डुमरी विधानसभा क्षेत्र का लगातार चार बार प्रतिनिधित्व कर चुके जागरनाथ महतो अब इस दुनिया में नहीं रहे। सूबे के शिक्षा मंत्री रहे जागरनाथ महतो ने हनुमान जन्मोत्सव जैसे शुभ दिन में अंतिम सांस ली है। उनके निधन से राज्य के लोग दुखी हैं। सबसे ज्यादा दुखी डुमरी की जनता है। अपने क्षेत्र में विकास पुरुष के तौर पर जाने जाने वाले जागरनाथ के निधन की खबर से डुमरी के लोगों की आंखें नम हो गई हैं। लोग उनके द्वारा किए गए कार्य को याद कर रहे हैं। दिवंगत मंत्री जागरनाथ महतो की लोकप्रियता यूं ही नहीं है। उनके लोकप्रिय होने के पीछे बड़ी वजह क्षेत्र की जनता के प्रति उनका समर्पण रहा है। क्षेत्र की जनता के प्रति 24 घंटे तत्पर रहने वाले जागरनाथ ने पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास के कई काम किए। जो इलाका नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का गढ़ रहा। जहां विकास की योजनाओं को संचालित करना प्रशासन के लिए चुनौती रही, उस इलाके में सड़क - शिक्षा के साथ साथ अन्य व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटे रहे।शिक्षा से ही बदलाव लाया जा सकता हैः जगरनाथ महतो का सबसे बड़ा योगदान शिक्षा के क्षेत्र में रहा है। वे लोगों को पढ़ने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे। वे जहां भी जाते तो बच्चों से यही कहते कि शिक्षा से ही बदलाव हो सकता है। व्यवस्था को सुधारना है तो सभी को शिक्षित होना पड़ेगा। जगरनाथ महतो का सबसे अधिक ध्यान बच्चों, विशेष तौर पर बच्चियों की शिक्षा पर रहा था। गांव गांव की बच्चियां सुरक्षित होकर अपने आसपास के इलाके में ही बेहतर शिक्षा पा सके इसे लेकर वे हमेशा तत्पर रहे। अपने क्षेत्र में कई उच्च विद्यालय, कॉलेज को स्थापित करवाया।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर कांग्रेस पार्टी ने जताया दुख




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन से प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गयी है। इसको लेकर प्रदेश के आला नेता और जगरनाथ महतो के चाहने वाले दुख व्यक्त कर रहे हैं। पलामू में झारखंड के कांग्रेस के चल रहे सम्मेलन में इसकी जानकारी होने पर सत्ता में शामिल कांग्रेस पार्टी के आला नेताओं दुख प्रकट किया। झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की ओर से जगरनाथ महतो के निधन पर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उनका सरल स्वभाव ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता था, मैं खुद भी उनसे काफी प्रभावित रहा। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उनके निधन पर दुख प्रकट करते हुए इसे अपूर्णिय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि वो हमेशा गरीबों मदद करने के लिए लगातार प्रयास करते रहते थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए उन्होंने लगातार काम किए। उन्हीं के किए गए कामों का नतीजा है कि आज झारखंड में शिक्षा के स्तर में सुधार आया है। वहीं कृषि मंत्री कांग्रेस विधायक बादल पत्रलेख जगरनाथ महतो के निधन का समाचार मिलने पर काफी आहत नजर आए।

# डॉक्टरों के 786 पद खाली



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड देश के उन राज्यों में से एक है, जहां डॉक्टरों की घोर कमी है। जनसंख्या के अनुपात में चिकित्सा पदाधिकारियों के पहले से ही कम पद सृजित हैं और वह भी खाली रहे तो समझना मुश्किल नहीं कि राज्य में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था डॉक्टर्स के नहीं भगवान भरोसे ही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेपीएससी से अनुशंसित 173 MBBS पास डॉक्टर्स को स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा पदाधिकारी पद के लिए नियुक्ति पत्र दिया। बावजूद इसके अभी भी सृजित 2099 में से 71 पद खाली रह गए हैं। सबसे खराब स्थिति तो विशेषज्ञ डॉक्टरों की है। झारखंड में 1012 स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स के पद हैं। जिसमें से 226 पर विशेषज्ञ डॉक्टर्स कार्यरत हैं। करीब 75 % विशेषज्ञ डॉक्टरों के सृजित पद खाली पड़े हैं। इसी तरह दंत चिकित्सक के सृजित पद 254 हैं जिसका 50% पद खाली है। राज्य में 254 सृजित पदों की तुलना के 129 दंत चिकित्सक ही कार्यरत हैं। कुल मिलाकर देखें तो राज्य में डॉक्टरों के लगभग एक तिहाई पद खाली हैं। कुल 3365 की तुलना में 1022 पद खाली हैं।वर्ष 2023 में झारखंड की आबादी 04 करोड़ होने का अनुमान है। आईपीएचएस के अनुसार 10 हजार की आबादी पर 01 डॉक्टर होना अनिवार्य है। ऐसे में राज्य में डॉक्टरों के सृजित पद पहले से ही जनसंख्या के अनुपात में काफी कम हैं। अगर इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्स को ही आधार मान लें तो कम से कम 04 हजार डॉक्टर्स होने चाहिए लेकिन पोस्ट ही सिर्फ 3365 सृजित हैं और वह भी नहीं भरा है। अगर विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्टैंडर्ड की बात करें तो 1 हजार की आबादी पर होने 1 डॉक्टर होना चाहिए। इस तरह WHO के अनुसार राज्य में 40 हजार डॉक्टर्स चाहिए। ऐसे में अभी सिर्फ 2383 डॉक्टरों के भरोसे राज्य की 4 करोड़ की आबादी के स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने की जवाबदेही है। यानि 16 हजार 785 लोगों पर एक डॉक्टर उपलब्ध है। झारखंड की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। उसी अनुपात में डॉक्टर्स की जरूरत भी बढ़ती जा रही है। अभी राज्य में चिकित्सकों के जो सृजित पद हैं वह काफी पहले की आबादी के अनुरूप तय किये गए थे। आज सृजित पदों से अधिक डॉक्टर्स की राज्य को जरूरत है। लेकिन चाहे अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य हों या फिर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, हर कोई जल्द ही चिकित्सकों के सृजित पदों में से खाली पदों को भरने की बात तो करते हैं लेकिन आबादी के अनुरूप डॉक्टर्स के सृजित पद बढ़ाने को लेकर पूछे गए सवाल पर मौन हो जाते हैं। इस परिस्थिति में डॉक्टर्स की कमी की भरपाई करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने CHO के कॉन्सेप्ट को अपनाया है।

## भारत को पाकिस्तान की राह पर ले जाने की हो रही है कोशिश : त्रिपाठी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने लोहरदगा में केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर हमलावर तेवर दिखाए। पूर्व मंत्री ने अपने बयान के माध्यम से भारत की तुलना जिस देश के साथ की है, उसके बाद राजनीतिक पारा गर्म हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान समय में पाकिस्तान की राह पर चल रहा है। जिस तरीके से पाकिस्तान में विपक्ष के नेताओं पर मुकदमा कर या फिर सजा दिला कर उन्हें रास्ते से हटा दिया जाता है, या फिर मुकदमा और फांसी की सजा के डर से विपक्ष के नेता देश छोड़कर भाग जाते हैं, कुछ ऐसे ही हालात भारत में भी नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने अच्छी बात कही तो उन पर मामला दर्ज करा दिया गया। उनकी संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई। यह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन नहीं तो और क्या है।जय भारत सत्याग्रह का प्रत्यक्ष परिणाम सबके सामने आएगाः उन्होंने कहा कि देश में जिस तरह की स्थिति उत्पन्न हो गई है, उससे यह कहना गलत नहीं कि भारत वर्तमान में पाकिस्तान की राह पर चल रहा है। साथ ही पूर्व मंत्री ने यह भी कहा है कि जय भारत सत्याग्रह देश में उत्पन्न इन्हीं परिस्थितियों को तोड़ने के लिए शुरू किया गया है। जिसका प्रत्यक्ष परिणाम सबके सामने नजर आएगा। पूर्व मंत्री का यह बयान राजनीतिक तपिश को बढ़ा सकता है।

## पृष्ठ एक के शेष

**मुख्यमंत्री समेत माननीयों ने...**

में निधन की बेहद दुःखद सूचना मिली है। लंबे समय से बीमारी से लड़ते हुए उन्होंने एक योद्धा होने का परिचय दिया। जगरनाथ जी का चले जाना पूरे झारखंड के लिए अत्यंत दुखदायी है। राजनैतिक भिन्नताओं के बावजूद व्यक्तिगत रूप से उनकी जीवटता का मैं सदैव प्रशंसक रहा हूं। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो जी का चेन्नई में इलाज के दौरान निधन की खबर से आहत हूं। वे जुझारू तेवर के और जमीन से जुड़े नेता थे। उनका असमय जाना झारखंड की राजनीति में अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

**नियति को भी टाइगर होने का...**

मार्गदर्शन और उनका आशीर्वाद मुझे आगे का रास्ता दिखाएगा। जगरनाथ दा ने अपने मंत्रित्व काल के दौरान शिक्षा विभाग में कुछ ऐसे निर्णय लिए, जिसे झारखंड हरदम याद रखेगा। अलग झारखंड के मुखर योद्धा जगरनाथ दा की सोच और उनके संकल्पों को पूरा कर उसे साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हमारी सरकार एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार उनकी सोच और विचार को साकार करने के प्रति तब तक संकल्पित रहेगी जब तक उसे हासिल नहीं कर लिया जाता।

अपने बड़े भाई दुर्गा सोरेन के निधन के वक्त जिस शून्यता का एहसास हुआ था, उसी शून्यता का एहसास आज हो रहा है। ईश्वर अपने श्री चरणों में दिवंगत आत्मा को स्थान दें और उनके परिवार और समर्थकों को इस दुःख में खुद को संभालने का साहस और सामर्थ्य दे, यही प्रार्थना है। जगरनाथ दा अमर रहेंगे क्योंकि उनके विचार, सिद्धांत और मार्गदर्शन हमारी सरकार और हमारी पार्टी को सदैव दिशा दिखाते रहेंगे।

**जगरनाथ दा दिल में थे दिल में रहेंगे**
**हम कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते रहेंगे**
**आपका संघर्ष बेकार नहीं जायेगा**
**हर हाल में सोच साकार होगा**

**साल में दो बार हो सकती है...**

सूचना जारी नहीं की गई है। एनसीएफ के मुताबिक करिकुलम तैयार करने में शिक्षा बोडरें की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रश्न-पत्र बनाने वाले, जांच करने वाले और मूल्यांकन के लिए टेस्ट डेवेलपमेंटसे सम्बन्धित यूनवर्सिटी-सर्टिफाईड कोर्स की सिफारिश भी की जा सकती है। एनसीएफ में वोकेशनल, आर्ट्स, फिजिकल एजुकेशन को करिकुलम का अभिन्न अंग माना गया है। इसके लिए बोडरें को इन एरिया के लिए हाई क्वालिटी टेस्ट सिस्टम को तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले शिक्षा के फाउंडेशनल स्टेज यानी बिल्कुल शुरूआती कक्षाओं के लिए नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के तहत देश भर में 'बालवाटिका' योजना शुरू की जा चुकी है। देशभर के अलग-अलग 49 केंद्रीय विद्यालयों में पायलट परियोजना के तौर पर इस को शुरू किया गया है। यह 3-8 साल की उम्र के बच्चों के लिए देश का पहला एकीकृत नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क है। नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के सभी उपायों का उद्देश्य तीन विकासात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करना है। इनमें अच्छा स्वास्थ्य और खुशहाली बनाए रखना, प्रभावकारी संप्रेषक या संवादात्मक बनाना, और सक्रिय शिक्षार्थी बनाना शामिल है। नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ) छोटे बच्चों को 21वीं सदी की संज्ञानात्मक और भाषाई दक्षता से लैस करने में मदद करेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा एनसीईआरटी से कहा गया है कि वह एनसीएफ को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने, बचपन की देखभाल एवं विकास में शामिल सभी हितधारकों को उपलब्ध कराने में सहयोग करें।

**जमशेदपुर में पत्नी, दो बच्चियों व लेडी...**

ने उसकी गिरफ्तारी धनबाद से की थी। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि पूरे परिवार समेत शिक्षिका को तड़पा-तड़पाकर मारने वाला दीपक कुमार वेब सीरीज सीरियल किलर, पाताल लोक और असुर हमेशा देखता था। इस मामले में स्पीडी ट्रायल के बाद एडीजे राजेंद्र कुमार सिन्हा की अदालत ने दीपक को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने उसे आईपीसी की धारा 302, 307, 379, 201 और 376(1) के तहत दोषी पाया था।

**पीएम बोले : हनुमान जी की प्रेरणा से...**

पड़ावों- भाजपा के 50 साल और 2047 में देश की आजादी के 100 साल पर विकसित भारत के विजन को लेकर काम करने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि लोगों ने अभी से यह कहना शुरू कर दिया कि 2024 में भाजपा को कोई नहीं हरा सकता है। यह बात सही भी है लेकिन दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद भाजपा कार्यकर्ताओं को अति आत्मविश्वास का शिकार नहीं होना है और पार्टी कार्यकर्ताओं को सिर्फ चुनाव जीतने तक ही सीमित नहीं रहना है बल्कि देश के हर नागरिक का दिल जीतना है। भाजपा को 21वीं सदी की भविष्य की पार्टी बनाना है। प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र की कोख से जन्म लिया है, भाजपा लोकतंत्र के अमृत से पोषित है और भाजपा देश के लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करते हुए समर्पण भाव से दिन-रात देश के लिए ही काम कर रही है। इससे पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में भाजपा मुख्यालय एक्सटेंशन में और पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं ने देशभर में सभी 37 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों, 978 जिलों, 15 हजार 923 मंडलों और देश के 10 लाख 56 हजार 2 बूथों पर ध्वजारोहण कर पार्टी की स्थापना दिवस से जुड़े कार्यक्रमों की शुरूआत की।

**चीन भारतीय पत्रकारों की...**

छोड़ने के लिए कहा गया था। भारत की तरफ से चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में 11 स्थानों के नाम बदलने पर आपत्ति जताने के कुछ दिनों बाद यह घटनाक्रम हुआ, जिसे चीन तिब्बत के दक्षिणी भाग 'जंगनान' कहता है और अपने क्षेत्र के रूप में दावा करता है। 2020 के मध्य से दो एशियाई दिग्गजों के बीच संबंध बिगड़ गए हैं, जब चीनी और भारतीय सैनिक गालवान घाटी में भिड़ गए थे, जिसमें 24 लोग मारे गए थे।

**फसल** मौसम के नुकसान से फसलों को बचा सकता है

# देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है कृषि



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मौसम का पूर्वानुमान कर फसलों पर मौसम का पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से बचा जा सकता है और कृषि उत्पादकता को बढ़ाया जा सकता है। ये बातें कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने कही। हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत करते हुए डॉ चौधरी ने कहा कि मौसम के कुप्रभाव से फसलों को बचाने और किसानों को कृषि संबंधी सलाह देने के लिए ही जिला कृषि मौसम इकाई के तहत खूंटी में कृषि विज्ञान केन्द्र संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के अंतर्गत पूरे देश में कृषि वज्ञिान केंद्र का संचालन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से किया जाता है। मौसम विज्ञानी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि है। खूंटी जिले में सिचाई की सुविधा नहीं के बराबर है और यहां के किसानों को पूर्ण रूप से वर्षा पर ही निर्भर रहना पड़ता है। डोभा और कुएं में जमा पानी ही यहां सिचाई का मुख्य साधन है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन हमारी खेतीबारी के लिए भी खतरा उत्पन्न कर रहा है, जबकि कृषि की उत्पादकता पूरी तरह मौसम, जलवायु और पानी की उपलब्धता पर निर्भर होती है। ऐसे में मौसम के बारे में पूर्वानुमान और सलाह किसानों के लिए वरदान साबित होती है। उन्होंने कहा कि जिला कृषि मौसम इकाई कृषकों को मौसम संबंधी सलाह के साथ-साथ मौसम आधारित खेती और पशुधन प्रबंधन की रणनीतियों और संचालन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत जिला और ब्लॉक स्तर पर मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान तैयार किया जाता है। यह केंद्र खूंटी में 2019 से संचालित है और जिले के सभी छह प्रखंडों तोरपा, रनिया, कर्रा, खूंटी, मुरहू और अड़की के किसानों के लिए मौसम संबंधी सलाह देता है। फिलहाल इस केंद्र से खूंटी जिले के पांच हजार से अधिक किसान जुड़े हुए हैं। डॉ चौधरी ने बताया कि किसानों के लिए मौसम पूर्वानुमान हर मंगलवार और शुक्रवार को आगामी चार दिनों के लिए जारी किया जाता है। उन्होंने बताया कि किसानों को नई कृषि तकनीक और मौसम के अनुसार कृषि कार्य करने की सलाह दी जाती है। कृषि मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि केंद्र द्वारा अब तक एस सौ से अधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मौसम के पूर्वानुमान से फसलों की कटाई, रख-रखाव, कीटनाश्कों का प्रयोग सहित अन्य कई बातों की जानकारी मिल जाती है।

NEWS इन ब्रीफ

## कपिल देव चंडीगढ़ में एक्शन में दिखाई देंगे



**चंडीगढ़।** महान आलराउंडर कपिल देव अपनी घरेलू पिच पर 20 अप्रैल को एलेन्जर्स गली क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में एक्शन में दिखाई देंगे। टूर्नामेंट बुधवार से शुरू हुआ है। आयोजक यूटी क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संजय टंडन ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता चेतन शर्मा फाइनल मैच में खेलकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और बीसीसीआई के अन्य शीर्ष अखिकारी 23 अप्रैल को ग्रैंड फाइनल को देखने उपस्थित हो सकते हैं। टूर्नामेंटका आयोजन यूटी क्रिकेट संघ और चंडीगढ़ पुलिस ने किया है। टूर्नामेंट जर्सी का बुधवार को अनावरण किया गया।

## कलिकेश सिंह देव ने एनआरएआई अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** रनिंदर सिंह के लंबी छुट्टी पर जाने के बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष का पदभार संभाला।

## गोर्याचकिना ने फिडे महिला ग्रां प्री का तीसरा चरण जीता

**नई दिल्ली।** रूस की ग्रैंडमास्टर एलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के आधार पर यहां फिडे महिला ग्रां प्री शतरंज प्रतियोगिता के तीसरे चरण का खिताब जीता। खिताब के तीन दावेदारों गोर्याचकिना, कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा और चीन की झू जिनर ने बुधवार को अपनी अंतिम दौर की बाजियां ड्रा खेली। इन तीनों के समान छह अंक रहे। टाईब्रेकर के बाद गोर्याचकिना ने पहला स्थान हासिल किया। महिला ग्रां प्री सीरीज में कुल 16 खिलाड़ी भाग ले रही हैं। इसका चौथा और अंतिम चरण 15 से 28 मई के बीच साइप्रस में आयोजित किया जाएगा।

## बीसीसीआई ने सुधीर नायक के निधन पर शोक जताया



**मुम्बई।** बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय ओपनर सुधीर नायक के निधन पर शोक जताया है। सुधीर नायक का बुधवार को मुम्बई में निधन हो गया था। नायक ने 1974 और 1975 के बीच भारत के लिए तीन टेस्ट और दो वनडे खेले थे। 24 मार्च को वह अपने घर में गिर गए थे, जिसके बाद एक प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में उनको भर्ती किया गया था। वह 78 वर्ष के थे। नायक ने 1974 में हेडिंग्ले,लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में भारत का पहला चौका लगाया था।

# हमारे पास बेयरस्टो नहीं है, प्रभसिमरन का फॉर्म अच्छा संकेत है : वसीम जाफर

**एजेंसी। गुवाहाटी**

पंजाब किंग्स के बल्लेबाजी कोच वसीम जाफर ने ओपनर प्रभसिमरन सिंह के प्रभावशाली बल्लेबाजी प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा है कि उनकी फॉर्म टीम के लिए अच्छा संकेत है क्योंकि टीम के पास जानी बेयरस्टो की सेवाएं नहीं हैं। पंजाब किंग्स ने शिखर धवन (86 नाबाद) और प्रभसिमरन सिंह (60) के शानदार अर्धशतकों से 20 ओवर में 197/4 का मजबूत स्कोर बनाया। नाथन एलिस ने 30 रन पर चार विकेट लेकर राजस्थान रॉयल्स को 20 ओवर में 192/7 रन पर रोक दिया।

प्रभसिमरन और धवन ने रॉयल्स के गेंदबाजों को मैदान में चारों तरफ पीटते हुए 4.2 ओवर में ही टीम के 50 रन पूरे कर दिए।

22 वर्षीय प्रभसिमरन ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए 28 गेंदों में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से अपना पहला आईपीएल अर्धशतक पूरा किया।

जाफर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, इस सत्र को छोड़कर उन्हें विभिन्न कारणों से निरंतर जगह नहीं मिल पायी क्योंकि हमारे पास इस स्थान पर बल्लेबाजी करने के लिए जानी बेयरस्टो, केएल राहुल और मयंक



अग्रवाल मौजूद थे। इस बार प्रभसिमरन को मौका मिला और उन्होंने रन बनाये। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं।

उन्होंने कहा, आप कितने भी बेहतर खिलाड़ी क्यों न हों, आपको निरंतर जगह मिलनी चाहिए और आप बिना किसी डर के खेलें। वह हमेशा अच्छे खिलाड़ी रहे हैं।

## आरआर के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने संजू सैमसन

**गुवाहाटी।** भारतीय बल्लेबाज और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में अपने फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। संजू ने बुधवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। मैच में 198 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन ने 25 गेंदों



में 42 रन बनाए। उनकी पारी में पांच चौके और एक छक्का शामिल था। उनके बल्ले से 168.00 के स्ट्राइक रेट से रन निकले। उनकी पारी का अंत तेज गेंदबाज नाथन एलिस ने किया, जिन्होंने उन्हें मैथ्यू शॉर्ट के हाथों कैच कराने के बाद आउट किया।

राजस्थान रॉयल्स के लिए 118 मैचों में सैमसन ने 30.46 की औसत से 3,138 रन बनाए हैं। उन्होंने 119 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ अपनी तरफ से दो शतक और 18 अर्द्धशतक बनाए हैं। उनके रन 137.99 की स्ट्राइक रेट से आए हैं। उन्होंने भारतीय टीम के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने राजस्थान के लिए 106 मैचों में 35.60 की औसत से 3,098 रन बनाए हैं। उन्होंने 105* के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ टीम के लिए दो शतक और 21 अर्द्धशतक लगाए हैं।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2023-24 के लिए जारी की केंद्रीय अनुबंध सूची

## इन 24 खिलाड़ियों में मिली जगह

**एजेंसी। मेलबर्न**

स्पिनर टॉड मर्फी और पेसर लांस मॉरिस ने एशेज और वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए 24 मजबूत खिलाड़ियों की सूची में अपना पहला क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया केंद्रीय अनुबंध अर्जित किया। सीए ने 2023-24 के लिए 24 खिलाड़ियों के अनुबंध की घोषणा की। सीन एबॉट, लांस मॉरिस, माइकल नेसर और झे रिचर्डसन ने सभी अनुबंध में हैं।





जून में लंदन में भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए य साल काफी व्यस्त है। साल के अंत में इंग्लैंड और क्रिकेट विश्व कप 2023 भी है जो भारत में होगा। ऑस्ट्रेलिया की 24-खिलाड़ियों की अनुबंध सूची में कुल छह नए चेहरे जोड़े गए हैं।

बॉलिंग जोड़ी मर्फी और सीन एबॉट को पिछले साल के दौरान अपग्रेड मिला और उन्हें मुख्य सूची में पदोन्नत किया गया, जबकि माइकल नेसर, लांस मॉरिस, झे रिचर्डसन और मार्कस हैरिस को भी पदोन्नत किया गया और अगले साल के लिए एक अनुबंध की पेशकश की गई।

पूर्व व्हाइट-बॉल कप्तान आरोन फिंच, स्पिनर मिचेल स्वेपसन, मैथ्यू वेड, मैथ्यू रेनशॉ, पीटर हैंड्सकॉम्ब और मैथ्यू कुह्नमैन, जिन्हें हाल के समय में पदोन्नति मिली को नए अनुबंध नहीं प्राप्त हुए। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज और मौजूदा चयन अध्यक्ष जॉर्ज बेली कई खिलाड़ियों को नए अनुबंधों से पुरस्कृत होते देख रोमांचित थे और उन्होंने कहा कि सूची की घोषणा आगामी कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए की गई है। बेली ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, 'पिछले 12 महीनों में कुछ बेहतरीन व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शन हुए हैं। समान रूप से, हम कुछ खिलाड़ियों के उभरने से बेहद प्रभावित हुए हैं, जो तीनों प्रारूपों में ऑस्ट्रेलियाई चयन के लिए अपनी दस्तक दी है।' विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में टेस्ट क्षेत्र में दो बड़ी चुनौतियां और एशेज हमारे नजदीक हैं, जिसके तुरंत बाद आईसीसी वनडे विश्व कप है। हमने उन खिलाड़ियों के एक समूह को चुना है जिनकी हम उम्मीद करते हैं कि उन दो अभियानों में से अधिकांश होंगे और हम जानते हैं कि सफलता हासिल करने के लिए हमें स्क्वाड मानसिकता की जरूरत होगी।'

उन्होंने आगे कहा, 'जैसा कि हम अब हर साल देखते हैं, अगले छह से 12 महीनों में बहुत अधिक क्रिकेट होता है और हमारी गहराई का परीक्षण किया जाएगा। सर्दियों के दौरान छह टेस्ट मैच अपेक्षाकृत कम समय में होते हैं और हमारे पास वनडे वर्ल्ड कप से पहले और उसके बाद सफेद गेंद क्रिकेट की व्यस्त अवधि है।'

### ऑस्ट्रेलिया पुरुषों की अनुबंध सूची 2023-24 इस प्रकार है

सीन एबॉट, एश्टन एगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, पैट कमिंस, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मारनस लाबुस्चगने, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झे रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर और एडम जम्पा।





# विलियम्सन के चोटिल घुटने की होगी सर्जरी

### वनडे विश्व कप के लिए फिट होना मुश्किल

**एजेंसी। वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड के वनडे कप्तान केन विलिम्यसन आईपीएल के पहले मैच में लगी घुटने की चोट के बाद भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से चूक सकते हैं। विलियमसन हाल के दिनों में न्यूजीलैंड लौटे जहां चोट की गंभीरता की पुष्टि हुई, जिसमें पता चला कि उनको एसीएल इंजरी हुई है और घुटने के आसपास की सूजन कम होने के बाद अब अगले तीन सप्ताह में उनकी सर्जरी की जाएगी।

उन्होंने कहा, हां इस तरह की चोट लगना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन मेरा फोकस अभी सर्जरी पर और रिहैब शुरू करने पर है। यह कुछ समय लेगा लेकिन मैं वह सब करने की कोशिश करूंगा जिससे जल्द से जल्द मैं मैदान पर उतर सकूं।

## कोविड के डर के कारण चीन में एशियाई खेलों से बाहर रह सकती हैं हंपी

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों में दो बार की स्वर्ण पदक विजेता ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी इस साल के आखिर में होने वाली महाद्वीपीय प्रतियोगिता से बाहर रह सकती हैं क्योंकि इनका आयोजन चीन में हो रहा है जहां से कथित तौर पर कोविड-19 का घातक वायरस निकला और 2020 में पूरी दुनिया में फैला। दुनिया के अधिकांश हिस्सों में हालांकि इस वायरस पर काबू पा लिया गया है। तीन जनवरी 2020 से इस साल पांच अप्रैल तक के डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार चीन में कोविड-19 के नौ करोड़ 92 लाख 38 हजार 586 मामले सामने आए और एक लाख 20 हजार 896 लोगों की मौत हुई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हालांकि पिछले 24 घंटे में चीन में कोविड संक्रमण का कोई नया मामला नहीं आया है। चीन को शुरूआत में 2022 में हांगझोउ में एशियाई खेलों की मेजबानी करनी थी लेकिन महामारी के कारण इस प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता को एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया था।

## बेंजेमा की हैट्रिक से रियाल मैड्रिड कोपा डेल रे के फाइनल में

**एजेंसी। बार्सिलोना**



करीम बेंजेमा की शानदार हैट्रिक से रियाल मैड्रिड ने एफ सी बार्सिलोना से पहले चरण में मिली 0-1 की हार का बदला चुकाते हुए दूसरे चरण में बार्सिलोना को 4-0 से हराकर कोपा डेल रे के फाइनल में प्रवेश कर लिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार विनसियस जूनियर के पहले हाफ से ठीक पहले ओपनिंग गोल और बेंजेमा के दूसरे हाफ के तीन गोलों की मदद से मैड्रिड ने छह मई को ओसासुना के खिलाफ होने वाले फाइनल में जगह बना ली। बार्सिलोना को अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों का नुकसान उठाना पड़ा। रियाल मैड्रिड ने पहले हाफ के इंजरी समय में जवाबी हमले से बढ़त बनायी। बेंजेमा ने दूसरे हाफ में पांच मिनट बाद मैड्रिड को 2-0 और कुल 2-1 से आगे कर दिया। बेंजेमा ने पेनल्टी पर मैड्रिड का तीसरा गोल दागा। बेंजेमा ने मैच समाप्ति से नौ मिनट पहले विनिसियस के शानदार क्रॉस पर अपना तीसरा और टीम का चौथा गोल दाग दिया।

## आईपीएल 2023 का नौवां मुकाबला

# कोलकाता ने बेंगलुरु को दिया 205 रनों का टारगेट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (क्wछ) में कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच जारी है। बेंगलुरु ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। शार्दुल ठाकुर की आतिशी पारी के सहारे कोलकाता ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु के ओपनर्स फाफ डु प्लेसिस और विराट कोहली क्रीज पर हैं। 4 ओवर के बाद टीम ने बगैर नुकसान के 22 रन बना लिए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (क्wछ) में कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच जारी है। बेंगलुरु ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। शार्दुल ठाकुर की आतिशी पारी के सहारे कोलकाता ने 20 ओवर में 7



विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु के ओपनर्स फाफ डु प्लेसिस और विराट कोहली क्रीज पर हैं। 4 ओवर के बाद टीम ने बगैर नुकसान के 22 रन बना लिए हैं। 89 रन के स्कोर पर कोलकाता ने एक समय 5 विकेट गंवा दिए थे। तब बैटिंग पर आए शार्दुल ठाकुर ने बड़े-बड़े शॉट्स खेले। उन्होंने 20 बॉल में फिफ्टी पूरी करने के बाद रिंकू सिंह के साथ 47 बॉल में 103 रन की पार्टनरशिप की। रिंकू 46 रन और शार्दुल 68 रन बनाकर कैच आउट हुए।? कोलकाता के रहमानुल्लाह गुरबाज 57, वेंकटेश अय्यर 3, मनदीप सिंह 0, नितीश राणा एक और आंद्रे रसेल 0 रन बनाकर आउट हुए। उमेश यादव (6) और सुनील नरेन (0) नाबाद रहे। बेंगलुरु से कर्ण शर्मा और डेविड विली ने 2-2 विकेट लिए। वहीं मोहम्मद सिराज और हर्षल पटेल को 1-1 सफलता मिली। शार्दुल ठाकुर ने 20 बॉल में अपनी फिफ्टी पूरी की। आंद्रे रसेल के शून्य पर आउट होने के बाद शार्दुल बैटिंग करने आए। उन्होंने माइकल ब्रेसवेल के ओवर में 2 लगातार छक्के लगाए और 17वें ओवर में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। यह क्wछ के इस सीजन की जॉइंट फास्टेस्ट फिफ्टी है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर की बराबरी की। बटलर ने हैदराबाद के खिलाफ 20 बॉल में फिफ्टी पूरी की थी। बेंगलुरु के कर्ण शर्मा ने 12वें ओवर में रहमानुल्लाह गुरबाज को कैच आउट कराया।

## एएफसी चैंपियंस लीग मैच | मनीषा कल्याण ने साइप्रस में रचा इतिहास

# लीग खिताब जीतने वाली बनीं पहली भारतीय





**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की स्टार महिला फुटबॉलर मनीषा कल्याण यूरोप में लीग का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। मनीषा इससे पहले 2021 में एएफसी चैंपियंस लीग मैच में और ब्राजील की एक वरिष्ठ राष्ट्रीय टीम के खिलाफ गोल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी भी बनीं थीं।

ईएसपीएन से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश महसूस कर रही हूं कि मैं यूरोप में लीग चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय हूं। मुझे नहीं लगता कि मेरा काम हो गया, मैं यहां पहुंच गई हूं, अब यह खत्म हो गया है। इससे जो सकारात्मकता उत्पन्न हुई है, वह मुझे केवल कड़ी मेहनत करने और अधिक हासिल करने की प्रेरणा दे रही है। मनीषा अगस्त 2022 में साइप्रस चली गईं, और उन्हें यूईएफए चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफायर में खेलने का मौका मिला । यह वहां से उनके सीखने की अवस्था थी। यूसीएल क्वालिफायर के दौरान और घरेलू सीजन की शुरूआत के दौरान उन शुरूआती महीनों में उन्हें संघर्ष करना पड़ा... और इसका एक बड़ा हिस्सा उस तरह की प्रणाली से उपजा था जिससे वह आई थीं।

उन्होंने कहा, मुख्य अंतर लीग है। भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) एक बहुत ही छोटी लीग है। लेकिन यहां साइप्रस में एक उचित लीग है। हम हर हफ्ते कम से कम एक या दो बार खेलते हैं, और इसलिए हर हफ्ते एक नई चुनौती है। मुख्यः यह केवल फुटबॉल है जो हमेशा आपके दिमाग में रहता है।

उन्होंने कहा, भारत में, हमारी राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी (राष्ट्रीय) शिविरों में खेलते हैं, लेकिन आईडब्ल्यूएल में अन्य खिलाड़ियों के लिए, कुछ बड़े टूनामेंट आईडब्ल्यूएल और राष्ट्रीय चैंपियनशिप हैं। अधिकतम दो महीने का सीजन काफी छोटा है।

बता दें कि मनीषा अभी साइप्रस में है, एक मामूली चोट के लिए पुनर्वसन से गुजर रही है, और इस सीजन के आईडब्ल्यूएल में भाग नहीं लेगी। वह अपोलोन के साथ मई तक के लिए अनुबंधित है और वहां या किसी अन्य यूरोपीय क्लब के विस्तार की तलाश कर रही हैं।

